धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

21.10.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

कार्तिक, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 100




12 हिजबुल्लाह को चुकानी होगी कीमत : नेतन्याहू

## न्यूज डायरी

### बासुकीनाथ धाम के पास लगी भीषण आग लगी

**दुमका।** दुमका जिले में बासुकीनाथ धाम के पास अचानक से भीषण आग लगने से हड़कंप मच गयी। इस अग्निकांड में दर्जनों दुकानें जलकर राख हो गईं, जिससे दुकानदारों को करोड़ों का नुकसान हुआ है। आग लगने का पता नहीं चल पाया। वहीं दमकल टीम ने बड़ी मशकत के बाद आग पर काबू पाया।

### रामगढ़ में टोल प्लाजा के पास धूं-धूं कर जली बस

**रामगढ़।** रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर रविवार शाम एक यात्री बस शिवम में अचानक आग लग गयी। टोल प्लाजा के पास हुए इस हादसे के बाद वहां अफरा तफरी मच गई। धीरे-धीरे कर पूरी बस धूं-धूं कर जल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची। बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया लेकिन पूरी बस जलकर राख हो गई।

### बन्ना, सरयू और डॉ अजय समेत 50 ने खरीदा परचा

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू हो गये हैं। बन्ना गुप्ता, डॉ अजय कुमार और सरयू राय समेत 50 लोगों ने अब तक नामांकन फॉर्म खरीदे हैं। बहरागोड़ा-घाटशिला से एक-एक, पोटका से 7, जुगसलाई से दो, जमशेदपुर पूर्वी से सात और जमशेदपुर पश्चिमी से छह अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

### रोहित हत्याकांड का हुआ खुलासा, पांच गिरफ्तार

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में रोहित हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। जमशेदपुर के एसएसपी ने बताया कि अवैध संबंध के कारण रोहित की हत्या की गयी थी। पुलिस ने पांच अपराधियों को आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

### कश्मीर में आतंकी हमला दो मजदूरों की हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकवादी हमले में दो मजदूरों की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि जिले के गुंड इलाके में सुरंग निर्माण का काम कर रही एक निजी कंपनी के दूसरे राज्यों से आए मजदूरों के कैंप पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस हमले में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

### न्यूजीलैंड ने भारत को हराया, 1-0 से ली बढ़त

**बेंगलूरु।** न्यूजीलैंड ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए अपने पहले टेस्ट मैच में भारत को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने कल 462 रन पर आउट होने के बाद, न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा। जिसे न्यूजीलैंड की टीम ने 28 ओवर में पूरा कर लिया।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग फार्मूले से राजद नाराज

# तीन-चार नहीं, 22 सीट जीतने की ताकत रखता है राजद : मनोज झा

**कम सीटों पर जिच**

- अगर हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना है तो झामुमो और कांग्रेस को बड़ा दिखाना होगा बड़ा दिल
- विधानसभा चुनाव में राजद 60-62 सीट पर महागठबंधन को मदद करेगा, बाकी की 19-21 सीट पर राजद अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा

**धैर्य :** राजद को चाहिए 19-21 सीटें लेकिन 12-13 सीट पर भी मानने को तैयार

**झामुमो और कांग्रेस को चेतावनी :** सम्मानजनक सीटों की संख्या नहीं मिली तो राजद आज कर सकता है बड़ी घोषणा, बात नहीं बनने पर अपने प्रत्याशियों की जारी करेगा सूची



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के एक साथ मिलकर सर्वाधिक 70 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा से राजद ने अपने तेवर कड़े कर लिये हैं। राष्ट्रीय जनता दल ने चुनाव में सीटों को लेकर सम्मानजनक समझौता नहीं होने की स्थिति में अलग चुनाव लड़ने की चेतावनी दे दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद मनोज झा ने रविवार को स्पष्ट कहा कि सोमवार सुबह 11 बजे तक इंडी गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे में राजद को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलती हैं, तो पार्टी बड़ा निर्णय लेगी। उन्होंने कांग्रेस और झामुमो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बात नहीं बनी तो सोमवार को राजद अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगा।

सांसद मनोज झा ने कहा कि इंडी गठबंधन के गठन में राजद की अहम भूमिका रही है। राष्ट्रीय जनता दल किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता है। अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना है तो झामुमो और कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि पिछली बार हम लोगों ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत हासिल की। वहीं चार सीटों पर पार्टी रनर अप रही थी। उन्होंने कहा कि दो से तीन ऐसी सीटें हैं, जिसमें पार्टी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में राजद 60-62 सीट पर महागठबंधन को मदद करेगा। बाकी की 19-21 सीट पर राजद अपना उम्मीदवार खड़ा करेगा। सम्मानजनक समझौता में राजद को 12-13 सीट भी मिलती है तो पार्टी को इसे स्वीकार करेगी लेकिन तीन-चार सीट पर लड़ने कहेंगे तो यह मंजूर नहीं। अगर हमारी बातें नहीं मानी गयीं तो हम 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार देंगे और प्रत्याशियों की घोषणा भी कर देंगे।

मनोज झा ने कहा कि 2019 में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने हृदय पर पत्थर रखकर भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए सात सीटों पर चुनाव लड़ा। इसके बावजूद राजद झारखंड में 22 सीटों पर अकेले चुनाव जीतने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि राजद बीजेपी से लड़ने वाली पार्टी है, हमारे नेता को जेल जाना मंजूर पर भाजपा से दोस्ती मंजूर नहीं है।

**गठबंधन की नाव को डूबने नहीं देंगे : राजद**

हम गठबंधन की नाव को डूबने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बनना है, उन्हें जनाधारवाले नेता और राजद को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

झारखंड में गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन हैं, राजद की नाराजगी दूर करने के लिए वे अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द बात बन जायेगी।

**लाल किशोरनाथ शाहदेव, मुख्य प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस**

सीटों का बंटवारा विचार-विमर्श के बाद हुआ है। जब गठबंधन होता है तो सभी लोगों को कुछ न कुछ त्याग करना पड़ता है। अगर सभी लोग इस भावना को समझेंगे तो कहीं कोई दिक्कत नहीं है।

**राजेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस**

## राजधानी रांची समेत राज्यभर में मना करवाचौथ का त्योहार




## आजसू ने जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची

# सिल्ली से सुदेश तो जुगसलाई से रामचंद्र सहिस होंगे प्रत्याशी







खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए की सहयोगी आजसू पार्टी ने रविवार को अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। इसी के साथ आजसू ने चुनाव मैदान में उतरने के लिए कमर कस ली है। इससे पहले एनडीए के दल भाजपा ने अपने 66 प्रत्याशियों की पहली सूची शनिवार को ही जारी कर दी थी। रविवार को आजसू पार्टी प्रत्याशियों की जारी पहली सूची में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो, लंबोदर महतो, सुनीता चाधरी, नीरूशांति भगत, रामचंद्र सहिस, निर्मल महतो और अजहर इस्लाम के नाम शामिल हैं। सूची में डुमरी और मनोहरपुर के उम्मीदवार के नामों की घोषणा अभी नहीं की गयी है।

उधर एनडीए को छोड़ कर इंडी गठबंधन में सीटों को लेकर अभी भी खींचतान चल ही रही है।

**कौन कहां से लड़ेंगे**

| | |
|---|---|
| सुदेश महतो | सिल्ली |
| लंबोदर महतो | गोमिया |
| सुनीता चौधरी | रामगढ़ |
| नीरूशांति भगत | लोहरदगा |
| रामचंद्र सहिस | जुगसलाई |
| निर्मल महतो | मांडू |
| हरेलाल महतो | ईचागढ़ |
| अजहर इस्लाम | पाकुड़ |

### झापा ने पांच उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**रांची।** झारखंड पार्टी ने रविवार को और पांच और सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। झारखंड पार्टी के महासचिव अशोक भगत के मुताबिक, तमाड़ से राजकुमार मुंडा को टिकट दिया गया है। इसके अलावा पूर्व मंत्री एनोस एक्का की अध्यक्षता वाली इस पार्टी ने बड़कागांव से मुख्तार अंसारी, जगन्नाथपुर से लक्ष्मी नारायण गागराई, खरसावां से सिद्धार्थ होनहोगा तथा सिमरिया से लाल किशोर दास को कैंडिडेट बनाया है। इससे चार दिन पहले भी झापा ने पांच सीटों के लिए कैंडिडेट तय किया था। इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का (एनोस की पुत्री), कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का को कैंडिडेट बनाया था। झापा कुल 20 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगा।

## चुनाव प्रभारी ने प्रत्याशियों से वीसी के जरिए की बात, जीत की रणनीति पर चर्चा की

# झारखंड बनाया तो इसे बचाने की जिम्मेवारी भी अब हमारी : शिवराज

- झारखंड में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए एनडीए की जीत जरूरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभआ चुनाव का बिगुल बजने के बाद भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी प्रत्याशियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रविवार को बातचीत की। शिवराज सिंह ने सभी प्रत्याशियों से विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। शिवराज ने कहा कि भाजपा ने अटल बिहारी के नेतृत्व में राज्य बनाया तो इसे बचाने और संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा नारा नहीं बल्कि संकल्प है। उन्होंने स्थानीय मुद्दों, रोजगार, महिला अपराध जैसे गंभीर विषयों पर फोकस कर विरोधियों को घेरने और प्रदेश में गठबंधन की सरकार के घोटालों, भ्रष्टाचार और नाकामियों को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की।

प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में जनता झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने के इंतजार में बैठी है। प्रत्याशी स्थानीय मुद्दों के साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी की उम्मीदों को सभी प्रत्याशी जनता की उम्मीद बनाएं। आज राज्य की जनता भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम सब जनता के दरवाजे तक जाएं। जनता का आशीर्वाद प्राप्त करें। जनता मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करती है। मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने जो ट्रेलर इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों को दिखाया है उसकी पूरी फिल्म झारखंड विधानसभा चुनाव में सामने आयेगी।

## पंचायती राज मंत्रालय 22 अक्टूबर को करेगा राष्ट्रीय पंचायत सम्मेलन

### ग्रामीण भारत के सशक्तीकरण होगी चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान के साथ मिलकर 22 अक्टूबर को हैदराबाद में एक राष्ट्रीय पंचायत सम्मेलन आयोजित करेगा। 'जीवन को सरल बनाना : जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ाना' विषय पर आधारित इस सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण सेवा वितरण की पहुंच बढ़ाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे सेवा वितरण में आने वाली चुनौतियों, अनुभवों और नए अवसरों पर चर्चा कर सकें।

पंचायत सम्मेलन के दौरान, जमीनी स्तर पर सेवाओं की गुणवत्ता और उनकी पहुंच को बढ़ाने के लिए डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर गहन चर्चा की जायेगी। हैदराबाद में आयोजित होने वाली यह पहली क्षेत्रीय कार्यशाला, सेवा वितरण की गुणवत्ता के मानक तय करने और राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने की एक बड़ी पहल का हिस्सा है। झारखंड, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओड़िशा और तेलंगाना के प्रतिनिधि ग्रामीण शासन को सुधारने की राज्य-विशिष्ट रणनीतियों पर चर्चा करेंगे और सफल उदाहरणों को साझा करेंगे, जिन्हें अन्य राज्य भी अपना सकते हैं।

## विपक्षी दलों पर परिवारवाद और घोटालों को लेकर साधा निशाना

# हम जो भी कहते हैं उसे डंके की चोट पर करते हैं पूरा: नरेंद्र मोदी

- काशी को करीब 3300 करोड़ रुपये की सौगात दी, इसी के साथ देश के अन्य हिस्सों को भी 3400 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने काशी को करीब 3300 करोड़ रुपये की सौगात दी। इसी के साथ देश के अन्य हिस्सों को भी 3400 करोड़ का दिवाली गिफ्ट दिया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर परिवारवाद और घोटाले को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले तक सरकार के लाखों करोड़ों रुपए के घोटालों की चर्चा अखबारों में छायी रहती थी लेकिन आज सिर्फ सवा सौ दिन में ही 15 लाख करोड़ रुपये का काम शुरू होने की चर्चा हर घर में हो रही है। इससे पूर्व पीएम ने हरिहरपुर स्थित आर जे शंकरा नेत्र हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

**विपक्षी दलों पर हमला :** पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी पार्टियां देश के विकास में भी परिवारवाद कर रही थीं। अयोध्या के राम मंदिर को लेकर उन्होंने कहा, हम जो कहते हैं डंके की चोट पर करके दिखाते हैं। अयोध्या में राम मंदिर का सपना भाजपा ने ही पूरा किया। महिलाओं को विधान और लोकसभा में आरक्षण की बात कही थी, जिसे हमने ही पूरा किया। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक की परेशानियों से मुक्त कराकर सम्मान दिलाया। पीएम ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आयें और देश की तरक्की का हिस्सा बनें। आप खुले मन से नयी राजनीति की धूरी बनें।

**जनता का पैसा जनता पर खर्च हो :** पीएम ने कहा कि जनता का पैसा जनता पर खर्च हो, देश के विकास पर खर्च हो और पूरी ईमानदारी से खर्च हो, यह उनकी सरकार की बड़ी प्राथमिकता है। बीते 10 सालों में हमने देश में बुनियादी ढांचे के निर्माण का एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया है और इस अभियान के दो सबसे बड़े लक्ष्य हैं। पहला लक्ष्य, निवेश से नागरिकों की सुविधा बढ़ाने का और दूसरा लक्ष्य निवेश से नौजवानों को नौकरी देने का। आज देश में नये-नये राजमार्ग बन रहे हैं। नये-नये मार्गों पर रेल की पटरियां बिछाई जा रही हैं, नये-नये हवाई अड्डे बन रहे हैं।

**दस सालों में देश का स्वास्थ्य सुधरा :** पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बीमारी से बचाना केंद्र सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है क्योंकि, बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है।

## राष्ट्रपति कल राष्ट्रीय जल पुरस्कार देंगी



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को नयी दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2023 प्रदान करेंगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने नौ श्रेणियों में 38 विजेताओं की घोषणा की है। इनमें सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ जल प्रयोक्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ सिविल सोसाइटी की श्रेणियां शामिल हैं।

सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में ओड़िशा ने प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे और गुजरात तथा पुडुचेरी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ-साथ नकद पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए देशभर से ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को चुना जाता है जो सरकार के जल समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य और प्रयास कर रहे हैं।

### दिल्ली में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर विस्फोट

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रोहिणी के प्रस्थान विहार में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर रविवार की सुबह अचानक तेज विस्फोट हुआ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और एनडीआरएफ की टीम जांच एवं राहत बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गयीं। हालांकि इस घटना से किसी के हताहत की खबर नहीं है। एनएसजी के कमांडो भी दिल्ली पुलिस की जांच में मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने विस्फोटक के नमूने एकत्र किए। इस घटना में आस-पास की दुकानों की खिड़कियां टूटी हुई पायी गयीं और एक कार को नुकसान पहुंचा है।

## बंगाल की खाड़ी में फिर बन रहा निम्न दबाव

# झारखंड में 24-25 को फिर बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है। झारखंड में दो से तीन दिन तक इसका आंशिक असर रहेगा। राज्य के बारह जिलों में हल्की बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 22 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहेगा जबकि 23 अक्टूबर से मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। बादल छायेंगे और 24 और 25 अक्टूबर को बारिश देखने को मिल सकती है। इसका सर्वाधिक असर कोल्हान के इलाकों जैसे पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा में पड़ेगा। इसके अलावा धनबाद, देवघर, दुमका, गिडिह, गोडडा, जामताड़ा, पाकुड और साहेबगंज में भी बारिश का असर देखने को मिल सकता है।

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में वोटरों को जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहन रवाना

- **राज्य निर्वाचन कार्यालय से सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रथ को रवाना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे स्वयं भी मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान श्री कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस हेतु कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

प्रचार वाहनों को रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन, 2024 के बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे।

# राहुल गांधी का संविधान बचाओ सम्मेलन है परिवार बचाने के लिये : अजय साह

- **भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मनुस्मृति के खिलाफ लड़कर क्या शरिया कानून लाना चाहते हैं राहुल गांधी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा ने राहुल गांधी के रांची में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन में भाग लेने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस पर टिप्पणी करते हुये कहा कि राहुल गांधी को इस सम्मेलन में भाग लेने से पहले 42वें संविधान संशोधन का गहन अध्ययन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का संविधान बचाओ सम्मेलन परिवार बचाने के लिये है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और संविधान बचाओ सम्मेलन राजनीतिक एजेंडा है। उनके अनुसार यह संशोधन भारतीय संविधान पर कांग्रेस द्वारा किया गया सबसे बड़ा और विवादास्पद हमला था। जिसे संवैधानिक विशेषज्ञ मिनी संविधान की संज्ञा देते हैं। 42वां संविधान संशोधन में इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल के दौरान 1976 में लागू किया था। भारतीय संविधान के मूल ढांचे पर एक कड़ा प्रहार था। इस संशोधन के तहत न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सीमित किया गया और केंद्र सरकार की शक्तियों को बढ़ाया गया। भाजपा का तर्क है कि इस संशोधन ने संविधान की आत्मा को नुकसान पहुंचाया था और इसे बचाने की आड़ में कांग्रेस ने उस समय अपनी सत्ता को स्थायी बनाने के प्रयास किये थे। भाजपा का यह भी कहना है कि इस ऐतिहासिक सच्चाई से जनता को अवगत कराना राहुल गांधी की जिम्मेदारी है। खासकर जब वे संविधान बचाने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने आदिवासी दलितों को छोड़ कर स्कूल की किताबों में बस गांधी परिवार का महिमामंडन किया। जिनकी सरकार ने कभी यह कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक मुस्लिमों का है। वो आज आदिवासी दलितों के हिमायती होने का ढोंग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के अनुसार उनकी लड़ाई मनुस्मृति के खिलाफ है। तो क्या कांग्रेस अब भारत में शरिया कानून लाना चाहती है।

# पूर्व विधायक जनार्दन पासवान लोजपा (आर) में शामिल



- **प्रधान महासचिव ने दिलाई पार्टी की सदस्यता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान रविवार को दिल्ली में लोजपा (रामविलास) में शामिल हो गये। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल खालिक ने झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात अब्दुल खालिक एवं बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की। चतरा विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी के सिंबल के लिए निवेदन किया। उल्लेखनीय है कि जनार्दन पासवान पहली बार जनता दल के टिकट पर 1995 में चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 में राजद से दोबारा चतरा के विधायक चुने गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी वे राजद के टिकट से चुनाव लड़े थे। चतरा विधानसभा सीट एससी सुरक्षित सीट है। इस सीट पर पासवान वोटर्स की संख्या अच्छी है। साथ ही बिहार से सटे होने के कारण बिहार की राजनीति का भी प्रभाव रहा है।

# जेएमएम का चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप, बीजेपी की मदद के लिए ग्रामीण इलाकों में घटाया गया मतदान का समय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झामुमो ने चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि बीजेपी की मदद करने के लिए कई विधानसभा सीटों पर मतदान का समय कम किया गया है। मीडिया से बात करते हुए झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बीजेपी की मदद करने के लिए ग्रामीण इलाकों में मतदान का समय कम किया गया। इस दौरान उन्होंने जहां बीजेपी उम्मीदवारों के चयन में भाई-भतीजावाद के हावी होने पर निशाना साधा, वहीं इंडिया गठबंधन में आरजेडी की भूमिका और उसके राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा के बयान पर कोई भी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने एक कैप्शन जारी किया है जिसमें लिखा है कि एक भी मतदाता न छूटे लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि चुनाव आयोग की नई टैगलाइन हो गई है कि ग्रामीण वोटर छूट जाएं, शहरी वोटर शहरी पार्टी को वोट दें...।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त रांची पहुंचे तो पहले तो उन्होंने कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया, लेकिन जब पत्रकारों से मिले तो उन्होंने साफ कहा कि चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श किया है और सभी को समान अवसर मिलेगा। चुनाव भयमुक्त हो और सही और शांतिपूर्ण तरीके से हो और सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, जो मतदाता बुजुर्ग या विकलांग हैं उन्हें घर से भी मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। लेकिन जब आधिकारिक सूचना आई तो उसमें बंटवारा कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि उन विधानसभा क्षेत्रों को एक-एक करके चिन्हित कर मतदान का समय कम कर दिया गया, जहां हम भारतीय जनता पार्टी से मजबूत हैं। चुनाव आयोग ने कहा था कि झारखंड के 88% मतदाता ग्रामीण हैं और 12% शहरी मतदाता हैं, यह चुनाव आयोग का तथ्य है और चुनाव आयोग का काम है कि 12% मतदाताओं को मतदान के लिए एक घंटा अधिक समय दिया जाए और 88% मतदाता जो ग्रामीण क्षेत्र से हैं, उन्हें एक घंटा कम समय दिया जाए और कोई वोटर छूटे न, यह उनकी टैगलाइन है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसका विरोध किया था, एक बार फिर चुनाव आयोग उसी टैगलाइन पर चल रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को कम समय दिया गया और शहरी क्षेत्र के लोगों को अधिक समय दिया गया, यह बंटी बबली का जादू है। यह स्पष्ट हो रहा है कि चुनाव कैसे कराए जाएंगे।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी पर अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि दूसरों पर भाई-भतीजावाद का आरोप लगाने वाली पार्टी भाजपा आज टिकट वितरण में क्या कर रही है। ये बात सार्वजनिक हो गई है, एक ही परिवार के लोगों को टिकट दिए गए हैं, किसी की बहू, किसी की बेटी, किसी के भाई और किसी के ससुर को चुनाव लड़ाया जा रहा है, ये भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है।

# एकबार फिर सिल्ली में झामुमो का झंडा ढोने को तैयार पूर्व विधायक अमित महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने एक बार फिर से झामुमो का झंडा थाम लिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने पार्टी में उनका स्वागत किया है। खुद हेमंत सोरेन ने उन्हें झामुमो में शामिल करने के बाद अपने सोशल अकाउंट्स से अमित महतो के साथ फोटो को साझा किया। उन्होंने पोस्ट कर लिखा है कि सिल्ली के पूर्व विधायक और जुझारू युवा नेता अमित महतो का झामुमो परिवार में पुनः स्वागत है। लड़ जाओ, भिड़ जाओ! गौरतलब है कि सिल्ली विधानसभा सीट पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अमित महतो ने वर्ष 2015 में हराया था। यहां जेएमएम के टिकट से अमित महतो पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद से अमित महतो झारखंड की राजनीति में तेज तर्रार युवा नेता के तौर पर उभरे थे। हालांकि इसके बाद वे विवादों में भी आए थे। सोनहातु के तत्कालीन सीओ के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करने के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने अमित महतो को दो साल तक की सजा सुनाई थी। इसकी वजह से अमित महतो की विधायकी चली गयी थी। रांची सिविल कोर्ट की ओर से सजा सुनाये जाने के बाद पूर्व विधायक अमित महतो ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने अमित महतो को राहत प्रदान की थी। इसके तहत अमित महतो की सजा को कम करते हुए एक साल कर दिया गया था। वहीं, अमित महतो की जेएमएम से दूरियां आदिवासी खतियानी समेत अन्य मसलों को लेकर भी थीं। अब सिल्ली में जबरदस्त सियासी रोमांच दिखेगा जब सुदेश महतो, अमित महतो और जयराम महतो की पार्टी के सिपहसलार देवेन्द्र नाथ महतो के बीच जनता का भरोसा जीतने को जोर आजमाइश दिखेगी।

# समान्य सीटों पर भी आदिवासी को टिकट दिया तो मूलवासी सदान कहां जाएंगे : राजेन्द्र प्रसाद

- **भाजपा ने झारखंड में लोजपा, जेडीयू से सीटों का समझौता कर अपने लिए गड्ढा खोदा है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वे चाहते थे कि झारखण्ड अलग राज्य के आन्दोलन में शामिल नेताओं को राजनीतिक दल कुछ टिकट दें। लेकिन दुर्भाग्यवश भाजपा के प्रदेश के नेताओं ने इन मांगों को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जैसी पार्टी सिर्फ एक वर्ग की बात करेगी और अपने मूल वोटर को दरकिनार करती है तो आने वाले समय में भाजपा को भारी नुकसान हो सकता है।

उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से कहा था, जेडीयू और लोजपा का झारखण्ड में कोई जनाधार नहीं है और उनकी पार्टी ने झारखण्ड अलग राज्य का विरोध किया था। ऐसे में भाजपा इन दोनों दलों से समझौता करती है तो फिर यहां के मूलवासी सदान आदिवासी इन दलों को वोट नहीं करना चाहेंगे।

## समान्य सीटों पर आदिवासी को बनाया उम्मीदवार

केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मूलवासी सदान पहले से ही 112 प्रखंडों में मुखिया, प्रमुख और जिला परिषद अध्यक्ष नहीं बन सकता है। 5 (पांच) लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों पर मूलवासी सदान चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। ऐसे में सामान्य सीट में भी आदिवासी को ही टिकट मिलेगा तो मूलवासीय सदान कहां जाएंगे? राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राजधनवार से पहले से ही बाबूलाल मरांडी चुनाव लड़ रहे हैं और अब भाजपा ने सीता सोरेन को सामान्य सीट जामताड़ा से उम्मीदवार बना दिया है। वहीं क्षेत्रीय पार्टी जेएमएम ने भी गांडेय से कल्पना सोरेन को उम्मीदवार बनाकर विधायक बनाया है। ऐसे में मूलवासी सदान कहां जायें? मूलवासी सदान सिर्फ वोट देने के लिए नहीं हैं। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा विधानसभा चुनाव को लेकर एक बड़ी बैठक रांची में करेगा और सबसे सहमति के बाद विधानसभा चुनाव को लेकर कोई बड़ा निर्णय लेगा।

# भाजपा परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की जमात : राकेश सिन्हा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कहने वाली भाजपा भाई, बेटा, पत्नी और पुत्रवधु से ऊपर झारखंड में उठ न सकी। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से लंबे समय तक राज करने वाली भाजपा की हालत इतनी खराब हो गई कि राज्य के कई विधानसभा में चुनाव लड़ने हेतु सक्षम कार्यकर्ता नहीं मिले। दूसरे दल के आयातित लोगों को चुनावी मैदान में लाकर भाजपा ने साबित किया कि उनके दल में लोगों का टोटा है।

राकेश सिन्हा ने कहा कि परिवारवाद की बात करने वाली भाजपा को जमशेदपुर पूर्वी सीट में वर्षों से संघर्ष कर रहे समर्पित नेता की जगह रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू को उम्मीदवार बनाना, पोटका विधानसभा से तीन बार विधायक रही मेनका सरदार को दरकिनार कर मीरा मुंडा को प्रत्याशी बनाना, घाटशिला में बाबूलाल सोरेन को सिंदरी में बरसों से बीमार चल रहे इंद्रजीत महता की पत्नी को उम्मीदवार बनाना भाजपा की सच्चाई बयां करता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की भी बलि ले सकती है। राज्य को आगे ले जाना भाजपा का एजेंड ही नहीं है। बीजेपी अपने नेता के भाई, पत्नी, बेटा और पुत्रवधु का भविष्य बनाने में जुटी है।

# सम्मानजनक समझौता नहीं होने पर भाकपा 15 विस क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव झारखंड सह प्रभारी कॉम रामकृष्ण पांडा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत दिवंगत साथियों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया झारखंड में वाम एवं धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा। राज्य के सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की जवाबदेही है कि सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को एक सूत्र में बंधकर चुनाव लड़ना चाहिए। सांप्रदायिक शक्तियों के साथ कॉरपोरेट लूट को रोकने के लिए हम सबको मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए।

कामरेड डी राजा ने बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड के खनिज संपदाओं पर कॉर्पोरेट और भाजपा घराने की नजर है, जो झारखंड की मिनरल्स को लूटना चाहती है। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सम्मानजनक समझौता गठबंधन दलों से नहीं होती है। पार्टी ने प्रथम चरण में 15 विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया। अगर सम्मानजनक समझौता नहीं हुआ तो पार्टी राज्य में 15 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी। बैठक में झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, केडी सिह, अजय कुमार सिंह, सुजीत घोष, इम्तियाज खान सहित कई लोग मौजूद थे।

# घर कर गया है भाजपा में भी परिवारवाद, हाशिये पर निष्ठावान कार्यकर्ता

**अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास, पूर्व विधायक शुकर रविदास की बेटी मंजू देवी, पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा, शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन आदि अपने-अपने परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ायेंगी**

**उदय चौहान**









**रांची।** भाजपा में टिकट बंटवारे के साथ ही हलचल तेज हो गयी है। टिकट बंटवारे से यह साफ हो गया है कि पार्टी में परिवारवाद अब अछूत नहीं है। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को पोटका और उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास को जमशेदपुर पूर्वी से उम्मीदवार बनाया गया है। इससे पार्टी विथ डिफरेंट का दावा करने वाली भाजपा को भी परिवारवाद की मकड़ी ने अपने जाल में फंसा लिया है। भाजपा में रह कर मीरा मुंडा अपने पति एवं पूर्णिमा दास अपने ससुर की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ायेंगी। इससे पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में मायूसी है। टिकट बंटवारे में धांधली को लेकर पोटका से तीन बार की विधायक मेनका सरदार, जमुआ से विधायक रहे केदार हाजरा समेत दर्जन भर बड़े नेताओं ने बगावती तेवर अख्तियार कर लिया है। सूचना मिली रही है कि हुसैनाबाद में भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह के खिलाफ विनोद सिंह ने चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। अब भाजपा के लिये डैमेज कंट्रोल करना चुनौती बन गया है।

उल्लेखनीय है कि झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी, पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा, शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन, पूर्व विधायक शुकर रविदास की बेटी मंजू देवी भी भाजपा के टिकट पर भाग्य आजमा रहीं है। दरअसल, पूर्णिमा दास को जमशेदपुर पूर्वी से टिकट मिला है। पूर्णिमा पूर्व सीएम सह ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू हैं। रघुवर दास इस सीट से पांच दफा चुनाव जीत चुके हैं। सिर्फ 2019 के चुनाव में उन्हें सरयू राय के खिलाफ शिकस्त मिली थी। पूर्णिमा के कंधों पर फिर से इस सीट पर भगवा परचम लहराने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। भाजपा ने पोटका विधानसभा सीट से तीन बार जीत हासिल करने वाली विधायक मेनका सरदार का टिकट काट कर मीरा मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। मीरा मुंडा पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी हैं। लगभग तीन दशक से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। उनपर भी अपने पति की राजनीतिक विरासत को संभालने की जिम्मेवारी है। इसी प्रकार पार्टी ने जमुआ से मंजू देवी पर दांव लगाया है। मंजू पूर्व विधायक शुकर रविदास की बेटी हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ा था। हाल के दिनों उन्होंने अपने पिता के साथ भाजपा का दामन थामा था।

## शिबू सोरेन परिवार से जुड़ी हैं सीता सोरेन



जामताड़ा से भाजपा ने सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले सीता सोरेन दुमका से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। इससे पहले वे झामुमो के टिकट पर जामा से विधायक भी रह चुकी हैं। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू भी हैं। इस हिसाब से राजनीतिक विरासत को भी संभालने की जिम्मेवारी सीता सोरेन पर है। वहीं तारा देवी के ऊपर पति की विरासत को बचाए रखने की जिम्मेवारी है। तारा देवी को भाजपा ने सिंदरी से टिकट दिया है। तारा देवी इंद्रजीत महतो की पत्नी हैं। विधायक इंद्रजीत महतो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। भाजपा ने झरिया से रागिनी सिंह को टिकट दिया है। रागिनी पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी हैं। संजीव सिंह झरिया से विधायक रह चुके हैं। फिलहाल वे जेल में हैं। इस कारण पति के जेल जाने के बाद से रागिनी सिंह भाजपा का झंडा बुलंद करती रही हैं। इसके अलावा भी भाजपा ने कई राजनीतिक परिवार के लोगों को टिकट दिया है। इनमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के रिश्तेदार रौशन लाल चौधरी को बड़कागांव से भाजपा ने टिकट दिया है।

**झामुमो के बयान पर भाजपा का पलटवार**

# चुनाव आयोग पर हार का ठीकरा फोड़ने की तैयारी में है झामुमो : प्रतुल शाह देव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झामुमो बौखला गया है। उन्होंने कहा कि आज वह चुनाव आयोग की कार्रवाई पर प्रश्न चिन्ह उठा रहा है और मतगणना के दिन अपनी हार का कारण ईवीएम मशीनों को बतायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के 5 वर्षों के कुशासन का अंत होने वाला है। झामुमो अब अपने हार के बहाने ढूंढने लगा है। उन्होंने कहा कि जब इन्होंने 2019 में झारखंड का चुनाव जीता और जब उपचुनाव जीता, तब चुनाव आयोग ठीक था। लेकिन, अब हार को देखकर यह आपा खो बैठे हैं। उन्होंने कहा कि इनका महा गठबंधन लूट और झूठ की नीति सिद्धांत के आधार पर बना है। इसीलिये, अभी तक इनके महागठबंधन के सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। अब तो राजद ने इनको औकात दिखाना शुरू कर दिया है। राजद ने कहा कि झामुमो के विधायक कोलकाता बिकने जाते हैं। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों तक इन्होंने शासन किया परंतु कोई कॉमन मिनिमम प्रोग्राम नहीं बना पाये। इनका जो कॉमन मिनिमम प्रोग्राम था वह कोयला, बालू, लोहा और पत्थर की लूट और ट्रांसफर पोस्टिंग उद्योग था। उन्होंने कहा कि जिनकी जितनी लूट में हिस्सेदारी, उसकी उतनी सीटों पर भागीदारी के फॉमूर्ला के आधार पर अब तक महागठबंधन को सीटों का बंटवारा कर लेना चाहिये था।

उन्होंने कहा कि झामुमो के इन बहानों को जनता अच्छे से समझती है और जल्द ही झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार का पटाक्षेप होने वाला है।

सुप्रभात
सोमवार 21.10.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 182
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

# धनबाद में भाजपा ने किया 6 में 3 सीट आधी आबादी के हवाले

## वामदलों की एका से चौंकाएगा निरसा

## झरिया में भिड़ेंगी सिंह मेंशन की दो बहुएं





ज्ञानवर्धन मिश्र

**धनबाद।** विधान सभा चुनाव में धनबाद जिले में आधी आबादी की जय-जय है। भाजपा ने जिले की छह में आधी सीट आधी आबादी के हवाले की है। अर्थात तीन चुनाव क्षेत्रों में महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इनमें एक सीटिंग हैं लेकिन दो राजनीति का अनुभव रखने वाली। जिले की जिन तीन महिलाओं को चुनाव मैदान में उतारा गया है उनमें निरसा से अपर्णा सेन गुप्ता, सिंदरी से तारा देवी और झरिया से रागिनी सिंह। अपर्णा सेन निरसा से सीटिंग विधायक हैं तो सिंदरी से तारा देवी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी हैं। इंद्रजीत महतो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। सिंह मेंशन की बहु रागिनी सिंह पिछले चुनाव में अपनी ही चचेरी गोतनी कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह से पराजित हो गई थीं। इस बार फिर दो फाड़ में बंटे सिंह मेंशन की चुनाव जीतने की कवायद देखी जा सकेगी।

यूं तो भाजपा ने अब तक घोषित 66 उम्मीदवारों में 12 सीट आधी आबादी के हवाले की है।जिनमें पूर्व सीएम रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्व, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को पोटका, चाईबासा से गीता बालमुचू, जमुआ से मंजू देवी और गांडेय से मुनिया देवी को उम्मीदवार बनाया है। सिंदरी, झरिया, जमुआ और गांडेय में मतदान चुनाव के दूसरे चरण अर्थात 20 नवंबर को है तो जमशेदपुर पूर्वी और पोटका में प्रथम चरण अर्थात 13नवंबर को है।

बीते सन 2019 के विधान सभा चुनाव में सिंदरी में भाजपा ने मासस उम्मीदवार को 8253 मतों से पराजित किया था। इसी प्रकार निरसा में मासस को भाजपा प्रत्याशी से 25458 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। झरिया में भाजपा को कांग्रेस से 12054 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार निरसा और झरिया में कांटे के टक्कर के आसार हैं।

तमाम वामदलों के एकजुट होने और भाजपा में व्याप्त अंदरुनी गुटबाजी का लाभ वाम प्रत्याशी को मिल सकता है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक सिंदरी विधान सभा क्षेत्र में कुल 3,62,934 वोटर हैं जिनमें आधी आबादी अर्थात महिला वोटरों की संख्या 1,76,661 है। अर्थात पुरुष वोटरों के लगभग बराबर। इसी प्रकार निरसा क्षेत्र के कुल 3,30,739 मतदाताओं में महिला वोटरों की संख्या 1,63,029 है। झरिया में महिला मतदाताओं की संख्या 1,41,551 है। जबकि यहां कुल वोटर 3,010,09 है।

# एक देश एक चुनाव लोकतंत्र विरोधी एजेंडा : प्रकाश विप्लव

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिंदरी।** माकपा का दो दिवसीय जिला सम्मेलन का समापन सत्र सिंदरी के गुरुद्वारा हॉल में रविवार को संपन्न हुआ। पार्टी के महासचिव स्व सीताराम येचुरी के निधन को वक्ताओं ने देश की बड़ा क्षति बताई।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि एक देश एक चुनाव की बात करने वाली केंद्र सरकार देश के फेडरल चरित्र को कमजोर कर रही है। इससे सरकार के संवैधानिक अधिकारों का हनन होगा और यह देश में तानाशाही निजाम लाने की लोकतंत्र विरोधी एजेंडा है। कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक देश एक चुनाव के खिलाफ सीपीआईएम सहित अन्य दल अभियान चला रहे हैं। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विपक्षी दलों के विरोध को दरकिनार कर इसका प्रस्ताव कैबिनेट से पास करा लिया है। जिसका डटकर विरोध होगा। बैठक में जिला सचिव संतोष कुमार घोष ने 3 वर्षों के कार्य प्रतिवेदन जिला प्रस्तुत किया। संतोष कुमार घोष को पुनः जिला सचिव बनाया गया। बैठक डॉ काशीनाथ चटर्जी, गोपीकांत बक्सी, सुंदर लाल महतो, सुरेश गुप्ता, माया लायक की अध्यक्ष मंडली मे संपन्न हुई। जिला सम्मेलन में 25 नये सदस्यों को शामिल किया गया। स्वागत समिति के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

## स्पीड न्यूज

### करकेंद इंडियन पब्लिक स्कूल में फ्री डेंटल कैंप

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राज लक्ष्मी डेंटल केयर के डॉ. आरके दास एवं उनके सहयोगियों द्वारा डेढ़ सौ छात्र छात्राओं के दांत की जांच की गई। चिकित्सक द्वारा दांत की सुरक्षा एवं दंत रोग एवं उसके उपाय की जानकारी दी गई। बच्चों एवं उनके अभिभावको को दांत की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शिविर को सफल बनाने में शिक्षक-शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा। दवा कंपनियों के प्रतिनिधि अशोक कुमार, सुदीप कुमार, सौरभ कुमार, विकास कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### राज सिन्हा को प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

**पुटकी।** धनबाद विधायक राज सिन्हा को लगातार तीसरी बार धनबाद से प्रत्याशी बनाये जाने की खुशी में मुनीडीह के भाजपाइयों ने खुशी जाहिर किया। भाजपा नेता सह मुखिया रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार रात को मुनीडीह के बालुडीह चौक पर आतिशबाजी किया गया। पटाखे फोड़े गए एवं मिठाई बांटी गई। शयुवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विकास मिश्रा, सूरज सिंह, मनप्रीत सिंह सरदार, राहुल सिंह, संजय सिंह, बिनोद सिंह, अजय सिंह आदि शामिल थें।

### भागाबांध में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

पुटकी। भागाबांध ओपी के समीप शनिवार को बोर्रागढ़ से पुटकी आ रहे एक मोटरसाइकिल में 12 लीटर अवैध देशी महुआ शराब को पुलिस ने जब्त किया हैं। ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार ने बताया बाइक संख्या जेएच 10 बीटी/4195 को जब्त किया गया। उसपर 12 लीटर महुआ शराब लेकर संदीप कुमार जा रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अवैध शराब की बिक्री रोकने को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

### भाकपा माले ने परसबनिया पंचायत को दो जोन में बाँटा

**सिंदरी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बलियापुर प्रखंड के परसबनिया पंचायत में रविवार को मार्शलिंग यार्ड के भाकपा माले कार्यालय में परसबनिया पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। इसमें परसबनिया पंचायत को दो जोन में बांटकर पार्टी का चुनाव संचालन कमेटी बनाया गया। एक जोन के प्रभारी पद पर पंचायत मुखिया राजाराम रजक तथा दूसरे जोन का प्रभारी वरिष्ठ नेता सुधीर महतो को बनाया गया। परसबनिया पंचायत के 9 बूथों में प्रत्येक बूथ से 10 लोगों की बूथ कमेटी बनाई गई।

# भाजपा को झारखंड से खदेड़ भगाये : कल्पना

## पार्टी के प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में वोट की अपील

▸▸ टुण्डी में 9 स्थानों पर चुनावी सभा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/टुंडी।** भाजपा के नेता बहरूपिया है, इनसे रहे सावधान! ये लोग कहते कुछ है, करते कुछ है। रंग बदलना इनकी आदत है। केंद्र में सत्ता में आने के बाद ये लोग आरक्षण को खत्म करने में जुट गए है। 27 फीसदी आरक्षण को घटाकर 24 फीसदी कर दिया है। सरना धर्म कोड को हम पारित कराते है तो वहीं भाजपा उसे रोकने का काम करती है। नियोजन नीति में भी भाजपा हमारा साथ नहीं दी। एसे बहरूपियों के झांसे में आने कि जरूरत नही है। इन्हें राज्य से खदड़ने का संकल्प ले। उक्त बातें टुण्डी के पोखरिया आश्रम में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने कही। वे टुण्डी के वर्तमान विधायक मथुरा महतो के पक्ष में प्रचार करने पहुंची थी।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज कर उन्हें झुकाने की कोशिश की पर वे नहीं झुके, जब गुरुजी (सीबू सोरेन) नहीं झुके तो उनका बेटा कैसे झुक जायेगा। उन्होंने कहा इस चुनाव में हमें दिखा देना है कि झारखंडी क्या चाहते है। भीगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हू ऐसे वीर झारखण्ड की धरती पर हुए जिनके सम्मान के लिए झारखण्ड की जनता को इस चुनाव में भाजपा को जवाब देना जरुरी है। उन्होंने अपने भाषण के अंतिम पड़ाव में जनता से इण्डिया गठबंधन के पक्ष में वोट देकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत बनाने की अपील की। कल्पना सोरेन ने टुंडी में अलग अलग कुल 9 कार्यक्रमों में भाग लिया। पोखरिया आश्रम में चुनावी सभा को संबोधित करने से पूर्व वे स्व. श्यामलाल मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। इसके बाद टुण्डी थाना मोड़, दुगार्डीह (शहीद बेदी), रूपन (पूर्वी टुण्डी), शहरपूरा मोड, शंकरडीह मोड़, शहीद हरीश मरांडी चौक, सुन्दर पहाड़ी चौक, लोधरीया चौकपर पर चुनावी सभा की। कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। दिशोम गुरू जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, कल्पना सोरेन जिंदाबाद, हेमंत है तो हिंमत है आदि के नारे लगाये। मंच पर कल्पना सोरेन के साथ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, केंद्रीय सदस्य डॉ नीलम मिश्रा, जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला सचिव मन्नू आलम उपस्थित रहे।

## नए कल कारखाना का वायदा: उमेश गोस्वामी

खबर मंत्र संवाददाता




**मैथन।** जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे कई राजनीतिक दल के नेता चुनाव मैदान में उतरने के लिए दावा ठोक रहे हैं। इसी कड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने भी निरसा विधानसभा से एनसीपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि उनका टिकट फाइनल हो चुका है। 3 से 4 दिन में इसकी सूचना पार्टी द्वारा जारी हो जाएगी। उमेश गोस्वामी ने कहा कि मैं समाज हित में लगातार आंदोलन किया है। थापरनगर रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए लगातार आंदोलन किया। आज थापरनगर रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू हो गया है। सिंदरी डीएवी स्कूल के खेल मैदान पर अवैध कब्जा पर हाईकोर्ट में मुकदमा दर्ज कर स्कूल को खेल मैदान दिलवाले में मेरी भूमिका है। निरसा के ग्रामीणों की जन समस्याओं को लेकर हमेशा आंदोलन किया है। निरसा विधानसभा की नेतृत्व करने का मौका मिला, तो निरसा क्षेत्र के बंद कल कारखाना को चालू करने का कार्य करवाऊंगा। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात के कंपनियों को निरसा लाकर कल कारखाने लगाने के लिए आमंत्रित करूंगा। साथ ही स्थानीय कुटीर उद्योगों को भी बढ़ावा देने के लिए मैं हमेशा प्रयास करता रहूंगा। मौके पर पतित पावन तिवारी, उज्जवल तिवारी, विमल गोराई, प्रदीप राय, शेख सौरभ, भागीरथ तंतुबाई, राजेंद्र सिंह, मिंटू कुमार यादव, कन्हाई महतो आदि मौजूद थे।

## नगर निगम ने मतदाताओं को किया जागरूक




▸▸ हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम

▸▸ योगा, कराटे, डर्ट गेम, रॉकबैंड कंसर्ट, डांसिंग, सिंगिंग के माध्यम से मतदान की अपील

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर नगर निगम ने अनोखी पहल की शुरूआत की है। लुबी सर्कुलर रोड में रविवार को मेरा मत-मेरा हक स्लोगन के साथ हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं युवाओं के साथ बड़े बुर्जुग शामिल हुए। योगा, कराटे, डर्ट गेम, रॉकबैंड कंसर्ट, डांसिंग, सिंगिंग, स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग, जादूगरी के खेल के साथ लोगों से विधानसभा चुनाव के दिन मतदान बूथ पर जाने कि अपील की गई। इस दौरान लोगों कि स्वास्थ्य जांच भी गई। जगह जगह स्ट्रीट फूड भी लगाये गए थे। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर से लेकर झमाडा बिल्डिंग तक मेले जैसा माहौल रहा। बच्चों एवं अन्य लोगों ने मनोरंजन का जमकर लुफ्त उठाया। लोगों ने निगम के प्रयास कि सराहना की।

इस संबंध में स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वोट के प्रति जागरूक करना है। आगे और भी मेगा ईवेंट आयोजित किये जायेंगे। पिछली बार विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ था। इसबार इसे हर हाल में बढ़ाना है। कार्यक्रम सुबह छह से दिन के 10 बजे तक चला। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहायक नगर आयुक्त, एसएमपीओ समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।

## मदनपुर में संप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का आरोप मामला पहुंचा एमपीएल ओपी

# आचार संहिता उल्लंघन का मामला है, होगी कार्रवाई : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के एमपीएल ओपी अंतर्गत मदनपुर मध्य विद्यालय में मुस्लिम समाज द्वारा बगैर अनुमति के कार्यक्रम आयोजित किये जाने का गांव के ही कुछ ग्रामीणों ने विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू है। बगैर अनुमति के चुनाव को प्रभावित करने के लिए कुछ लोग द्वारा पश्चिम बंगाल से लोगों को बुलाकर बच्चों को प्रोत्साहित करने के नाम पर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास किया जा रहा है। हंगामा बढ़ता देख किसी ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस स्कूल पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया तथा दोनों पक्षों को एमपीएल ओपी आने का निर्देश दिया।

इस संबंध में मदनपुर गांव के रहने वाले शेख महिबुल, शेख एकाबुल, शेख कमाल, शेख फाहिन, शेख अकरम ने बताया कि रविवार को गाव के मिडिल स्कूल में पश्चिम बंगाल से कुछ लोग आकर टेंट, कुर्सी एवं लाउडस्पीकर लगाकर कार्यक्रम कर रहे था। आश्चर्य की बात है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने आपत्ति दर्ज नहीं की। कार्यक्रम की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी नहीं दिया गया। कार्यक्रम शेख क्यूम, शेख कमरुद्दीन, शेख अली हुसैन आदि के नेतृत्व में हो रहा था। इस दौरान स्कूल के भवन में कई बंद पेटी भी रखा गया था। उसमें क्या रखा गया है, नहीं दिखाया गया। लोगों को यकीन है कि विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए वे लोग पश्चिम बंगाल से आये हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करने का बहाना है, इन लोगों का असली उद्देश्य कुछ और है। ये लोग सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ कर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। पुलिस प्रशासन को इस पर तत्काल कार्रवाई करना चाहिए।

वहीं दूसरी ओर इस संबंध में हजार मुस्लिम समाज के उपाध्यक्ष शेख कमरुद्दीन ने बताया कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष मैट्रिक, इंटर एवं ग्रेजुएशन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया जाता है। यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। इसी बीच आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। हम लोगों से यह भूल हुई कि हम लोगों ने कार्यक्रम करने का परमिशन नहीं लिया। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ना एवं चुनाव प्रभावित करने का आरोप सरासर गलत है। संस्था 1952 से झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के 36 गांव के अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए काम कर रहा है। आज चार गांव के 43 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया जाना था। कार्यक्रम में सिर्फ जिन्हें सम्मानित किया जाना था, वे बच्चे एवं हजार मुस्लिम समाज के कुछ अतिथि ही मौजूद थे। कुछ लोग जानबूझकर मामले को तूल दे रहे हैं।

### क्या कहा सीओ रमेश रविदास ने

वहीं इस संबंध में सीओ रमेश रविदास ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है। जिन लोगों द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है, उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण यदि शिकायत करते हैं, तो मामला दर्ज कर जांचोंपरांत जो दोषी होंगे, उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### दीक्षा महिला मंडल ने जरूरतमंदों को कराया भोजन



**धनबाद।** दीक्षा महिला मंडल के अंतर्गत संस्कृति महिला समिति कुसुंडा एरिया द्वारा रविवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में 300 जरूरतमंदों को भो जन कराया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि जरूरतमंदों का सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हमलोग इस कार्य में पिछले कई वर्षो से लगे है। लोगों कि सेवाकर के मन को शांति मिलती है। इस कार्यक्रम में केयर एंड सर्व फाउंडेशन ने भी सराहनीय योगदान दिया। मौके पर समिति कि अजंता दास, फरजाना पैरवीन, रीना कुमार, इंदु पासवान, संतु झा, मंजू सिंह, पूजा अग्रवाल, मीनू मिश्रा, विनीता ठकर, सुमन सिंह, सुनीता राम और नीलम देवी उपस्थित थी।

### लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सदस्यो ने मनाया विजयादशमी मिलन समारोह



धनबाद। लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सदस्यो ने विजयादशमी मिलन समारोह मनाया। बंगाली समाज में विजयादशमी का एक अलग ही महत्व है, दुर्गा पूजा के प्रतिमा विसर्जन के बाद विजयादशमी का मिलन समारोह आयोजन किया जाता है। इस मिलन समारोह में धनबाद के हिरापुर स्थित लिन्डसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सभी सदस्यो एवं महिला सदस्या आपस मे मिलकर एक दुसरे को बधाई दिये। इस अवसर पर एक संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में लिन्डसे क्लब के सदस्यो एवं सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक गीत,कविता की प्रस्तुति की गई। क्लब के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा ने आये हुये सभी सदस्यो का अभिवादन स्वीकार किए एवं हृदय से सभी को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाए दी।साथ ही लिन्डसे क्लब के सचिव सलिल विश्वास ने सभी सदस्यो को विजयादशमी कि शुभकामनाएं दिए एवं क्लब को सफलता की नई ऊंचाई में पहुंचाने के लिए सभी सदस्यो का अपना योगदान एवं प्रयास पर जोर दिए।

### भाजपा प्रत्याशी ने विधायक पति से लिया आशीर्वाद



**सिंदरी।** सिंदरी विधानसभा से भाजपा विधायक प्रत्याशी तारा देवी ने वर्तमान विधायक सह पति इंद्रजीत महतो से आशीर्वाद प्राप्त कर सिंदरी की ओर प्रस्थान की। वर्तमान विधायक इंद्रजीत महतो मधुपुर उपचुनाव में कोरोना ग्रसित हो गए थे और उनका इलाज हैदराबाद में बीते 4 वर्षों से जारी है। भाजपा की सिंदरी विधानसभा प्रत्याशी तारा देवी ने सोशल मीडिया में पति के साथ अपनी तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वह अपने पति से आशीर्वाद लेती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने बताया कि सिंदरी विधायक के अस्वस्थ होने पर सिंदरी की जनता की परेशानियों को नजदीकी से देखकर उसका निराकरण करने की कोशिश की गई थी। आनेवाले समय में सिंदरी की जनता का साथ मिलने पर इससे आगे की रणनीति तैयार कर वृहत पैमाने पर कार्य किया जाएगा।

### बाइक की डिक्की से 2 लाख 66 हजार रुपये जब्त



**धनबाद।** जिले में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन जांच अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत रविवार को तीसरा थाना की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान तीन अलग अलग बाइक की डिक्की से 2 लाख 66 हजार रुपये को जब्त किया है। तीसरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में रविवार की सुबह क्षेत्र में जारी वाहन जांच के दौरान तीन बाइक को रोककर तलाशी ली गई जिसके बाद एक बाइक से 93 हजार, दूसरी बाइक से 90 हजार व तीसरी बाइक से 83 हजार रुपए बरामद किया गया। जांच के दौरान तीसरा थाना की टीम ने कुल 2 लाख 66 हजार रुपये को जब्त किया है।

### पुटकी में आपसी विवाद में चली भुजाली, 2 घायल एक की हालत गंभीर

**पुटकी।** पुटकी थाना अंतर्गत श्रीनगर में दो पक्ष के बीच झड़प हुई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घटना रविवार दोपहर करीब ढाई बजे की है। सियालगुदरी न्यू कॉलोनी निवासी नौशाद और श्रीनगर देवी स्थान निवासी उजल्ला महतो दोनों के बीच पूर्व से आपसी विवाद चला आ रहा था। एक दिन पूर्व दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद मामला शांत हो गया था। रविवार की दोपहर पुटकी श्रीनगर में दोनों पक्ष आपने सामने हो गये। आरोप प्रत्यारोप के दौरान गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। एक युवक ने दूसरे पर भुजाली से हमला कर दिया। घटना के पश्चात उज्वल्ला का इलाज पुटकी बाजार स्थित नर्सिंग होम में चल रहा हैं, उसके सीने में चोट लगी हैं। जबकि नौशाद के सर पर गंभीर चोट लगी है। पुटकी पुलिस उसको लेकर धनबाद एसएनएमएमसीएच ले गई। थाना प्रभारी मनोहर करमाली घटनास्थल पर पंहुचे और छानबीन करते हुए वँहा लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगला। चर्चा हैं कि पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई हैं। जिसे पुलिस ठोस सबूत मानते हुए जांच कर रही हैं।

स्पीड न्यूज

## दो पक्षों में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर झड़प, मौके पर पहुंची पुलिस

**धनबाद।** हीरापुर ज्ञान मुखर्जी रोड में रविवार को प्रॉपर्टी विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। देखते ही देखते काफी संख्या में भीड़ जमा हो गया।जैसा कि बताया जा रहा है कि प्रॉपर्टी का विवाद है, मामला कोर्ट में है।वही मौके पर धनबाद थाना के सुजीत कुमार सिंह बताया कि आपस में दोनों पक्ष बात कर रहे है, पूर्व का मामला है और मामला कोर्ट में है।

## बाघमारा में कॉपर वायर चोरी करते एक गिरफ्तार

**बाघमारा।** सीआई एस एफ और सुरक्षा विभाग कर्मी ने ब्लॉक दो ओसीपी के आर आर वर्कशॉप से दिनदहाड़े कॉपर वायर चोरी कर रहे छाताबाद निवासी इम्तियाज अंसारी को रंगे हाथ पकड़ा। उसके पास से हेक्सा ब्लेड एवं वायर काटने का सामान बरामद किया है। बताया जाता है कि आरोपी पीछे का दिवाल फांदकर वर्कशॉप के अंदर प्रवेश किया। वहां हॉलपैक के कॉपर वायर को काट रहा था। इस बीच सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर अरूण कुमार को आहट मिली तो वे ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ के एएसआई शेषनाथ सिंह के साथ खोजबीन शुरू की। इसी दौरान कॉपर वायर काटते इम्तियाज रंगेहाथ पकड़ा गया। पुछताछ क्रम में बताया कि वह बाइक से छाताबाद से वर्कशॉप पहुंचा। सीआईएसएफ ने बाइक को भी बरामद कर लिया। मौके पर बाघमारा पुलिस पहुंची। सीआईएसएफ ने बाइक और वायर काटने का औजार के साथ आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। बाघमारा पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसको कोर्ट ले गयी।

## बाघमारा में जुआ अड्डा पर छापा, एक गिरफ्तार

कतरासः बाघमारा ने पुलिस माटीगढ़ हटमेंट कालोनी के एक आवास में चल रहे जुआ अड्डा पर छापामारी कर नकदी समेत ताश बरामदकिया। पुलिस टीम को देख जुआडीभागने लगे। इस दौरान भौंरा जहाजरोड निवासी विजय महतो पकड़ा गया। पुलिस मौके से मोटर साइकिल, मोबाईल, ताश व नकदी जप्त किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त विजयमहतो के अलावा ललन चौहान, रवि कुमार दास एवं जप्त मोटर साइकिलके मालिक के खिलाफ मामला दर्जकिया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस कोर्ट ले गयी। छापामारी दल का नेतृत्व थानेदार चिरंजित प्रसाद कर रहेथे। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त उक्त आवास में रवि और ललन नामक व्यक्ति स्थानीय एवं बाहर से लोगों को बुलाकर जुआ खेलाते हैं।

## पूर्व पार्षद रणविजय महतो का निधन

**धनबाद।** वार्ड 30 के पूर्व पार्षद रणविजय महतो उर्फ पतरु (43 साल) का रविवार को सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया।वे कुछ सालों से लकवा बीमारी से ग्रसित थे। निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, झामुमो के बलराम महतो, जग्गू महतो भाकपा-माले नेता राणा चट्टराज, कांग्रेस नेता रवींद्र वर्मा, कुंभनाथ सिंह,जय लाल महतो,गणेश महतो ने उनके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

## एसएसपी ने किया इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट का निरीक्षण

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटर स्टेट चेकपोस्ट तथा इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट की निगरानी कड़ी कर दी है। रविवार को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना अंतर्गत अमलखोरी व महुदा थानांतर्गत तेलमच्चो स्थित इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया।

# धनबाद के टुंडी में 22 लाख की अवैध विदेशी शराब बरामद

### लोगों से अवैध कारोबार की सूचना देने की डीसी की अपील, विधानसभा चुनाव में खपाने की थी योजना

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए इंफोर्समेंट एजेंसियों को दिए गए निदेश के आशातीत परिणाम सामने आने लगे हैं। इसके तहत आज तड़के टुंडी में 22 लाख रुपए की अवैध शराब को बरामद करने में सफलता मिली है।

इससे पूर्व चेकपोस्टों पर वाहनों की जांच में 26 लाख रुपए नगद मिले थे। ज्ञातव्य है कि विधानसभा चुनाव में धन-बल का प्रभाव अथवा अन्य माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन देने की रोकथाम के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र ने सभी एनफोर्समेंट एजेंसियां को कड़ा निर्देश दे रखा है। इस कड़ी में रविवार की सुबह उत्पाद विभाग ने टुंडी थाना से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया जहां करीब 22 लाख रुपए की अवैध विदेशी शराब बरामद की गई है। उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त श्री रामलीला रवानी ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई के कर्म में टुंडी थाना क्षेत्र के नीमटांड़ मधुशा गांव में विदेशी शराब का अवैध कारोबार की गुप्त सूचना मिली। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग की टीम ने आज अहले सुबह बीनूलाल टुडू के घर में छापेमारी की।यहां से इंपीरियल ब्लू समेत दूसरे ब्रांड की 250 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। साथ ही मौके से 840 लीटर कच्चा स्प्रिट के अलावा अंग्रेजी शराब निर्माण से जुड़े विभिन्न ब्रांड के रैपर, कॉर्क और पैकेजिंग, रीफिलिंग के सामान बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब को विधानसभा चुनाव में खपाने की योजना थी। फिलहाल मामले में एक व्यक्ति, बीरू लाल, को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है।

वहीं दूसरी ओर उपायुक्त सुश्री मिश्र ने कहा है कि जिले के लोग भी अवैध शराब सहित अन्य अवैध कारोबार की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। ऐसी सूचना मिलने पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। छापामारी दल में उत्पाद विभाग के एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई जॉय हेंब्रम, एसआई कुलदीप कुमार और टुंडी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर उमाशंकर के अलावा उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग के जवान शामिल थे।



बरामद शराब की पेटियां

## अपना हाइवे मोटर्स का शुभारंभ



अपना हाइवे मोटर्स का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** अपना हाईवे मोटर्स का उद्घाटन धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीपीओ अजीत कुमार रविवार को साहिबगंज मोड फकीरडीह में समारोहपूर्वक किया। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहन वालों को सजावट के सामान के लिए अब धनबाद जाना नहीं पड़ेगा। संचालक मो सलाउद्दीन, अमीरुद्दीन एवं जियाउद्दीन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यहां वाहनों के एसेसरीज से लेकर मॉडिफिकेशन के सारे सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। म्यूजिक सिस्टम, गार्ड, परफ्यूम, सीट कवर, ग्लास का फिल्म, लेमिनेशन लाइट से लेकर ए टू जेड की सारी सामग्री उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर एवं जीटी रोड के आसपास के वाहनों की सुविधा के लिए उन्होंने इसकी शुरूआत की है।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, निगम पार्षद अशोक पाल, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, आप नेता डीएन सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, मैं हूं धनबाद की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर, कल्पना झा मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष गयासुद्दीन अंसारी, भाजपा नेता बलराम साव, झामुमो नेता मन्नू आलम, एजाज अहमद, पैगाम अली, पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष शब्बीर आलम, सचिव मृदुल बोस, शुभंकर सरकार, डॉ विकास रमण, शमशेर रजा, तासीर अली अंसारी हुसैन अंसारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गिरफ्तार अपराधी की इलाज के दौरान मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 45 वर्षीय सोब्रेन चौहान की इलाज के दौरान शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस और अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया कि सोब्रेन चौहान को अवैध शराब बेचने के झूठे आरोप में शुक्रवार को केंदुआडीह पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया था। गिरफ्तारी के बाद उसकी तबियत अचानक बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसे एस एनएमएमसीएच हॉस्पिटल में जेल प्रबंधक के द्वारा भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को उसकी मौत हो गई। वही परिजनों का आरोप है कि पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के समय ही सोब्रेन की तबीयत खराब थी। लेकिन उसे उचित इलाज मुहैया नहीं कराया गया। परिजन प्रमोद चौहान का कहना है कि अस्पताल में भी सही तरीके से देखभाल नहीं की गई। जिसके कारण उसकी जान चली गई। घटना से इलाके में नाराजगी का माहौल है, और स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की कार्रवाई और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए हैं।फिलहाल पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है, और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।



कैदी को मौत

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज धनबाद के वाणिज्य विभाग द्वारा भूदा कैंपस के एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में अभिभावक शिक्षक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के वाणिज्य विभाग में अध्ययनरत तीनों संकायों सेमेस्टर 1, 2 और 4 के छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अभिभावक और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने कक्षा में छात्रों की उपस्थिति के साथ साथ कॉलेज लाइब्रेरी, एन एस एस, एन सी सी, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, महाविद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले सेमिनार, रोजगार मेले, स्पोकन ट्यूटोरियल में उनकी सक्रिय सहभागिता और उपस्थिति को आवश्यक एवं महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम में प्रो संजय सिंहा, प्रो दीपक कुमार, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो साधना सिंह के साथ साथ शिक्षकेत्तर कर्मी नरेंदर सिंह, रंजीत मिश्रा तथा पंकज कुमार उपस्थित थे।



छात्रों के सर्वांगीण विकास

## रवींद्र कुमार पांडेय को बेरमो से भाजपा प्रत्याशी घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** भाजपा केंद्रीय व प्रदेश कमिटी द्वारा बेरमो विधानसभा से रवींद्र कुमार पांडेय को प्रत्याशी घोषित किए जाने पर शनिवार शाम को फुसरो स्थित शहीद निर्मल महतो चौक में कार्यकताओं ने मिठाई बांट व पटाखा फोड़ खुशी जताया और बधाई दी। कार्यकताओं ने जयश्रीराम, वंदे मातरम, भारत माता जी जय, बेरमो की विधायक कैसा हो रवींद्र पांडेय जैसा हो कि नारे लगाए गए।

## पूजा ट्रेवल्स बस के चपेट में आने से मोपेड सवार अधेड़ की हुई मौत

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका-मसलिया मुख्य मार्ग पर चुटोनाथ के पास रविवार को पूजा ट्रेवल्स यात्री बस के चपेट में आने से मोपेड सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच घायल को इलाज के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजी। एएसआई कौशलेन्द्र सिन्हा ने बताया कि इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई है। मृतक 60 वर्षीय सोम मुर्मू जामा थाना क्षेत्र के छातापहाड़ी गांव का रहनेवाला बताया जाता है। वह किसी कार्य से मोपेड बाईक से दुमका जा रहा था कि चुटोनाथ गेट के पास पूजा ट्रेवल्स बस के चपेट में आ गया। बस के नीचे वो फंस गया। बस लगभग 100 मीटर जाने के बाद रुकी तो घायल को बस के नीचे से बाहर निकाला गया। लेकिन वो गंभीर रूप से घायल हो चुका था। पुलिस एवं ग्रामीणों की तत्परता से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## ग्रामीणों के विरोध के चलते मिट्टी काटने आई कंपनी के लोगों को लौटना पड़ा वापस

**कतरास।** एकेडब्लूएमसी के केशलपुर कुम्हार टोला के पास कोयले की उपरी सतह से मिट्टी कटाई करने आये प्रबन्धकीय टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। सीआईएसएफ जवान और ग्रामीणों के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। नतीजतन टीम को वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि बीसीसीएल प्रबन्धन के आदेश पर आउटसोर्सिंग कंपनी के लोग गाड़ी लेकर मिट्टी का टीला काटने के लिए आए थे। यह देख जब लोग विरोध करने के लिए पहुंचे तो सीआईएसएफ ने रोकने की कोशिश किया। जिसके चलते बल के साथ ग्रामीणों की बहुत कहा सुनी हुई। ग्रामीण का कहना है कि जब तक हम लोगों का विस्थापन नहीं कर दिया जाता है। तब तक मिट्टी को नही काटा जाए। क्योंकि मिट्टी ही हम लोगों का जीने का आधार है। मिट्टी का बर्तन बनाकर अपना जीविकोपार्जन करते हैं।

## शक्ति मंदिर में 251 महिलाओं ने सुनी करवाचौथ की कथा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूरे कोयलांचल में रविवार को करवाचौथ का व्रत धूमधाम के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने पति के दीर्घ जीवन के लिए निर्जला उपवास रखा। रात में चंद्रमा को अर्घ्य दिया तथा पति का चलनी से दीदारकर उनकी आरती उतारी। उसके बाद व्रत तोड़ा। शहर के मशहूर शक्ति मन्दिर में 251 महिलाओं ने करवाचौथ की कथा सुनी। वीरों कुड़ी की पूजा की। पंडिताइन जानकी देवी ने बड़े विधि विधान से उपस्थित व्रतियों को कथा सुनाई एवं आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर में पण्डाल एवं लाइट का इन्तजाम किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी मन्दिर कमिटी, प्रबन्धन समिति, महिला सेवादार, शक्ति यूथ के सेवादारों ने सराहनीय योगदान दिया।



## डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा

**धनबाद।** डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर एसोसिएशन (डीडीपीए) की पहली वार्षिक आम सभा रविवार को बैंक मोड़ स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स सभागार में हुई। जिसमें पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया तथा बीते वर्ष की उपलब्धियों और भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सदस्यों को आई-कार्ड और टी-शर्ट वितरित किए गए। इस दौरान सर्वसम्मति से बुला चंद्रा को पुनः अध्यक्ष, मुन्ना सिंह को सचिव और विश्वास कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। वहीं कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'वेंगोल फोटो वीडियो एक्सपो' का पोस्टर लॉच किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से लगभीग 60 फोटोग्राफरों ने भाग लिया। मौके पर ओमप्रकाश अग्रवाल, भरत चावड़ा और अनिल गुप्ता, दिलीप रंजन, उपेंद्र दास, श्रवण, अशोक, राकेश, तपन, अनिल जायसवाल, सोनू, गौरव, पंकज आदि शामिल थे।

एक नजर में

## शहजादी खातून प्रत्याशी बनीं




खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** भारत जोड़ो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नासिर अली द्वारा झरिया विधानसभा से शहजादी खातून को प्रत्याशी बनाने से फूसबंग्ला जेलगोड़ा जामाडोबा, भागा,डिगवाडीह, पथरडीह आदि क्षेत्रों के आधी आबादी एवं समर्थकों में हर्ष व्याप्त हैं। सभी ने आश्वासन दिया है की इस बार झरिया की जनता गरीब की बेटी को ही झरिया का विधायक बना कर दम लेगे।

## आरपीआई के जिला अध्यक्ष अपने कुनबे के साथ कभी भी शामिल हो सकते हैं झामुमो में : सूत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** चुनाव आते ही क्या क्या रंग रुप, तोड़ मरोड़ व प्रभावशाली व्यक्तित्व को अपने साथ जोड़ने और चुनाव जितने कि हर कोशिश शुरू हो जाती है। यह हाल किसी एक पार्टी की नही बल्कि कमो बेस सभी का इस मामले में एक जैसा ही रणनीति काम करती है। चुनाव के बिगुल बजते ही गोमिया विधानसभा क्षेत्र दो प्रबल दावेदार गोमिया के वर्तमान विधायक डॉ लंबोदर महतो और पूर्व विधायक सह राज्य सरकार मे दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने अपने रणनीति पर जोरदार तरीके से अमल शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एक खबर जो छन कर सामने आ रही है उसके अनुसार रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के बोकारो जिला अध्यक्ष मो उस्मान अंसारी कभी भी अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम सकते हैं। सूत्र बताते हैं कि इसको लेकर प्रत्याशी और श्री अंसारी के बीच गुप्त बैठक भी हो चुकी है। ज्ञात हो कि श्री अंसारी ही आरपीआई जैसी पार्टी को जिला मे स्थापित किया और एक पहचान दी। लंबे समय से वे इस पार्टी से जुड़े रहे और अपने कार्यशैली व मेहनत से एक मजबूत व्यक्तित्व के रुप में पहचान बनाई। उन्होंने अपने राजनीतिक कार्य काल के दौरान जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ा और मजबूत संगठन खड़ा किया। कयास लगाया जा रहा है कि श्री अंसारी के आरपीआई छोड़ के यह पार्टी शून्य हो जायेगी। वही झामुमो को एक मजबूत कार्यकर्ता के रूप में नेता मिलेगा। माना जाता है कि श्री अंसारी का असनापानी, रेलवे कॉलोनी तथा कथारा क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच खासी पकड़ है और वे एक मुस्त काफी वोट इधर से उधर कर सकते है। बहरहाल जब वे झामुमो का दामन थामेगे तब की स्थिति क्या होगी यह आने वाला समय तय करेगा। दुसरी वे पार्टी बदलते भी है या नही यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। मगर इस पुरे प्रकरण में एक बात तो तय है कि यह कुनबा जिधर जायेगा गोमिया विधानसभा के चुनाव में वोटों का उलट फेर काफी मात्रा में तय करेगा।

## करगली मुंडा पट्टी के कई घरों में घुसता रहता है बारिश का पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /फुसरो।** करगली स्थित बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्रॉऊड के समीप मुंडा पट्टी में बारिश की पानी से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यहां नाली जाम होने के कारण दर्जनो से अधिक घरों में बारिश के साथ नालियों का गंदा पानी घुस जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती। भुक्तभोगियों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से मूसलधार बारिश होने पर इस स्थान के लोग यह दुर्दशा सहते आ रहे हैं। हर साल नगर परिषद फुसरो एवं सीसीएल के अधिकारियों की ओर से आश्वासन दिया जाता है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जायेगी। कहा कि बीते दिन सात अक्तूबर को भी बारिश का पानी घरों में प्रवेश कर गया था। इसके बाद भी कोई पहल नहीं की गयी. इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में नगर परिषद फुसरो एवं सीसीएल प्रबंधन पर आक्रोशित है। आरती देवी व जॉनी देवी ने कहा कि हल्की बारिश होने पर भी पूरी कॉलोनी जलमग्न हो जाती है। कई बार मामले को लेकर नगर प्रशासन को अवगत कराया गया, परंतु कोई भी ठोस उपाय नहीं किया जा रहा है। कहा कि अचानक पानी घर में प्रवेश करने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कुछ ही माह पहले सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पानी निकास के द्वार को बंद कर दिया गया है। जिस कारण ये स्थिति पैदा हुई, यहां पर पीछे पहाड़ी का पानी आता है। मौके पर सुखदास मुंडा, मीना देवी, सुमित्रा देवी, सुकनी देवी, कौशल्या देवी, उमा देवी, माला कुमारी, स्वीटी कुमारी, शनिचरी देवी आदि लोगो ने बिरोध जताया।

## विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर प्रशासन सक्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** विधानसभा आम चुनाव 2024 की तिथियां घोषित होने के साथ ही जिले के विभिन्न चौक झ्र चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव, एसपी मनोज सवर्गिया, उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी आदि ने विधि व्यवस्था समेत निर्वाचन को देखते हुए जिले के सीमावर्ती आइईएल थाना गोमिया समीप चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। कहा कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी), पुलिस अधीक्षक (एसपी), डीडीसी, एसी, एसडीओ बेरमो आदि पदाधिकारियों ने लगभग 01 घंटे तक छोटे-बड़े लक्जरी वाहनों की जांच की। वाहनों के डैस बोर्ड/डिक्की आदि की जांच की गई। इसके अलावा विधि व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# विधानसभा चुनाव में झारखंड क्रांति सेना बनी संथाल परगना में तीसरा विकल्प

>> पक्ष-विपक्ष दोनों ने लोगों को किया निराश, संताल परगना के कई सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड क्रांति सेना विधानसभा चुनाव में संताल परगना के विभिन्न सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। इस बावत सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अमर मरांडी की अध्यक्षता में परिचर्चा सह प्रेसवार्ता आयोजित की। सेना के बैनर तले राजनीतिक पार्टी के रूप में आगाज की हैं। मरांडी ने कहा कि झारखंड बने 24 वर्ष हो गए। जिसमें वर्तमान समय में पक्ष और विपक्ष दोनों ने बारी-बारी से सत्ता में रह कर झारखंड और झारखंडियों को ठगने का काम किया है। जिसके फलस्वरूप 'झारखंड क्रांति सेना' तीसरे विकल्प के रूप में राजनीतिक में उतरी है। केंद्रीय महासचिव राजीव बास्की ने कहा कि झारखंड के पढ़े-लिखे शिक्षित बेरोजगार छात्र वर्तमान सरकार के कार्यों से त्रस्त है। जिसके कारण रोजगार विहीन युवा रोजगार के तलाश में अन्य राज्य पलायन कर रहे हैं। जबकि राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के बावजूद यहां के आम आवाम रोजगार के लिए तरस रहे हैं। निखिल मुर्मू ने कहा कि सेना इस बार विधानसभा चुनाव में संताल परगना के कई सीटों पर अपना प्रत्याशी को उतार कर मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। डॉ सुशील मरांडी ने कहा कि वर्तमान सरकार जिन मुद्दों के साथ चुनाव जीती थी। उन सभी मुद्दों पर खरा नहीं उतर पायी है। युवा नौकरी के तलाश में पांच साल गुजार दिए। लेकिन उन्हें निराशा ही हांथ लगी। जिससे तंग आकर राज्य के आम आवाम तीसरे विकल्प की तलाश कर रहे हैं। जिसका भरपाई झारखंड क्रांति सेना करने जा रही है। मौके पर सुशील सोरेन, पी के हेंब्रम, गामालिएल हांसदा, प्रेम हांसदा, जॉन एमानुएल सोरेन, रवि मरांडी, लवकिशोर टुडू, फ्रांसिस मुर्मू, दिलीप टुडू, राली किस्कू, सुलेश मरांडी, अमित मुर्मू, डेविड हेम्ब्रम, सनी टुडू, मार्टिन किस्कू, मनोज, राजू, डोनाल्ड हांसदा, मुन्ना हेंब्रम व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोकारो : मतदानकर्मियों को मॉक पोल सहित निष्पक्ष मतदान कराने की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सेक्टर 2सी स्थित बोकारो इस्पात विद्यालय सभागार व सेक्टर 6 स्थित इमामुल हई खां लॉ कॉलेज सभागार में मतदान कर्मियों पी वन व पी टू को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि त्रुटि रहित निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए आवश्यक है कि सभी मतदान कर्मी अनिवार्य रुप से भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मार्ग निर्देशिका के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। इसमें किसी भी तरह की कोताही अक्षम्य है प्रशिक्षण का हर बिंदू महत्वपूर्ण है इसलिए मतदान कर्मी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और डीएलएमटी की ओर से बताए गए सभी बिंदुओं को ध्यान से सुनें। उन्होंने ससमय मॉक पोल की प्रक्रिया सीआरसी वोटिंग रिपोर्ट टाइम प्रबंधन वोटर इनफार्मेशन स्लिप का सही से निष्पादन की जानकारी दी।

सभी मतदान कर्मियों को वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया। शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया की जानकारी मास्टर ट्रेनर की ओर से दी गई। मौके पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद एएमसी चास संजीव कुमार निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा नोडल पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा अतुल कुमार चौबे मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती पुलिसकर्मियों की बैठक



**गोड्डा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रविवार को गोड्डा में अन्तराज्यीय जिला बांका के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बौंसी/थाना प्रभारी, बौंसी, धुरिया, पंजवारा एवं गोड्डा जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा/थाना प्रभारी, पोड़ैयाहाट, मुफस्सिल, पथरगामा, बसंतराय, मोतिया ओपी के साथ बैठक की गई, जिसमें सघन वाहन चेकिंग अभियान कर अवैध आग्नेयास्त्र, मादक द्रव्य पदार्थ, शराब, नगदी आदि की बरामद एवं चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु विचार विमर्श किया गया।

### सिद्धार्थ गौतम को स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस के सदस्य बनाये जाने पर दी बधाई



**बेरमो।** हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह ने जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम को स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस का सदस्य मनोनीत करने पर बधाई देने वालो का ताता लगा है। जानकारी के मुताबिक कोयला खदानों की सुरक्षा की सबसे बड़ी कमेटी है, क्योंकि इस कमेटी की अध्यक्षता देश के कोयला मंत्री करते है। गौतम से मनोनयन से उनके समर्थकों में काफी हर्ष देखा जा रहा है। ढोरी एरिया एवं बीएंडके एरिया के पदाधिकारी ने बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनता मजदूर संघ ढ़ोरी के एरिया सचिव विकास सिंह, बीएंडके अध्यक्ष राहुल कुमार, सीसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह, खास महल के सचिव संतोष कुमार, चंदन तिवारथा, प्रकाश कुमार, अजीत कुमार सिंह आदि शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : मेधावी सोनी ने नेट की परीक्षा में हासिल की सफलता



बोकारो। बोकारो निवासी सोनी कुमारी ने जून नेट 2024 परीक्षा में हिंदी विषय से 99 .81 परसेंटाइल प्राप्त कर नेट जेआरएफ की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह उनके तीसरे प्रयास में मिली सफलता है। सोनी स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 में हिंदी विषय की बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद की टॉपर रह चुकी हैं। स्नातक की पढ़ाई में भी उन्होंने बोकारो स्टील सिटी कॉलेज से टॉपर बनकर सफलता हासिल की। उन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षा क्रिसेंट पब्लिक स्कूल बोकारो से की है। वर्ष 2022 में सोनी को अपने मार्गदर्शक डॉ मुकुंद रविदास के साथ झारखंड द्वितीय छात्र संसद के तहत विधानसभा जाने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत माता पिता के आशीर्वाद शिक्षकों की प्रेरणा दोस्तों के सहयोग और परिवार की सहभागिता को दिया है। सोनी ने बीबीएमकेयू स्कॉलर के तहत एक वर्ष के लिए उपरोक्त विश्वविद्यालय में योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त खोरठा साहित्य के प्रसिद्ध कवि शिवनाथ प्रमाणिक पर उनकी एक पुस्तक भी प्रकाशित है।

### चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान करवाना है: राजीव



बेरमो। फुसरो नगर परिषद द्वारा मतदान जागरूकता कार्यक्रम बाटा गली कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा रंगोली एवं मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। राजीव रंजन ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव मे शत प्रतिशत मतदान करवाना है और लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करना है। मनीषा कूजूर ने कहा कि इस बार महिलाएं शत शत प्रतिशत मतदान करवाना है। मौके पर देबोजित कुमार, तपन कुमार, लक्ष्मण, रीना देवी बसंती देवी मुन्नी देवी, रेखा देवी सीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### बालीडीह में स्कूटी से 70 पुड़िया गांजा बरामद



बोकारो। बालीडीह पुलिस ने दूबे पेट्रोल पंप के पास एक स्कूटी में छिपाकर 70 पुड़िया गांजा ले जाते हुए पकड़ा है। इस संबंध में मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर बालीडीह पुलिस जांच अभियान में जुटी हुई थी। बालीडीह मोड़ के पास जगह बदल बदल कर स्कूटी में रख कर गांजा की बिक्री कर रहे पप्पू तिवारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इसके लिए पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम के द्वारा बालीडीह मोड़ स्थित दूबे पेट्रोल पंप के पास पहुंच कर काले रंग की स्कूटी संख्या बीआर29एसी 2423 की तलाशी ली गई। जिसके डिक्की में प्रतिबंधित नशीला पदार्थ गांजा व अन्य सामानों को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह अजय कुमार राय वीरमणि कुमार शशिकांत ठाकुर नवीन कुमार आदि शामिल थे।

# बासुकीनाथ में भीषण अग्निकांड, दर्जनों दुकान जलकर खाक, करोड़ों की संपत्ति का नुकसान

## अब तक पांच बार चूड़ी गली में लग चुकी है आग, लोगों में जनप्रतिनिधि व प्रशासन के खिलाफ है नाराजगी

विधायक बादल ने अग्निशामक वाहन की तैनाती का दिया था भरोसा, लेकिन अब तक नहीं हो सका पूरा



धू-धूकर जलती बासुकीनाथ में दुकानें।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** भोलेनाथ की पावन नगरी बासुकीनाथ में शनिवार की आधी रात को दिल दहला देने वाले भीषण अग्निकांड का मंजर देखने को मिली। अग्निदेव का रौद्र रूप इस कदर देखने को मिला कि पल भर में मुख्य बाजार एवं चूड़ी गली में दर्जनों दुकान जलकर खाक हो गई। जिसमें करोड़ों की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इधर आधी रात आग की बड़ी-बड़ी लपटों में घिरे बासुकीनाथ की रक्षा के लिए लोगों का जत्था आग बुझाने की कवायद में जुट गए। लोगों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आग को रोकने और नहीं फैलने में जितोड़ प्रयास में जुटे दिखे। लेकिन अग्निशमन दस्ता का घंटो विलंब से पहुंचने के कारण आग के तांडव ने कयामत ढाते सब कुछ बर्बाद कर दिया। चाय एवं नाश्ता की दुकान में रखे गैस सिलेंडर के भारी विस्फोट से आस-पास का इलाका थर्रा उठा। लेकिन आपातकालीन सेवा नहीं मिलने से स्थानीय लोगों का पारा चढ़ा हुआ था। साथ ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल से गुलजार रहने वाला मुख्य बाजार और चूड़ी गली मरघट सा तस्वीर छोड़कर चला गया। उधर अगलगी की जानकारी मिलते ही स्थानीय और जिला प्रशासन रेस हुई। एसपी और एसडीएम घटनास्थल पर पहुंच घटना के कारणों का जायजा लेकर जिला मुख्यालय रवाना हो गए। बहरहाल बासुकीनाथ में हुई भीषण अग्निकांड के बाद चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है। पीड़ित दुकानदारों ने मुख्य बाजार और चूड़ी गली में लगातार पांचवीं बार हुए घटना पर चिंता और रोष जाहिर किया है। साथ ही सरकार से अगलगी में हुए नुकसान की भरपायी के लिए मुआवजे की मांग की है। इसके अलावा लोगो ने भविष्य में इस घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए बासुकीनाथ में चौबीसो घंटा अग्निशमन वाहन (दमकल) की तैनाती की मांग की गई है। मजे की बात है कि पूर्व में विधायक बादल पत्रलेख ने भी बासुकीनाथ वासियों को अग्निकांड से बचाने के लिए दमकल की तैनाती का भरोसा दिया था। लेकिन बासुकीनाथ में नहीं दमकल की गाड़ी आई और नहीं विधायक जन भावना पर खरे उतरे।

### बोकारो : पतंजलि समिति ने सहायक योग शिक्षक को सपरिवार दी विदाई



**बोकारो/चंद्रपुरा।** स्थानीय योग केंद्र में पतंजलि योग समिति चंद्रपुरा प्रखंड द्वारा जिला प्रभारी श्यामदेव प्रसाद की अध्यक्षता में समिति के सहायक योग शिक्षक सह डीवीसी सेवानिवृत कर्मी मुरारी राम व उनकी धर्मपत्नी चंदा देवी को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में उपस्थित सभी योग साधकों की आखें भर गईं। मुरारी राम ने बताया कि करीब 15 साल से पतंजलि परिवार से जुड़े हैं। हमें भी चंद्रपुरा छोड़कर जाने का मन नहीं करता है। लेकिन कुछ ऐसी ही परिस्थिति आई है कि अब चंद्रपुरा छोड़कर अपने गांव लोहरदगा जा रहे हैं। पतंजलि परिवार चंद्रपुरा से हमें काफी प्यार मिला है। हम जहां भी रहेंगे चंद्रपुरा का नाम नहीं भूलेंगे। योग केंद्र में उन्हें सभी योग साधक गुरु जी बोलकर संबोधित करते थे। डीवीसी सेवानिवृत कर्मी केके प्रसाद ने मुरारी राम व उनकी धर्मपत्नी की स्वास्थ्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि 1988 से चंद्रपुरा में एक साथ ड्यूटी किए हैं। मुरारी राम का व्यवहार काफी कुशल हैं। मौके पर जगमोहन आर्य सूर्यनंदन पांडेय शंभू शरण अरविंद सिन्हा जीतन महतो सुभाष वर्णवाल प्रमोद अनिता देवी बबीता रॉय अंकिता गीता प्रभावती स्वेता सिंपी बेबी विश्वकर्मा धनेश्वरी नीलम व योग साधक उपस्थित थे।

# चास एसडीओ के नेतृत्व में चलाया गया मतदाता-जागरुकता अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मतदाताओं को जागरुक करने के निमित निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली की शुरूआत बीएस सिटी के सेक्टर 5 चिन्मया विद्यालय से शुरू होकर अयप्पा विद्यालय जीजीपीएस स्कूल एसबीआई बैंक कॉलोनी पीएनटी मोड़ पीएनबी बैंक कॉलोनी होते हुए पुनः चिन्मय विद्यालय आकर समाप्त हुई। रैली में स्वीप कोषांग के सदस्य आमजन दिव्यांग मतदाता आदि शामिल हुए। बाइक रैली में शामिल लोग हाथों में मतदान को प्रेरित करने वाले लिखे तख्ती लेकर चल रहे थे और आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए आम जन मानस को अपील कर रहे थे। सभी लोगों ने चुनाव आयोग का है आह्वान सबको करना है मतदान। आओ सब मिलकर गाएं..हम देने वोट जरूर जाएं। देश के मतदाता है वोट देना आता है। उम्र 18 पूरी है मत देना बहुत जरूरी है आदि नारों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया गया। एसडीओ ने कहा कि बोकारो विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत बेहतर नहीं है इस बार इसमें सुधार लाना है। स्वीप नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने लोगों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। मौके पर मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सत्यबाला सिन्हा जयपाल सिंह, जया कुमारी, कंचन कुमारी आदि मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही अवैध कारोबारियों का अड्डा बना बेरमो अनुमंडल क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों द्वारा खुलेआम शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है। साथ ही बालू, पत्थर तथा कोयला का अवैध कारोबार जोरो से जारी है। बताया जाता है कि अवैध कारोबारियों को किसी का डर नहीं रहता है, क्योंकि चुनाव में सभी प्रशासनिक तथा पुलिस पदाधिकारी हो अथवा उच्च पदाधिकारी। सभी चुनाव कार्य में व्यस्त रहते हैं। जिसका फायदा उठाकर अवैध कारोबारी का मनोबल इतना ऊंचा हो जाता है, कि एक महीना के अंतराल में धंधेबाज मालामाल हो जाते है।बताया जाता है कि पहले यह अवैध धंधा रात के अंधेरे में किया जाता था, लेकिन अब दिन में ही अवैध धंधा का कारोबार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रत्येक दिन 500 की संख्या में मोटरसाइकिल से कोयला बंगाल भेजा जाता है। बंगाल जाने का रूट कसमार थाना क्षेत्र तथा जरीडीह थाना क्षेत्र बताया जाता है।

साथ ही बिना चालान का हीं बालू, पत्थर भी बेधड़क क्षेत्र में खपाया जाता है। जिसके चलते सरकार को राजस्व की घोर क्षति हो रही है। सूत्र बताते है कि अवैध बालू प्रत्येक दिन 300 टैक्टर खपाया जाता है। वही अवैध कारोबार पत्थर को जंगल क्षेत्र से खनन कर सड़क निर्माण कार्य में खपाया जा रहा है। सूत्रो का मानना है कि अगर सही जानकारी लेनी हो तो दामोदर नदी खाजो नदी से बालू का उठाव होता है। इसका रूट चलकरी, खेतको, अंगवाली के कई क्षेत्र है। जहां सुबह 4 बजे से शुरू होकर रात्रि 10 बजे तक पेटरवार, कसमार, जैनामोड़ तथा बोकारो में खपाया जाता है। यह माइनिंग विभाग को मालूम है, इसके बावजूद भी अवैध कारोबारी का खुलेआम कारोबार चल रहा है। वही पत्थर का खनन वन विभाग के क्षेत्र से खुलेआम हो रही है और सड़क निर्माण में यह पत्थर खपाया जाता है। रही बात शराब का तो साप्ताहिक बाजारों में पान गुमटियों, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं कई तथाकथित लोगो द्वारा अपने घर में शराब पीने से लेकर बेचने तक सिलसिला जारी रहता है।

सूत्रों का मानना है कि सही जानकारी प्राप्त करनी हो तो साप्ताहिक हाट में यह नजारा देखने को मिल जाएगा। जिस जगह शराब का खुल्लम खुल्ला बिक्री होता है उसमें कसमार प्रखंड के साप्ताहिक हाट एवं होटल, चौक चौराहे में खुलेआम शराब कि बिक्री होती है। उत्पाद विभाग को इसकी जानकारी है, जहां अक्सर शराब की बिक्री हो रही है। इसके अलावा खैराचातर, दांतू, बगदा, मधुकरपुर, पीरगुल शामिल है।

### पेटरवार में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने प्रतिष्ठानों में चलाया जांच अभियान



**बेरमो।** खाद्य पदार्थों की जांच के लिए सैंपल किया संग्रह उपायुक्त बोकारो के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता लकड़ा ने पेटरवार के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए कुल दस (10) सैंपल एकत्र किया गया। जिसे राज्य खाद्य प्रयोगशाला, रांची जांच हेतु भेजा गया है। सैंपल फेल होने पर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया गया। प्रतिष्ठान में स्वच्छता बनाये रखने, मिठाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं अनावश्यक रंगों के उपयोग से बचने के लिए निर्देश दिये गये। दिवाली-छठ त्योहारों के मद्देनजर बोकारों में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### अवधेश कुमार पर हो सकता है आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किए जाने का मामला दर्ज



**चाईबासा।** ग्रामीण कार्य विभाग में भ्रस्टाचार का यह आलम है कि पदस्थापन की प्रतिक्षा में मुख्य अभियंता अवधेश कुमार ग्रामीण विकास विशेष के मुख्य अभियन्ता की हैसियत से कार्य कर रहे हैं, यहां तक सूत्र बताते हैं कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले के डेट से संवेदक को कार्य आवंटन का पत्र जारी किया जा रहा है, आचार संहिता लागू होने से मंत्री जीरो और विभागीय सचिव हीरो हो गए हैं। विभागीय सचिव के एक तरफा राजपाट होने के बाद अवधेश कुमार खुले आम बोल्ड तरीके से बैक डेटिंग कर रहे हैं। विदित हो कि 8 तारीख से अवधेश कुमार पदस्थापन की प्रतिक्षा में हैं, लेकिन इंलीगल रूप से विभागीय सचिव को मैंनेज कर पेंडिंग टेन्डर का एलओएआइ दे रहे हैं। मालूम हो कि जल संसाधन विभाग अवधेश कुमार की सेवा वापस ले ली है। पुनः स्वतंत्र चालू प्रभार के रूप में मुख्य अभियन्ता बना कर ग्रामीण में सेवा सौंपा गया है। इस लिए पूर्व की सभी पद पर कार्य करने के आदेश स्वतअः विलोपित हो गया है, यह भी मालूम हो कि अवधेश कुमार का पूर्व का मूल्य पदस्थापन अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष रांची अंचल रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग में कुछ भी सम्भव है, यहां किसी को भी इडी और एनआइए से डर नहीं लगता है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के टेन्डर में फेल संवेदक को पास करने में दस फीसदी कमीशन वसूली का खेल हो रहा है। पहले भी लोकसभा के दौरान आचार संहिता के लागू होने के बाद अवधेश कुमार 79 टेन्डर डिसाइड किए हैं, जिस में भारी घोटाला हुआ है। आज अवधेश हवा में यानी बेस लेस तरीके से पदस्थापन की प्रतिक्षा में रहते हुए टेंडर डिसाइड करने का सबसे बड़ा घोटाला को अन्जाम दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार विभागीय सचिव का मौन समर्थन होने के कारण अवधेश कुमार इंलीगल तरीका से काम कर रहे हैं, अवधेश को पता है आने वाले समय में इसका हिसाब हमको ही देना है, उस समय के श्रीनिवासन मेरे साथ नहीं रहेंगे। जिस तरह आज जेल में बंद बीरेन्द्र राम के साथ कोई नहीं है।

# बरहेट विधानसभा से शहीदों के परिजनों को टिकट दें राजनीति पार्टियां : डॉ राजकिशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राजनैतिक पार्टियों से धर्मांतरित लोगों को विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं देने की मांग जनजातिय सुरक्षा मंच ने की**

**दुमका।** जनजाति सुरक्षा मंच जिला इकाई ने प्रेसवार्ता कर विभिन्न राजनैतिक पार्टियों से अनूसूचित जनजाति आरक्षित सीट से धर्मांतरित उम्मीदवारों को विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं देने का मांग किया है। इस बावत सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ राजकिशोर हांसदा प्रेसवार्ता कर कहा कि वर्तमान में जो चुनाव झारखंड और महाराष्ट्र में हो रही है। उसमें जितने भी पार्टी अपना उम्मीदवार उतार रहे है। उनसे प्रेसवार्ता के माध्यम से आग्रह है कि कोई भी पार्टी अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से किसी किसी भी धर्मांतरित व्यक्ति को टिकट नहीं दे। जो व्यक्ति अपना मूल रीति-रिवाज संस्कृति और परंपरा को छोड़ चुके हैं और अन्य मत या मजहब में चले गए हैं। उनको कोई भी पार्टी आरक्षित सीट से टिकट नहीं दें। उन्होंने कहा कि अगर कोई पार्टी जनजाति आरक्षित सीट से किसी को भी टिकट देती है, तो जनजाति सुरक्षा मंच और जनजाति समाज की ओर से उनका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जनजाति समाज के साथ बहुत ही गलत हो रहा है, चुकी वैसे लोग जो अपना मूल संस्कृति परम्परा को छोड़ दिए हैं। जाहेर थान मांझी थान को छोड़ दिए हैं। वह आदिवासी कैसे हो सकते हैं। फिर उनको कोई भी पार्टी जनजाति आरक्षित सीट से टिकट क्यों देती है। डॉ हांसदा ने बताया कि झारखंड और महाराष्ट्र के सभी प्रमुख दलों के प्रदेश अध्यक्ष को इस निमित्त आवेदन भी दिए गए हैं। दूसरा विषय उन्होंने कहा कि बरहेट विधानसभा क्षेत्र में जो झारखंड के महापुरुष सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलों-झानों के वंशज हैं। उनके सम्मान के लिए बरहेट विधानसभा से किसी न किसी राजनीतिक दल को उनके परिवार को टिकट देना चाहिए। इसीलिए जनजाति सुरक्षा मंच सभी पार्टियों से आग्रह करती है की महापुरुषों के वंशज को भी पार्टी टिकट दें। इस अवसर जिला संयोजक माइकल मुर्मू और मिडिया प्रमुख संतोष कुमार उपस्थित थे।

# यूपीए गठबंधन की सरकार लोगों को बेवकूफ बना रही है : रविंद्र पांडे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** भारतीय जनता पार्टी बेरमो विधानसभा के प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडे को बनाए जाने के बाद बेरमो फुसरो स्थित उनके आवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं ने फूलमाला वह मिठाई खिलाकर रविंद्र पांडे का स्वागत किया। मौके पर पांडे ने कहा कि यूपीए गठबंधन की सरकार झारखंड में आम जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया है एक भी वादा पूरा नहीं किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुझ पर जो भरोसा किया है उस पर खरे उतरने का प्रयास करूंगा। बेरमो की जनता व कार्यकर्ता जवाब देने को तैयार है। आज झारखंड में वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन को बंद कर माइया सम्मान योजना चलाया जा रहा है। लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन की सरकार बनते ही राज्य में चौमुखी विकास किया जाएगा डबल इंजन की सरकार जिस राज्य में है वहां आज चौमुखी विकास किया जा रहा है।

# बढ़ता साइबर क्राइम

दुखद यह कि वे बिचौलियों, दलालों व अपराधियों की साजिश से मानव तस्करी और साइबर अपराधों का शिकार बन रहे हैं। सुनहरे सपने दिखाने वाले ऑनलाइन विज्ञापनों से सम्मोहित होकर हमारे युवा ऐसे आपराधिक जाल में फंस जाते हैं कि वहां से उनका देश लौटना भी संभव नहीं होता। हमारे देश की काली भेड़ें इस साजिश का हिस्सा होती हैं। भारत के हजारों युवा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फंसे हैं और साइबर अपराध करने वाले नियोक्ताओं के चंगुल में फंसकर अवैध गतिविधियों को संचालित करने को मजबूर हैं। यह तथ्य भी कम चिंताजनक नहीं है देश में साइबर अपराध में लिप्त लोग ही हमवतन लोगों को संदिग्ध क्रिप्टोकरेंसी योजनाओं में निवेश करने को लुभा रहे हैं। जनवरी 2022 से मई 2024 तक विजिटिंग वीजा पर कंबोडिया, थाइलैंड,म्यांमार और वियतनाम की यात्रा करने वाले 73000 भारतीयों में 30,000 अभी तक वापस स्वदेश नहीं लौटे हैं। इनमें से आधे से अधिक साइबर गुलाम 20 से 39 वर्ष आयु वर्ग के हैं। यह हमारी कानून व्यवस्था व खुफिया तंत्र की विफलता भी है कि हमारे बच्चे आसानी से साइबर अपराध करने वाले गिरोहों के चंगुल में फंस जाते हैं। साइबर अपराधों व इस तरह की धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिये केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय ने दो करोड़ अवैध मोबाइल फोन कनेक्शन काटने का निर्णय लिया है। दरअसल, ये मोबाइल कनेक्शन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदे गये थे। जिनका दुरुपयोग साइबर अपराधों को अंजाम देने के लिये किया जा रहा था। ऐसे हालात में अपराध नियंत्रण हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही इस संजाल की जड़ तक पहुंचने की कोशिश की जानी चाहिए ताकि साइबर अपराधी भोले-भाले लोगों को अपने जाल में न फंसा सकें।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

# भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र

**पूरे** देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे। इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये। यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैला कर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है। देशभर में हुए दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं। दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियां मिलीं। सावधानी के लिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे। हालांकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। ये घटनाएं तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले।

भारत में ये घटनाएं नई नयी हैं, ऐसी घटनाएं पहले भी हुईं हैं लेकिन पिछले छह महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है। एक तो संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है, दूसरे क्रूरता बढ़ी है। हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था। जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा। दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो। कुछ घटनाओं में तो झांकियों के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये। बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है।

यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी। इन दिनों





**-रमेश शर्मा**

> रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुंच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये।

भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनिया भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है। लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है। इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा । तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा। जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता।

यह आशंका निराधार नहीं हो सकती कि यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है। इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है। किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूँकि ये घटनाएँ किसी प्राँत या क्षेत्र में घटीं हों इनमें साम्य है। तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएँ उत्तरप्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आईं। इन सभी प्राँतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है। लेकिन सभी प्राँतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है ।

रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से। ताकि आसानी से पकड़ में न सकें। रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई।

### विभिन्न शक्तियों का गठजोड़

किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिये सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है। लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है। पिछले दस वर्षों से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है की अब दुनियाँ के पन्द्रह देश अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉबी चिंतित है। इन लॉबियों का गठजोड़ बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन में देखा जा सकता है। वह कहने के लिये छात्र आँदोलन था लेकिन परदे के पीछे वे कट्टरपंथी थे जिनकी मानसिकता भारत और सनातन विरोधी रही है। आंदोलन के साथ हिन्दू मंदिरों और बस्तियों को निशाना बनाया गया। सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर लगातार हमले हुये। वह मुकुट भी गायब कर दिया गया जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के समय भेंट किया था।

## लेटर टू एडिटर

### राजनीति की चमक

**राजनीति** कुछ लोगों के खून में होती है, कुछ को विरासत में मिलती है, और कुछ दूसरों की कूटनीति का शिकार होकर इसमें प्रवेश करते हैं। विनेश फोगाट का राजनीति में आगमन इसी तीसरे कारण से हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने शिक्षा, सिनेमा और खेल की नामचीन हस्तियों की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनका उपयोग किया है। विनेश का मामला भी इसी श्रेणी में आता है। कांग्रेस की रणनीति से वह राजनीति की चकाचौंध का हिस्सा बनी।

**- ईश्वर चन्द गर्ग, रांची**

### असहजता

**फिल्मी** सितारे, कला-संस्कृति और खेल से जुड़ी हस्तियां अक्सर राजनीति में कदम रखती हैं। उनकी उपलब्धियों और लोकप्रियता के कारण उन्हें सम्मान मिलता है, लेकिन राजनीति में आने के बाद वे किसी विशेष दल के साथ जुड़ जाते हैं। इससे उनके प्रशंसकों में असहजता उत्पन्न हो सकती है।

**- रविशंकर सिंह, गढ़वा**

**बाबा** विश्वनाथ की नगरी काशी सहित देशभर के अपने भाई-बहनों का जीवन और आसान बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में कल दोपहर बाद करीब 2 बजे वाराणसी में आरजे शंकरा आई हॉस्पिटल के उद्घाटन के अलावा कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

**बहनों,** आप देखना, वो आएंगे और आपको गुमराह करने की कोशिश करेंगे। पर आपको सतर्क रहना है, भाजपा के झूठे वादों और भ्रम में नहीं आना है। झारखण्ड में फिर से अबुआ सरकार बनानी है।

**- कल्पना सोरेन ,विधायक**

भारत की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है.देश की वंचित और गरीब आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इंडिया के साथ खड़ी हो गयी। **- राहुल गांधी, कांग्रेस**

# खाद्य पदार्थों में थूक-मूत्र मिलाना स्वास्थ्य पर हमला ही नहीं कुकृत्य है

**शालिनी मिश्रा**

**इन** दिनों एक मुद्दे पर लगातार विवाद मचा हुआ है। यह मुद्दा सभी के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है और साथ ही धार्मिक अधिकार, भोजन की शुचिता और शुद्धता के साथ भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में देखा जा रहा है कि कुछ लोग जानबूझ कर भोजन की शुद्धता को बर्बाद कर रहे हैं। पिछले दिनों गाजियाबाद में एक ऐसा मामला आया था, जिसने सभी को हैरान कर दिया। जूस में पिशाब मिलाकर ग्राहकों को दिया जा रहा था। इसके बाद सभी के मन में प्रश्न उठा कि आखिर वह क्या सोच है जो इतना घिनौना काम करने के लिए प्रेरित करती है। दूसरों के भोजन में थूकने का विचार रखती है।

गाजियाबाद के इस मामले के अतिरिक्त न जाने कितने ऐसे वीडियो और समाचार आए जिसमें रोटियों में लोग थूकते दिखे, सब्जियों को मूत्र से धोते दिखे और सब्जियों को नाली के पानी से धोते हुए दिखे। चूंकि इन सभी मामलों में एक खास मजहब के लोगों का नाम सामने आया तो भारत का लिबरल और कथित सेक्युलर वर्ग इसे विकृत मानसिकता और हिंदुओं के प्रति घृणा न बताते हुए बीमारी बताने लगा। जबकि सभी उदाहरणों से यह प्रमाणित होता जा रहा था कि यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि अपने मजहब से ताल्लुक न रखने वाले सभी समुदायों के प्रति घृणा थी। यह घृणा इस सीमा तक थी कि वे अपने पेशे के साथ भी अन्याय करने लगे थे। उनके पेशे में ग्राहक के प्रति कुछ जिम्मेदारियाँ भी शामिल थीं मगर ये जिम्मेदारियाँ दूसरे समुदाय के लोगों के प्रति घृणा से हार गईं। कौन भूल सकता है वह वीडियो, जिसमें एक युवक का फेशियल करते समय पानी के स्थान पर एक आदमी थूक इस्तेमाल कर रहा है।

जिस भारत में तहजीबी अतिक्रमण की विकृत मानसिकता के कारण इन दिनों

**सामयिक**

> भोजन और खाद्य पदार्थों को थूक या पेशाब के माध्यम से दूषित करने का कुकृत्य अपराध है। यह धार्मिक अधिकारों का भी हनन करता है। जहां हिन्दू धर्म में हर वस्तु पवित्र रूप में देवों पर अर्पण की जाती है, तो वहीं इस प्रकार सब्जी, फल आदि को थूक और पेशाब से दूषित करना, धार्मिक अधिकारों पर बहुत बड़ा हमला है।

खाद्य पदार्थों में थूक, पेशाब आदि मिलाए जा रहे हैं, उसी भारत में खानपान को लेकर शुद्धता के जो मानक हैं, वह सहज किसी भी संस्कृति में नहीं पाई जा सकते हैं। चरक संहिता में आहार को जीवों का प्राण कहा गया है। ऐसा कहा गया है कि वह अन्न प्राण-मन को शक्ति देता है, बल, वर्ण और इंद्रियों को प्रसन्नता देता है। छान्दोग्य उपनिषद् में आहार विषयक मंत्र है, ह्लआहारशुद्धौ सत्वशुद्धि। सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः। स्मृति लाभै सर्व ग्रन्थीनां विप्रमोक्षःझ्ठ आहार की शुद्धि से हमारे जीवन की सत्व शुद्धि है। सत्व शुद्धि से स्मृति मिलती है ह्व भोजन का अर्थ हमारे परिप्रेक्ष्य में कभी मात्र पेट भरना नहीं था। देह को मंदिर माना जाता है, जिसमें उस परमात्मा का वास है। यदि देह मंदिर है और इसमें परमात्मा का वास है, तो क्या इस परमात्मा को कुछ भी अर्पित कर दिया जाएगा? जब आत्मा तृप्त होगी तभी इस देह में उपस्थित परमात्मा संतुष्ट होंगे। हमारा भगवान किसी आसमान पर बैठ कर हमें नहीं देखता, हमारे यहाँ तो हम सभी उन्हीं का अंश हैं, तभी देह को मंदिर की संज्ञा दी गई है। जैसे हम मंदिर को स्वच्छ रखते हैं, वैसे ही अपनी देह को स्वस्थ और स्वच्छ रखना चाहिए। तभी हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। मगर क्या हो जब देह से लेकर आहार तक दूषित हो जाए?

भोजन और खाद्य पदार्थों को थूक या पेशाब के माध्यम से दूषित करने का कुकृत्य अपराध है। यह धार्मिक अधिकारों का भी हनन करता है। जहां हिन्दू धर्म में हर वस्तु पवित्र रूप में देवों पर अर्पण की जाती है, तो वहीं इस प्रकार सब्जी, फल आदि को थूक और पेशाब से दूषित करना, धार्मिक अधिकारों पर बहुत बड़ा हमला है।

यह घिनौना कार्य सामाजिक अपराध है। यह समाज में समुदायों के प्रति अविश्वास व घृणा को उत्पन्न करता है। यह उस अविश्वास को जन्म देता है, जिसकी परिणिति नाम देख कर सामान खरीदने के रूप में आती है। भोजन की शुद्धता ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है और जो भी इसमें खिलवाड़ करता है उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# जाति के सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करने की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

**हम** असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे सम्बंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में है। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ण की अनुभूति भारतीय चिन्तन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमण्डल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़ कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं। संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता है और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोक व्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी है। हम विराट प्रकृति का अंग है। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है।

लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का

**समाज**

सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में ह्लजातियों की उत्पत्ति और संरचनाह्व पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि, ह्लकिसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा ह्व वे कहते हैं ह्लजाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है ?ह्व प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है।

ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, ह्लजाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी ह्व सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किये। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में ह्लनस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुताह्व पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था ह्लजाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है ह्व सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है।

राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जन अभियान चाहिए। संविधान निमार्ताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं।

स्पीड न्यूज

## होटल से भारी मात्रा में शराब जब्त



**कुजू।** कुजू ओपी के आरा कांटा चार नंबर के पास गणेश होटल एवं उसके अन्य अड्डा से कुजू पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को बरामद किया। ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद अवैध रूप से शराब बेचने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत आरा चार नंबर के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री की सूचना मिली थी, इसके बाद कार्रवाई करते हुए होटल में छापा मारकर शराब को जब्त किया। जिसमें गॉड फादर कम्पनी का 6 सौ 50 एमएल का 45 बियर बोतल, गॉड फादर कंपनी का 5 सौ एमएल का 12 कैन बियर, मेकडोनल नंबर 1 कंपनी का 3 सौ 75 एमएल का 3 विस्की बोतल और मेकडोनल नंबर 1 कंपनी का 1 सौ 80 एमएल का 10 विस्की बोतल को जब्त किया। इस संबंध में विधिवत करवाई की जा रही है। छापेमारी में ओपी प्रभारी सहित एसआई आशीष कुमार गौतम और जवान शामिल थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले दर्जनों गरीब-जरूरतमंदो के बीच पुरी और सब्जी का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा बड़ा पूण्य का कार्य है। गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सभी को अपने स्तर से तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, शिवकुमार यादव, लालू उरांव, रेणुका देवी, लखन राम, मो. इम्तियाज, सुकरा करमाली आदि समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा।

## भुरकुंडा में सीपीएम की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीपीएम रामगढ़ जिला कमेटी की रविवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कॉ. धनेश्वर महतो ने की। राज्य कमेटी से आए पर्यवेक्षक कॉ. रामचंद्र ठाकुर के मार्ग-दर्शन में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. जीएन सांईबाबा का जेल में अमानवीय प्रताड़ना एवं कष्ट देने के कारण हुई मृत्यु तथा केदला ओपनकास्ट प्रोजेक्ट के मजदूर गुरुचरण मांझी का ड्यूटी से लौटते वक्त सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर एक मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने लिखित प्रतिवेदन पेश किया। जिसपर सबों ने अपने विचार रखते हुए रिपोर्ट को पारित कर दिया। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर आरपी सिंह चंदेल ने कहा कि 25 एवं 26 अक्टूबर को प्रस्तावित पार्टी का दो दिवसीय जिला सम्मेलन को चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण स्थगित कर दिया गया है।

## श्रीश्री छठ पूजा समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा नलकारी नदी तट स्थित छठ मंदिर प्रांगण में रविवार को श्रीश्री सूर्य नारायण सूर्य षष्टी महायज्ञ समिति एवं छठ पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संजीत राम और संचालन सतीश कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न विषय पर विचार-विमर्श करते हुए श्रीश्री सूर्य नारायण सूर्य षष्ठी महायज्ञ में किए गए आय-व्यय पर चर्चा करते हुए खर्च का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जिस पर चर्चा करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व श्रीश्री छठ पूजा त्योहार धूमधाम और भक्तिभाव से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सबों के सहयोग से पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ छठ पूजा मनाया जाएगा। छठ पूजा की तैयारियां पर चर्चा करते हुए इसकी रूपरेखा तय की गई। बैठक में संजय वर्मा, चमन लाल, अरुण राम, मुकेश पांडेय, संजय मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, रविंद्र राम, विजय कुमार, अजय पासवान, गुरुदयाल ठाकुर, भीखम राजभर, जोगेन्द्र घांसी, आजाद भुंइया, अजीत कुमार, राजेंद्र करमाली, दीपक कुमार, उपेंद्र शर्मा, जग्गू झांसी, राजन कुमार, दीपक कुमार, संजय यादव, सतीश कुमार, रवि दीप, उत्तम सिन्हा, अशोक तिवारी, संजीत राम, गोपर करमाली, गुड्डू पांडेय रघुनंदन प्रसाद, भोला कुमार सहित कई लोग मौजूद थे

## कुजू में महिला का शव बरामद



**कुजू।** कुजू रेलवे स्टेशन के निकट बने रेलवे क्वार्टर के सामने नाले से कुजू पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को नाले से निकाल कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि कुजू पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का शव नाले में पड़ी है। जिस पर कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय सदल बल के साथ मौके पर पहुंचकर महिला के शव को नाले से बाहर निकलवाया। साथ ही शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। परंतु समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# हजारीबाग सदर से भाजपा ने प्रदीप प्रसाद को दिया टिकट

**▸▸ 2014 में मनीष जायसवाल ने प्रदीप प्रसाद को हराया था**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा के लिए भाजपा ने प्रदीप प्रसाद को दिया टिकट । प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग जिले में समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान बनाई। 2012 से वे राजनीति में सक्रिय हुए। शुरूआती दौर में प्रदीप प्रसाद अपने कार्यालय में रक्तदान और सर्पदंश से पीड़ित लोगों की मदद करते थे। यहीं से उनका नाम और ख्याति पूरे हजारीबाग में फैल गई। प्रदीप प्रसाद हजारीबाग में जमीन कारोबारी के रूप में भी जाने जाते हैं। इसके अलावा उनके कई अन्य कारोबार भी हैं। पहली बार 2014 में प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा चुनाव लड़ा। उस समय उन्होंने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा। उस चुनाव के जरिए हजारीबाग में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

वे पहले आजसू और फिर कांग्रेस में शामिल हुए। 2019 में कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया। कुछ दिनों तक वे कांग्रेस में सक्रिय रहे। लेकिन बाद में उन्होंने इसे अलविदा कह दिया। इसके बाद वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में हजारीबाग विधानसभा सीट पर भाजपा के मनीष जायसवाल ने निर्दलीय प्रदीप प्रसाद को हराया था। मनीष जायसवाल को 89675 (44.46 प्रतिशत) वोट मिले थे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में प्रदीप प्रसाद को 62546 (31.01 प्रतिशत) वोट मिले थे। वे दूसरे स्थान पर रहे। प्रदीप प्रसाद भाजपा से टिकट पाने के लिए प्रयासरत थे। अब उनका इंतजार पूरा हुआ है। टिकट की घोषणा के साथ ही प्रदीप प्रसाद के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। कई जगह पटाखे चलाकर नारे लगाए गए। वहीं अन्य दावेदारों व उनके समर्थकों में मायूसी छा गई। गौरतलब है कि सदर विधानसभा सीट सामान्य है और पिछले दो चुनाव से भाजपा मनीष जायसवाल पर दाव खेल रही थी। लोकसभा में जीत के बाद श्री जायसवाल सांसद हो गए जिसके बाद प्रदीप प्रसाद विधानसभा की टिकट की दौड़ में शामिल हो गए और सभी को पछाड़ते हुए बाजी मार ली है।

### अब कांग्रेस पर नजर

भाजपा के उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही अब जनता की निगाहें कांग्रेस के टिकट पर है। भाजपा ने प्रदीप प्रसाद जैसा बड़ा चेहरा मैदान में उतारकर कांग्रेस को एक बार फिर से रणनीति पर सोचने को मजबूर कर दिया है। वहीं भाजपा से भाजपा से प्रदीप प्रसाद का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस से टिकट मांग रहे सामान्य, एससी, व ओबीसी वर्ग के दावेदारों की उम्मीदों को पंख लग गए हैं। मुन्ना सिंह, विनोद कुशवाहा, आरसी मेहता सहित अन्य दावेदार कांग्रेस से टिकट की आस में है। देखना है इनमे से किसी को या फिर किसी नए अन्य पर कांग्रेस अपना दांव खेलती है।

# मनोज यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने रविवार सुबह अंबेडकर नगर, बाराटांड के विभिन्न टोला और मुहल्लों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों को भाजपा के विकास कार्यों से अवगत कराना और आगामी चुनावों में भाजपा के लिए समर्थन जुटाना था। मनोज कुमार यादव ने जनसम्पर्क के दौरान स्थानीय निवासियों से मुलाकात की और भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास को और आगे बढ़ाएं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा समाज के हर वर्ग के हित में काम किया है और पार्टी की प्राथमिकता आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे भाजपा के प्रति विश्वास बनाए रखें और आगामी चुनाव में पार्टी के पक्ष में मतदान करें ताकि विकास दोगुनी गति से हो। इस जनसंपर्क अभियान में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। जीप उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्व मुखिया सुमन देवी, साधुशरण दास, वार्ड सदस्य संजय रविदास, बिरेन्द्र रविदास, अनुज रविदास और राज आर्यन उर्फ छोटी समेत अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने भाजपा की विचारधारा और योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने की कोशिश की, पार्टी को अधिक से अधिक जनसमर्थन मिल सके।

### ज्योति क्लब में दुर्गा पूजा के आय-व्यय की दी जानकारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में रविवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। श्रीनिवास अग्रवाल ने दुर्गा पूजा के आय-व्यय का लेख-जोखा प्रस्तुत किया। सभी के सहयोग से इस वर्ष भी जवाहर नगर ज्योति क्लब में भव्य तरीके से दुर्गा पूजा और रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसके लिए पूजा समिति के तमाम लोगों सहित आमजन बधाई के पात्र हैं। मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की कृपा और पूजा समिति व आमजनों के सहयोग से अगले वर्ष और भी भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। मौके पर श्रीनिवास अग्रवाल, दीपक कुमार, बैजनाथ कुमार, राजन राउत, अप्पू मिश्रा, बंटू मिश्रा, कुल्लू मिश्रा, रोशन राणा, विनोद सिंह, कृष्णा पासवान, कमलेश मेहता सागर कुमार, ज्ञान गोसाईं, कुंदन सिंह, समिति के कई लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ एसपी ने चेक नाकों का किया औचक निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पैसे और शराब का उपयोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। एसपी अजय कुमार रविवार को खुद उन सभी चेक नाकों का निरीक्षण करने पहुंचे, जो दूसरे जिलों और दूसरे प्रदेशों से सटा हुआ है।

एसपी ने स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से अंतर जिला चेकपोस्ट तालातांड पतरातू घाटी (रॉची सीमा) एवं पालू पतरातू-खेलारी रोड़ का औचक निरीक्षण किया। चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसपी अजय कुमार ने दूसरे जिलों से रामगढ़ आने-जाने वाले वाहनों की जांच की। साथ ही चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों को रामगढ़ जिला से आने-जाने वाले वाहनों की अच्छे से जांच करने के सख्त निर्देश दिए। औचक निरीक्षण में डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन कुमार वत्स, पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी, फौजान अहमद, सार्जेंट मेजर मन्टू यादव, पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे

## बरही में उम्मीदवारों के व्यय जांच की डेट घोषित

**बरही।** विधानसभा चुनाव में भाग ले रहे उम्मीदवारों द्वारा किए गए दैनिक व्यय से संबंधित लेखा और अभिश्रव (वाउचर) की जाँच की तिथियां और स्थान घोषित कर दिए गए हैं। यह जाँच प्रक्रिया अनुमंडल कार्यालय बरही में आयोजित की जाएगी। जाँच तिथियाँ में प्रथम जाँच 1 नवंबर, द्वितीय जाँच 6 नवंबर , तृतीय जाँच 11 नवंबर को अनुमंडल कार्यालय, बरही में सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक की जाएगी।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार, सभी उम्मीदवारों को अपने दैनिक व्यय का लेखा प्रपत्र में अंकित कर वाउचर की छायाप्रति, अद्यतन पासबुक के साथ जाँच के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। कोषांग के अधिकारीगण व्यय लेखा का गहन परीक्षण कर उसी दिन संबंधित नोडल अधिकारी को प्रतिवेदन सौंपेंगे, और रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाएगी। व्यय पंजी का स्कैन कर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 30 अक्टूबर 2024 को अपराह्न 04 बजे सभी उम्मीदवारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।

एक नजर में

## सिकरी में अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता



**हजारीबाग।** सीकरी स्थित कार्यालय परिसर में पहली अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता हुआ। सात टीमों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस जैसे खेलों में भाग लिया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कोल माइनिंग डिवीजन की प्रमुख परियोजनाओं जैसे पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू,केरेडारी,बादाम,तलई पल्ली,दुहंगा नॉथ दादु और कोयला खनन मुख्यालय के खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन पकरी बरवाडीह के प्रशासनिक भवन के सामने किया गया, खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया। बैडमिंटन और टेबल टेनिस में पकरी बरवाडीह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की,जबकि चट्टी बरियातू ने वॉलीबॉल में सफलता पाई। समापन समारोह में बाहर से आए खिलाड़ियों ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की और बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। परियोजना प्रमुखों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपसी तालमेल और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं।

## आमनारी में एक ही रात चार बैल की चोरी

टाटीझरिया । आमनारी गांव में एक ही रात को करीब 12 बजे मचान से बंधे चार बैलों को चोरों ने चुरा ले गए । भुक्तभोगियों में राजेश रविदास पिता टूक्कन राम,बसंती देवी पति बिनोद बासुदेव महतो पिता स्व. गाली महतो,राजेंद्र महतो पिता महावीर महतो ने दिया । उन्होंने कहा कि खेती करने के लिए हमलोग के पास मात्र मवेशी बैल ही एक सहारा था । जिससे हमलोग कर्ज के लेकर खरीद किए थे। लेकिन विडम्बना है कि बीते रात्रि 12.00 बजे अज्ञात चोरों ने चार बैल को मचान से बंधे खूंटे से लेकर फरार हो गए। हालांकि टाटीझरिया थाना परिसर में पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन संबंधित समस्या को समाधान लेकर दी गई है। भुक्तभोगीयो में राजेश रविदास ने 8102046516 और बसंती देवी ने 6209258636 अपना फोन नंबर साझा किया और आग्रह किया है कि जिन सज्जन को चोरी हुए बैल संबंधित जानकारी मिले तो दिए गए इन नंबरों में संपर्क कर सूचित करे।

## पायनियर बीज कंपनी ने लगाया प्रदर्शनी

**टाटीझरिया ।** कोटेर्वा एग्री साइंस पायनियर द्वारा दारू प्रखंड के सुल्तानी गाँव में आज फसल प्रर्दशनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस दौरान किसानों के बीज बालियो का दंगल किया गया जिसमें सभी किसान ने भाग लिया । पायोनियर संकर धान 120 ग्राम प्रति 10 बाली के साथ सभी धान में विजय हुवा जबकि दूसरे संकर धान अधिकतम 70 से 80 ग्राम में ही सिमट गये ल कंपनी के जोनल सेल्स मनेजर आशुतोष कुमार और ज़िला सेल्स मैनेजर समित कुमार ने किसानों को बतलाया कि ये धान किसी दूसरे अन्य धान से 3 से 4 क्विंटल प्रति एकड अधिक पैदावार देता है' विजेता किसान को मेडल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया साथ ही किसानों को रबी फसल सरसों आलू आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। सभा में निरंजन यादव, लुटा यादव ,प्रेम राम, भुवनेश्वर राम, दिलीप राम, शहादत अली आदि किसानों ने भाग लिया कंपनी के राजेश कुमार और कपिलदेव वर्मा ने सभी को धन्यवाद कर दीपावली पर्व की शुभकामनाओ के साथ सभा का समापन किया।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल वैन का फिटनेस फेल

**बरही।** एक बार फिर स्कूल प्रशासन और वाहन मालिकों की लापरवाही की वजह से मासूम बच्चों की जान खतरे में पड़ गई। स्वामी विवेकानंद स्कूल, खोड़ाहर की एक वैन, जिसका फिटनेस और इंश्योरेंस दोनों ही फेल था, एक दर्दनाक दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना बरही के खोड़ाहर क्षेत्र में घटित हुई, जब स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही टाटा मैजिक वैन वाहन संख्या जेएच 02 एएफ 1443 विपरीत दिशा से आ रहे एक बड़े ट्रेलर वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन में सवार बच्चों में से पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि सभी बच्चों की हालत अब स्थिर है, लेकिन उनकी चोटें गंभीर हैं और आगे की देखभाल की आवश्यकता है।

## मुखिया के पुत्र की पुण्यतिथि पर शोक सभा



**बरही।** धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के पुत्र दीपक कुमार की छठी पुण्यतिथि पर शोक सभा हुआ। सभा में परिवार के सदस्यों के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनेता शामिल हुए। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि दीपक की यादें उनके जीवन का हिस्सा बनी रहेंगी। शोक सभा में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी लोगों ने मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के पुत्र स्व. दीपक कुमार के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर डोमन पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, जितेन्द्र यादव उर्फ मंटु यादव, वार्ड सदस्य मो हसमत, जय गोविन्द प्रसाद, दिवाकर कुशवाहा, सुरेश पंडित प्रकाश साव, योगेन्द्र साव, सहित कई राजनीतिक व सामाजिक लोग मौजूद थे।

# गंगा में जब तक पानी रहे, सजना तेरी जिंदगानी रहे...

## सुहागिनों ने किया करवा चौथ, पति के दीर्घायू की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रो में रविवार को करवा चौथ पर्व धूमधाम से भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ नियम पूर्वक निर्जला उपवास पर रहीं। साथ ही सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर फल-फूल पूजा सामग्रियों से थाली सजाकर शाम में पूजा अर्चना की। कई जगहो पर सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं द्वारा चलनी से चांद एवं अपने पति को देखने की रस्म निभाई गई। इस दौरान करवा चौथ की परंपरागत गीत भी गाए गए। पूजा के बाद सुहागिनों ने अपने पति के हाथो पानी पीकर उपवास का पारण किए। करवा चौथ पर्व को लेकर सुहागिनो में खासा उत्साह देखा गया। इधर रीवर साईड भुरकुंडा स्थित प्रवीण शर्मा के आवास पर सामुहिक रूप से करवा चौथ मनाया गया। सर्वप्रथम सभी सुहागिनों ने प्रातः सूर्योदय से पहले सहरी कर अपने पति की लंबी उम्र के लिये निर्जला उपवास रखा। शाम को सभी सुहागिनों ने एकत्र होकर मां गौरी की पूजा करके पति के दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान पंडित निवेदन द्विवेदी ने पूरे विधि-विधान गौरी पूजा कराई। इसके बाद चंद्रमा निकलने पर अर्घ्य देकर उपवास का पारण किया। पूजा-में सुषमा शर्मा, सुमन शर्मा, मंजु शर्मा, रजनी त्रेहान, स्नेहा त्रेहान, ममता शाहजरा, मिली चौधरी, आरती, गीतांजलि श्रीवास्तव आदि महिलाएं शामिल थीं।

### रजरप्पा में अनुसूचित जाति महासभा का हुआ पुनर्गठन

रजरप्पा। दुलमी प्रखंड के पंचायत सिरु बुध बाजार स्थित आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय में अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा की बैठक हुई। बैठक में महासभा के जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, जिला उपाध्यक्ष शंकर नायक, आजसू पार्टी के दुलमी प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, अनुसूचित जाति महासभा के चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष जयदेव नायक एवं अजय नायक उपस्थित हुए. बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव अमरदीप राम एवं संचालन विनोद नायक ने किया। बैठक में अनुसूचित जाति महासभा का पुनर्गठन एवं विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुभाष नायक, सचिव सुखदेव राम, कार्यकारी अध्यक्ष राजू नायक, उपाध्यक्ष किशोर नायक, अरुण नायक, सह सचिव विजय नायक एवं धर्मेंद्र नायक को बनाया गया। जिलाध्यक्ष उत्तम पासवान ने कहा कि आजसू पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है।

## स्पीड न्यूज

### प्रेमी युगल ने भागकर मंदिर में रचाई शादी

**चतरा।** जिले के एक प्रेमी युगल ने अपने परिवारों और समाज की परवाह किए बिना मंदिर में शादी कर ली। लड़का औरू पंचायत के सतघरवा का रहने वाला है जबकि लड़की लमटा पंचायत के अमीनिया गांव की है। दोनों ने 17 अक्टूबर को डोभी के ठाकुर वाडी मंदिर में शादी की। लड़की के परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। दोनों पक्षों के परिवार असमंजस में हैं और इस शादी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। लड़के को कुछ महीने पहले लड़की से शादी करने से इनकार करने पर 5 महीने तक जेल में रहना पड़ा था। अब दोनों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है क्योंकि उन्हें अपनी जान का खतरा है।

### डांडिया गरबा नृत्य करने वाली बच्चियों को किया गया सम्मानित

**गिद्धौर।** प्रखंड में नवरात्रि के दौरान डांडिया गरबा नृत्य करने वाली बच्चियों ने रविवार को पिकनिक का आनंद लिया। डांडिया गरबा टीम की ओर से बच्चियों को कॉपी और कलम देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम डांडिया गरबा के अध्यक्ष प्रेम राणा और सचिन देवदीप पासवान के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।मुख्य अतिथि के रूप में गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी, समाजसेवी देवनारायण दांगी, उपेंद्र दांगी, संतोष दांगी और प्रकाश दांगी उपस्थित थे। डांडिया गरबा नृत्य करने वाली बच्चियों ने अतिथियों को बुक देकर सम्मानित किया और मुखिया ने बच्चों को कॉपी और कलम देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में लगभग 65 बच्चियों ने भाग लिया।

### सार्वजनिक छठ पूजा समिति का हुआ विस्तार

**गिद्धौर।** गिद्धौर गाँव में 2024 में भी छठ पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। छठ पूजा समिति का विस्तार किया गया है, जिसमें राजेश कुमार कुशवाहा को अध्यक्ष, विकास कुमार उर्फ चंदन को उपाध्यक्ष, कवींद्र कुमार को महासचिव, मनोज होंडा और दीपक कुमार को सचिव, प्रभात कुमार और पिंटू कुमार को कोषाध्यक्ष, मुकेश कुमार और दिनेश कुमार को सह कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार और मनोज वर्मा को निर्देशक, विक्की कुमार उर्फ विकास को संचालक, उपेंद्र दांगी को मुख्य संरक्षक, मंटू कुमार और उपेंद्र कुमार दांगी को प्रवक्ता के रूप में चुना गया है। ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है और ब्लॉक मोड़ से लोटार डेम छठ घाट तक साफ-सफाई और साज-सज्जा का काम चल रहा है। जगह-जगह सेल्फी दृश्य भी बनाए जा रहे हैं।

### व्यम प्रेक्षक ने चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

**चतरा।** शनिवार देर रात को श्री बदरूक गणेश बालासाहेब, व्यम प्रेक्षक ने चेक पोस्ट न०-01 प्रखण्ड हंटरगंज गोसाईडीह, चेक पोस्ट नं0-02 प्रखण्ड-प्रतापपुर गजवा, चेक पोस्ट नं०-04 प्रखण्ड सिमरिया जबड़ा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधान सभा आम चुनाव 2024 से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कार्यपालक पदाधिकारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**चतरा।** चतरा नगर परिषद क्षेत्र में आगामी दिवाली और छठ पर्व को देखते हुए शनिवार को कार्यपालक पदाधिकारी विनिता कुमारी और सिटी मैनेजर रोहित डेविड गुड़िया ने टीम के साथ विभिन्न छठ घाटों और वार्डों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ तलाब घाट, पुर्णिया तलाब घाट, कठोतिया तलाब घाट, तारलाल तलाब घाट और हैरुवा तलाब घाट का दौरा किया। इन छठ घाटों में साफ-सफाई, लाइटिंग की व्यवस्था, मिट्टी कटिंग और लेबलिंग, मिट्टी कटिंग कर सीढ़ीनुमा रास्ता बनाने और सड़क की मरम्मत कराने का निर्णय लिया गया। निरीक्षण के दौरान सिटी मैनेजर रणजीत सिंह, कनीय अभियंता संजीव कुमार, सुपरवाइजर केतन राम आदि भी उपस्थित थे।

# 30 गैलन अवैध स्प्रिट लदा पिकअप जब्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार बनाए गए बेको-लोहरा नावाडीह चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने 30 गैलन अवैध स्प्रिट लदा पिकअप को जब्त किया है। पिकअप वाहन जेएच 10 सीपी 4948 की जांच किया गया तो उसमे 30 गैलन स्प्रिट लदा पाया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक गैलन में 40 लीटर स्प्रिट यानी कुल 1200 लीटर स्प्रिट लदा था। वहीं पिकअप वाहन तथा चालक को गिफ्तार कर अग्रेत्तर कारवाही हेतु थाना परिसर लाया गया।

## 50 लीटर अवैध शराब ले जा रहा युवक गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार की सुबह लगभग सात बजे गिरिडीह-कोडरमा बटियो नदी के समीप पुलिस गस्ती के दौरान मोटरसाइकिल से सप्लाई के लिए ले जा रहे लगभग 50 लीटर महुआ शराब व मोटरसाइकिल जप्त करते हुए पुलिस ने एक तस्कर को



गिरफ्तार कर थाना लाया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान 36 वर्षीय जयप्रकाश यादव पिता स्व. रामटहल यादव साकिन नावाडीह थाना डोमचांच निवासी के रूप में की गई। वहीं गिरफ्तार युवक को उत्पाद अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार, एसआई रविप्रकाश पंडित एवं थाना के जवान शामिल थे।

## 4.2 किलो गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

कोडरमा। आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा जिले में अवैध कार्यों पर सख्ती बरतने का दिशा निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना अंतर्गत स्थित हरली विशोडीह ओवर ब्रिज के पास एक मकान में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान विशेष टीम द्वारा 4.2 किलो गांजा बरामद किया गया एवं साथ ही दो अभियुक्तों विक्की कुमार सोनी पिता स्व.लालबाबु सोनी व सोनू कुमार सोनी पिता स्व.लालबाबु सोनी दोनों हरली बिसोडीह रोड थाना तिलैया निवासी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 265/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्यवाई की जा रही है। एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकार कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, सुबोध कुमार, पिंकी रानी, निताई चन्द्र साहा, तिलैया थाना व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## श्री परमहंस बाबा का 64वां समाधि पर्व डोमचांच में 22 अक्टूबर से



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** सब-सत् का दिव्य मंत्र फूंकने वाले महा संत श्री परमहंस बाबा का 64वां समाधि पर्व डोमचांच में 22 अक्टूबर से शुरू होगा। इसी दिन समाधि पूजन, हवन, महाआरती, भजन संध्या आदि कार्यक्रम किया जाएगा। वहीं 23 अक्टूबर को समाधि पर चादरपोशी, प्रसाद वितरण समेत विविध कार्यक्रम होंगे। 24 अक्टूबर को इस महापर्व की समाप्ति महाप्रसाद खिचड़ी और खीर वितरण के साथ होगी। इस समाधि पर्व को मनाने के लिए कोडरमा, गिरीडीह, बोकारो, भागलपुर, नवादा, मुम्बई, कोलकाता, हजारीबाग, चतरा, धनबाद, बिहार शरीफ आदि जगहों से आते हैं और श्री परमहंस बाबा की समाि पर माथा टेककर मन्नत मांगते हैं। समाधि पर्व को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। श्री परमहंस बाबा के बारे में समाधि सेवक व शिक्षाविद उमानाथेन्द्र गुरु ने बताया कि परमहंस बाबा का जन्म गिरीडीह के गोंदलीटांड़ में 1870 में एक मध्यम वर्ग परिवार में हुआ था। जब बाबा पांच वर्ष के थे, तब उन्हें माता द्वारा बीज के रुप में ज्ञान प्राप्त हुआ था। महासंत श्री लंगटा बाबा ने नौ वर्ष की आयु में इनके इस ज्ञान को और विकसित किया। परमहंस बाबा सात वर्षों तक पूरे भारत का भ्रमण करते रहे, भ्रमण करते-करते 1916 में डोमचांच आये। बाबा बच्चों के साथ मगन के साथ खेलते थे। बाल-भाव को परमेश्वर भाव मानते थे।

# विधानसभा चुनाव 1998 से कोडरमा में महिला उम्मीदवार ही जीतती आ रही है

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पारा चढ़ चुकी है। एक बार फिर विधायक बनने को लेकर जोर आजमाइश शुरू हो गयी है। वहीं कोडरमा विधानसभा चुनाव के इतिहास को देखें, तो आधी आबादी की भागीदारी को लेकर अलग-अलग तस्वीर दिखती है। एक समय था जब 90 के दशक से पूर्व कोडरमा में हुए नौ आम चुनावों में एक भी महिला उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरी थीं, वहीं वर्ष 1998 में अचानक बदले राजनीतिक घटनाक्रम ने यहां आधी आबादी का ही कब्जा जमवा दिया।

**1998 के बाद पहली बार अन्नपूर्णा देवी बनीं विधायक :** 1998 में तत्कालीन विधायक रमेश प्रसाद यादव के निधन के बाद उनकी पत्नी अन्नपूर्णा देवी पहली बार विधायक बनीं, इसके बाद से अब तक हुए चुनावों में इस सीट से महिलाएं ही विधायक बनी हैं। 1998 से लेकर 2014 तक अन्नपूर्णा देवी लगातार राजद के टिकट पर विधायक निर्वाचित होती रहीं। 2014 में हुए चुनाव में भाजपा की डॉ.नीरा यादव ने अन्नपूर्णा को पराजित कर दिया। 2019 में भी डॉ. नीरा ने भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की, और 2024 में भी भरोसा जताया है।

**1990 में पहली महिला उम्मीदवार थीं गुनिया देवी :** कोडरमा में 1952 से लगातार हुए नौ आम चुनावों में एक भी महिला उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरी थीं। पहली बार 1990 में महिला उम्मीदवार के रूप में गुनिया देवी ने भाग्य आजमाया, पर उन्हें सिर्फ 627 मत मिला था। उस समय जनता दल के रमेश प्रसाद यादव विधायक चुने गये थे। इस चुनाव के बाद 1995 में किसी महिला ने उम्मीदवारी नहीं की।

**सहानुभूति लहर में जीती थी अन्नपूर्णा देवी :** वहीं 1998 में रमेश प्रसाद यादव के निधन के बाद हुए उप चुनाव में उनकी पत्नी अन्नपूर्णा देवी मैदान में आयीं और सहानुभूति लहर में जीत हासिल कर ली। वर्ष 2000 में भी अन्नपूर्णा को छोड़ कर कोई महिला उम्मीदवार नहीं थी, जबकि 2005 में अन्नपूर्णा देवी के अलावा भाजपा से लालसा सिंह व लोजपा से पूनम सिंह ने भाग्य आजमाया पर सफलता नहीं मिली। उस समय लालसा सिंह को 19805 व पूनम सिंह को 1719 मत मिले थे।

**2014 में डॉ. नीरा यादव ने हासिल की जीत :** 2009 में भी अन्नपूर्णा को छोड़ कोई महिला उम्मीदवार सामने नहीं आयी, जबकि, 2014 में भाजपा ने डॉ.नीरा यादव को उम्मीदवार बनाया और वह जीत हासिल करने में सफल रहीं। 2019 में दो महिला उम्मीदवार भाजपा से डॉ.नीरा यादव व आजसू से शालिनी गुप्ता मैदान में थीं। इसमें डॉ. नीरा 63636 मत लाकर फिर विजेता बनीं, जबकि शालिनी गुप्ता 44989 मत लाकर तीसरे स्थान पर रहीं। वर्तमान में अन्नपूर्णा देवी भाजपा से सांसद निर्वाचित होकर केंद्रीय मंत्री हैं।

## चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**मरकच्चो (कोडरमा)।** चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को चित्रांश परिवार कुशमाई नवलशाही के द्वारा अरुण सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में चित्रगुप्त पूजा प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही चित्रगुप्त पूजन के दिन सामूहिक प्रीतिभोज एवं संध्या कीर्तन भजन का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में सुरजकांत प्रसाद, बिनोद प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, तारणी प्रसाद, उमेश प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, नरेश प्रसाद, शत्रुन प्रसाद, राहुल सिन्हा, नरायण लाल, अमित सिन्हा, सत्यम सिन्हा, अरविन्द सिन्हा, ऋतिक सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, अंशु सिन्हा, आनंद सिन्हा, नवीन सिन्हा, पवन सिन्हा, सुमित सिन्हा, पंकज सिन्हा समेत चित्रांश परिवार के कई सदस्य मौजूद थे।

### अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाकों का किया गया निरीक्षण

## विभिन्न होटलों में भी मारी गई छापेमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले के अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर 24 गुणा 7 चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके। साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों जिसमें एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग द्वारा भी जांच अभियान चलाई जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने को लेकर शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर शख्त निर्देश दिया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन हो यह सुनिश्चित करें। आगे कहा सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के संदिग्ध वस्तुओं का अवैध परिवहन नहीं होने पाए, जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके लिए व्यापक छापेमारी, जांच व अन्य अभियान चलाए। शनिवार को ही निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज और निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जुहूर आलम द्वार विभिन्न चेकनकों पे चल रही जांच का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही चतरा और सिमरिया के विभिन्न होटलों में भी छापेमारी की गई।

## जिला विद्युत डीजे साउंड एवं टेंट डेकोरेटर्स का जिला स्तरीय बैठक

**कोडरमा।** जिला विद्युत डीजे साउंड एवं टेंट डेकोरेटर्स का जिला स्तरीय बैठक का आयोजन झुमरीतिलैया स्थित होटल रॉयल सेलिब्रेशन में आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित हुईं। जहां उन्होंने कहा कि डीजे पर बैन लगने से जिले भर के करीब पांच हजार लोगों के रोजगार पर असर पड़ रहा है, जो अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए जो मेहनत कर रहे हैं, उस रोजगार में किसी तरह की आंच नहीं आने देंगे। आपलोग के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष बैजनाथ यादव ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार डीजे बैन किया गया। डीजे को लेकर नियम बनाया जाए, ताकि हमलोग रोजगार को चलाकर अपने परिवार को चला सके।

# सिमरिया सीट पर दो पूर्व विधायकों के बेटों पर पार्टी ने जताया भरोसा

पंकज सिंह

**चतरा।** सिमरिया सीट से पूर्व विधायक स्वर्गीय उपेंद्र नाथ दास के पुत्र उज्वल दास को टिकट दिया गया है। वहीं, जेएमएम ने इस सीट से पूर्व विधायक स्वर्गीय रामचंद्र राम के पुत्र मनोज चंद्रा को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है और यह देखना दिलचस्प होगा कि सिमरिया विधानसभा की जनता किस पर अपना भरोसा जताती है। भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास के पिता स्वर्गीय उपेंद्रनाथ दास 1977 के बिहार विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा सीट जीती, लेकिन 1980 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में वे हार गए। 1985 में वे फिर से दूसरे स्थान पर रहे। 1990 में उन्होंने सिमरिया सीट फिर से जीत ली और 1995 में वे सीट बचाने में सफल रहे, लेकिन कम अंतर से।

2000 में वे सीट हार गए, लेकिन 2005 में झारखंड विधानसभा चुनाव में सिमरिया सीट हासिल करने में कामयाब रहे। उन्होंने 30 जुलाई 2005 से 17 सितंबर 2006 के बीच झारखंड विधानसभा के संसदीय सचिव के रूप में कार्य किया। 56 वर्ष की आयु में रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में कैंसर से उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु के बाद सिमरिया सीट के लिए उपचुनाव हुआ, जिसमें उनके बेटे कुमार उज्वल दास ने चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। वहीं जेएमएम प्रत्यशी मनोज चंद्रा के पिता स्वर्गीय राम चन्द्र राम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) से संबद्ध एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे । 1990 के बिहार विधान सभा चुनाव में राम ने सिमरिया विधान सभा क्षेत्र से चुनावी शुरूआत की और दूसरे स्थान पर रहे। 1995 के बिहार विधान सभा चुनाव में भी वे सिमरिया में दूसरे स्थान पर रहे। 2000 के बिहार विधान सभा चुनाव में वे तीसरे स्थान पर रहे। 2005 में झारखंड विधानसभा चुनाव में वे सिमरिया में दूसरे स्थान पर रहे।फरवरी 2008 में सिमरिया सीट के लिए हुए उपचुनाव में राम झारखंड विधानसभा के लिए चुने गए। राम को 2 मार्च 2009 को रांची में दिल का दौरा पड़ा और सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (सीसीएल) अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## जनता किस पर जताती है अपना भरोसा



## एक नजर में

## भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल दास नें माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास ने टिकट मिलने के बाद माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर, राम जानकी मंदिर, शनि देव मंदिर, पंचमुखी जी हनुमान मंदिर समेत अन्य देवालयों में भी पूजा की। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, बसंत नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष ऋषिबाला सिंह, निरंजन कुमार सिंह, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अनामिका देवी, रणधीर सिंह, प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा, मुखिया रंजय भारती, संतोष दांगी, ज्ञानी यादव, कुलदीप दास, जयकुमार दास, श्री राम चौरसिया, अनुज दांगी सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कोल वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौके पर हीं मौत



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संचालित आम्रपाली कोल परियोजना के एक नंबर गेट में शनिवार को कोल वाहन से हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत मौके पर हीं हो गई। मृतक का पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला स्थित तेहरहाड का रहने वाला 36 वर्षीय मिथिलेश कुमार सिंह पिता कृष्णा सिंह के रुप में हुई है। बताया जाता है मृतक के गांव का हीं रहने वाला राजेश पासवान नामक व्यक्ति कोल वाहन को चला रहा था। आपाधापी में गेट पास करने के दौरान अनियंत्रित होकर गाड़ी गढ्ढे फंस जाने पर मृतक मदद के लिए वाहन के नीचे जाकर पत्थर लगा रहा था, इसी दरम्यान वो पूरी तरह से चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते हीं जीएम अमरेश कुमार सिंह,परियोजना पदाधिकारी तथा पिकेट प्रभारी शिवमणि पासवान मौके पर पहुंचकर स्थितियों का जायजा लिये। वहीं शव को पुलिस ने देर शाम पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## दो ट्रकों की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवा माइल घाटी में दो ट्रकों की टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं मिली जानकारी के अनुसार कोयला ट्रक संख्या जेएच09ए 4912 नौवा माइल में ब्रेक डाउन होने के कारण खड़ी थी, इसी दौरान कोडरमा की ओर से आ रही ट्रक संख्या एचआर39ई5076 का ब्रेक फेल हो जाने के कारण पहले से खड़ी ट्रक में जा टकराई। जिसमें दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर 2024 को मतदान होना है, जिसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शकील अहमद, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय और प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय ने दुकान-दुकान जाकर दुकानदारों और ग्राहकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा, रैली, बैनर, पोस्टर और प्रचार रथ के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया। कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों को चिन्हित कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप के निर्देश पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की गई है, ताकि अधिक से अधिक मतदान हो सके।

## बसंत मेहता से मिले जिप अध्यक्ष

**डोमचांच (कोडरमा)।** विगत कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल भाजपा नेता बसंत मेहता से रविवार को जिला परिषद अयक्ष रामधन यादव सदर अस्पताल में मिले और हाल-चाल जाना।

## पुलिस ने डॉ.सौरभ को पूर्व के दर्ज मामले में भेजा जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर साल 2022 में कोडरमा थाना में दर्ज मामले में पुलिस ने डॉ.सौरभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई शनिवार को किया है। बता दें कि डॉ.सौरभ पर साल 2024 में भी तत्कालीन उपाधीक्षक डॉ.रंजीत कुमार ने सदर हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी के दौरान कुछ लोगों के साथ पार्टी करने का आरोप लगाते हुए कोडरमा थाना मामला दर्ज कराया था। जबकि दो दिन पूर्व भी सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अगुआई में जिले के डॉक्टरों ने सतगावां में डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार के मामले में डॉ. सौरभ द्वारा साजिश रचकर बढ़ाने का आरोप लगाया था।

स्पीड न्यूज



## मीरा मुंडा ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**पोटका।** पोटका प्रखंड – हरिणा पंचायत के पतिसाई – मेजोगोड़ा में श्री श्री लक्ष्मी पूजा के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जमशेदपुर महानगर अजजा मोर्चा जिला मंत्री शामिल होकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किये। मौके पर भाजपा कोवाली मंडल अध्यक्ष रविन्द्रनाथ सरदार , भाजपा पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप दे, हेमंत मंडल दुलाल मंडल, अपूर्व मंडल, दुलाल मुखर्जी, राजु कुंडू, विष्णु कुम्मकार, शंकर मुण्डा, प्रकाश सरदार, विशाल खांडवाल राहुल राय, मनोज सरदार, धनंजय नायक, कमल नायक , प्रभास मंडल आदि मौजूद थे।

## कलाकारों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

**गम्हरिया।** श्री श्री सार्वजनिक लक्ष्मी पूजा कमेटी, बड़ा गम्हरिया, ऊपरपाड़ा की ओर से लक्ष्मी पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक झुमर संगीत और छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसका देर रात तक दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इसे देखने काफी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसके आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष नोनीगोपाल दास, सचिव धनंजय दास, अजय दास, अरूप पॉल, बादल दास, कृष्णा बेज, अभिजीत पॉल, हरेकृष्ण पॉल, संजय दास, बिष्णुपदो पॉल, आकाश पॉल समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## चैंबर का दीपावली ट्रेड फेयर 21 और 22 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चैम्बर भवन में दिनांक 21 एवं 22 अक्टूबर को आयोजित दीपावली टेड्ज फेयर–2024 का उद्घाटन कल 21 अक्टूबर (सोमवार) को होगा। दीपावली टेड्ज फेयर के आयोजन को लेकर चैम्बर के उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर लोगों की व्यवस्तम समय के कारण दीपावली की खरीदारी करना थोड़ा परेशानी भरा हो जाता है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर लोगों को राहत देने के उद्देश्य से दीपावली से संबंधित सभी सामानों को एक छत के नीचे व्वस्थत तरीके से उपलब्ध कराने हेतु चैम्बर हर वर्ष दीपावली के पूर्व इस कार्यक्रम का आयोजन करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष सिंहभूम चैम्बर के द्वारा आयोजित दीपावली टेड्ज फेयर की सफलता को देखते हुये इसमें स्टॉल लगाने की संख्या में ईजाफा हो रहा है। इस बार भी पिछले बार की अपेक्षा ज्यादा स्टॉल बनाये गये हैं जो पूरी तरह आरक्षित हो चुके हैं। स्टॉल्स मे विविधता का ख्याल रखा गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इंडियन सुपर लीग : जमशेदपुर एफसी 15 दिन के ब्रेक के बाद हैदराबाद एफसी के खिलाफ अहम मुकाबले को तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 15 दिन के ब्रेक के बाद इंडियन सुपर लीग में वापसी करेगी, जहां उसका सामना सोमवार को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हैदराबाद एफसी से होगा।

मैन ऑफ स्टील वर्तमान में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ लीग तालिका में तीसरे स्थान पर है, जबकि हैदराबाद एफसी के पास तीन मैचों में केवल एक अंक है। हालांकि, जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील का मानना है कि यह एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा, क्योंकि मेहमान टीम ने ब्रेक के दौरान अपनी टीम को मजबूत किया है।

खालिद जमील ने कहा, ह्लवास्तव में, वे पहले की तुलना में अब अधिक मजबूत हैं। उन्होंने बेहतरीन विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया है, और वे हमारे लिए कठिन प्रतिद्वंद्वी होंगे। वे एक मजबूत टीम हैं, और हमें चुनौती के लिए तैयार रहने की जरूरत है।



हमारा लक्ष्य सकारात्मक परिणाम प्राप्त करना है। उन्होंने कहा, यह ब्रेक सभी के लिए अच्छा रहा। इससे खिलाड़ियों को ठीक होने का समय मिला। उनमें से कुछ जो फिट नहीं थे, वे अब पूरी तरह से फिट हो गए हैं, इसलिए हम खेल के लिए तैयार हैं।

जमशेदपुर एफसी के विदेशी खिलाड़ियों ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। फॉरवर्ड जॉर्डन मरे, मिडफील्डर जावी हर्नांडेज और डिफेंडर स्टीफन एजे सभी ने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। जापानी मिडफील्डर री ताचिकावा भी अच्छी फॉर्म में हैं, जिन्होंने पिछले मैच में ईस्ट बंगाल के खिलाफ शानदार गोल किया था। हालांकि उस खेल के पहले हाफ में चोट के कारण उन्हें बाहर कर दिया गया था, लेकिन खालिद जमील ने पुष्टि की है कि वह हैदराबाद एफसी के खिलाफ चयन के लिए फिट हैं।

अब तक लगभग 17,000 टिकट बिक चुके हैं, जिससे फर्नेस में उत्साहपूर्ण माहौल होगा। खालिद जमील ने कहा, ₹हमें समर्थन देने के लिए बड़ी संख्या में आने वाले फैंस के हम आभारी हैं। हम उनसे अनुरोध करते हैं कि वे अपना समर्थन जारी रखें और दिखाएं कि इस क्लब के पास देश के सबसे अच्छे प्रशंसक हैं। उनके समर्थन ने हमें मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की है। यह मैच इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि दोनों मुख्य कोच भारतीय हैं, जो इंडियन सुपर लीग में एक दुर्लभ दृश्य है। हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच थांगबोई सिंग्टो ने कहा, ₹मैं खालिद जमील को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और उन्होंने भारतीय कोचों के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया है।

# कमिश्नर और डीआइजी ने की अंतर्राज्यीय व अंतर जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक

- विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर कमिश्नर, कोल्हान एवं डीआईजी, कोल्हान ने की अंतर्राज्यीय व अंतर्जिला प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक
- कोल्हान प्रमंडल से सटे सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के तीन जिला, ओड़िशा के तीन जिला तथा झारखंड राज्य के छह जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधि हुए शामिल
- अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमा पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था हेतु मिरर एवं कंपोजिट चेकपोस्ट बनाने, नगद, शराब, ड्रग्स या अन्य कोई उपहार के अवैध परिवहन की निगरानी पर चर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक में शामिला आलाधिकारी।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में कमिश्नर, कोल्हान हरि कुमार केशरी एवं डीआईजी, कोल्हान चौथे मनोज रतन द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर आपसी समन्वय पर विमर्श किया गया। डीआईजी सीआरपीएफ श्री पुरन सिंह, डीसी पूर्वी सिंहभूम श्री अनन्य मित्तल, एसएसपी श्री किशोर कौशल समेत सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर (ओड़िशा), पुरूलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम(प. बंगाल) के डीएम, एसएसपी, एसपी के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे वहीं पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, रांची, खूंटी, सिमडेगा के डीसी व एसपी ऑनलाइन जुड़े।

बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान अंतर्राज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर सुरक्षा और निगरानी के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में अंतरराज्यीय एवं अंतर्जिला सीमा पर कानून व्यवस्था बनाए रखने, अंतर्राज्यीय सीमा से असामाजिक तत्वों एवं चुनाव को प्रभावित करने हेतु शराब, नगदी, ड्रग्स, उपहार की वस्तु आदि अवैध परिवहन पर रोकथाम लगाने के उपायों पर चर्चा की गई । ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्य के सीमावर्ती थानों में व्हाट्सएप ग्रूप एवं वायरलेस के माध्यम से सतत संचार कर सूचना का आदान-प्रदान करने पर चर्चा की गई। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी अफवाह फैलाने वालों पर निगरानी रखने तथा त्वरित कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए गए । वाहनों की आवश्यकता के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों और जिला के परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय पर बल दिया गया।

सीमावर्ती क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निगरानी व सुरक्षा को लेकर किए जा रहे प्रबंध के बारे में बात रखते हुए विस्तार से जानकारियां साझा की गईं। जिस पर सभी जिलों के डीसी, एसएसपी, एसपी एवं उनके प्रतिनिधियों ने आवश्यक कार्रवाई हेतु सहमति जताते हुए अपनी-अपनी बात रखी। चेकपोस्ट पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। बैठक के दौरान सीमा जांच बिंदुओं तथा सीलिंग प्वाइंट के साथ आदतन अपराधियों व निगरानी बदमाशों की सूची उपलब्ध कराए गए। मौके पर सीमावर्ती राज्यों के नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सतत संपर्क बनाने व आवश्यक सूचना के आदान-प्रदान को लेकर प्रत्येक जिले में व्यवस्था बनाने की बात रखी गयी। साथ ही नक्सल विरोधी अभियान, कानून व्यवस्था एवं अपराधिक गतिविधियों के ऊपर प्रभावी नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

## पार्टी पर परिवारवाद हावी, यही है भाजपा का दोहरा चरित्र : डॉ अजय

खबर मन्त्र ब्यूरो

- भाजपा ने एक बार फिर कार्यकर्ताओं को दिया धोखा



**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह पूर्वी से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी डा। अजय कुमार ने रविवार को बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि विश्व की सबसे पार्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बीजेपी में परिवारवाद पार्टी पर भारी है। दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाले बताए की रघुवर की बहू पूर्णिमा दास साहू, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा और चंपाई के पूत्र बाबूलाल सोरेन को टिकट देना परिवारवाद के दायरे में आता है या नहीं। भाजपा में महिला सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण है पार्टी के किसी बड़े नेता की बहु, पत्नी और बेटे को टिकट दिया जाना। डॉ अजय ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि 25 वर्षों में बीजेपी में एक भी ऐसा नहीं हुआ जिसपर पार्टी विधानसभा चुनाव में उतार सके। कहने को तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है कि इस पार्टी में एक भी नेता नहीं जो अपने दम पर जमशेदपुर पूर्वी से पार्टी को जीत दिला सके।

## भारी मात्रा में शराब बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**गम्हरिया।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संचालित हो रहे अवैध शराब भट्ठियों और मिनी शराब फैक्ट्री के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी कड़ी में बीते 18 अक्टूबर को एसपी को मिले गुप्त सूचना पर सरायकेला एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गम्हरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत डुडरा पंचायत के कमलपुर गांव में छापेमारी कर एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ समीर संवैया ने बताया कि छापेमारी में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब और शराब पैकिंग और ट्रांसपोर्टिंग के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले वाहन बरामद किया गया। बताया कि छापेमारी के दौरान एक वाहन (जेएच 05 एटी 9923) व एक स्कूटी (जेएच 05 डीएन 2385) समेत काफी संख्या में प्रतिबंधित सामग्रियों को भी जब्त किया है। बताया कि इस दौरान पुलिस के आने की भनक मिलते ही शराब तस्कर गोविंदा कैवर्त और आशीत कैवर्त मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। दोनों साथ मिलकर पार्टनरशिप में गांव में ही एक भाड़े के घर में नकली अंग्रेजी शराब बनाने का फैक्ट्री संचालित कर रहा था। आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सारजमदा : 75 युवाओं ने किया रक्तदान

- एकमात्र महिला ममता मार्डी ने दूसरी बार किया रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



रक्तदान करते लोग।

**जमशेदपुर।** नई जिंदगी परिवार और ईजीएल ट्रस्ट के सौजन्य से सारजमदा निदिरटोला के दिवंगत माझी बाबा सिदो मुर्मू के 95वीं जन्मोत्सव के अवसर पर ईजीएल स्टेडियम के सभागार में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 75 युवाओं ने अपने पारंपरिक परिधान में आकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। सारजमदा निदिरटोला की एकमात्र महिला रक्तदाता ममता मार्डी ने अपने जीवन काल में दूसरी बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक मिसाल बनी हुई है। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम ने अनमोल रक्त संग्रह किया। मुख्य अतिथि पुड़सी पिंडा माझी बाबा लेदेम मुर्मू और पंचायत की मुखिया नागी मुर्मू ने दिवंगत माझी बाबा सिदो मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का उद्घाटन किया। साथ में दिवंगत माझी बाबा के सुपुत्र बुद्देश्वर मुर्मू, लखन मुर्मू, मारांग माझी बाबा निमाई बास्के ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

## जमशेदपुर पूर्वी की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा ने लोगों से मांगा सहयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है और चुनावी मैदान में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। भाजपा ने जमशेदपुर पूर्वी, पोटका समेत झारखंड के 66 विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा की है। इधर, जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा सीट से आधिकारिक घोषणा के दूसरे दिन ही पूर्णिमा दास ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी चुनावी तैयारियों का शुभारंभ कर दिया है। रविवार को भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास ने जमशेदपुर महानगर के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के घर जाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, मिथिलेश यादव से सहयोग मांगा।

## घाटशिला राम मंदिर प्रांगण में लगा योग विज्ञान शिविर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम।** घाटशिला राम मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय योग विज्ञान शिविर सह वैदिक हवन कार्यक्रम पतंजलि योग समिति, घाटशिला द्वारा संपन्न हुआ जिसमें पूर्वी सिंहभूम भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अजय कुमार झा ,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार, पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरेन्द्र कुमार एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बिहारी लाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। एक दिवसीय योग विज्ञान शिविर का शुभारंभ रामकृष्ण मठ घाटशिला के प्रमुख स्वामी परातत्वानंद जी महाराज, संरक्षक निर्मल झुनझुनवाला, घाटशिला कॉलेज के अवकाश प्राप्त व्याख्याता प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निमित्र, प्रोफेसर बादल चंद्र भकत, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण कुमार द्वारा दीपप्रज्वलन के साथ किया गया। योग शिविर का संचालन कृष्ण कुमार और घाटशिला के योग प्रभारी चिन्मय कुमार बेरा ने किया।योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि ईश्वर ने सर्वोत्कृष्ट उपहार के रूप में मानव शरीर हमें दिया है,इसे बचाने और आनंदमय और सुखमय जीवन जीने का सर्वोत्तम मार्ग योग ही है। वर्तमान व्यस्ततापूर्ण जीवन में तनाव प्रबंधन में ध्यानात्मक योग बहुत ही अनिवार्य है, कल्पवृक्ष जैसा है। इस शिविर में इंटीग्रेटेड योग के अंतर्गत सहज योग यौगिक योगिंग, सूर्य नमस्कार, आसन और प्राणायाम का साथ साथ अभ्यास, अनुलोम विलोम प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, अग्निसार, भ्रामरी, ओंकार का जप, प्रणव ध्यान आदि के पश्चात वैदिक अग्निहोत्र कार्यक्रम अजय कुमार झा ,कृष्ण कुमार, चिन्मय कुमार बेरा और नरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में घाटशिला प्रखंड योग समिति के विशेष बैठक की गई जिसमें प्रखंड समिति का विस्तार किया गया।

**घाटशिला प्रखंड योग समिति का किया गया विस्तार :** चिन्मय बेरा को घाटशिला प्रखंड पतंजलि योग समिति प्रभारी, सूरज प्रसाद प्रखंड यज्ञ प्रभारी, पवन भगत प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी, प्रताप कुमार अधिकारी को प्रखंड संगठन सचिव और गोपाल अग्रवाल को पतंजलि किसान सेवा समिति प्रखंड प्रभारी के रूप में चयनित किया गया।

## एक नजर में

### रामचंद्र सहिस ने कई जगहों पर लगाया जन चौपाल



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह जुगसलाई के प्रत्यासी रामचंद्र सहीस ने जुगसलाई विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर लोगो से हाल चाल जाना और क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत होते हुए वर्तमान विधायक द्वारा की जा रही कार्य में भारी अनियमितता की शिकायत पाया साथ ही लोगों से अवस्था को दूर करने के लिए क्षेत्र के लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को सहयोग करने और एनडीए को जिताने का कार्य करे। साहिस ने संपर्क यात्रा में कहा कि चुनाव नजदीक आ गया है और इसके लिए आप सभी को संकल्प लेना होगा क्योंकि वर्तमान विधायक और वर्तमान सरकार काम करने के बजाय लुट खसोट में व्यस्त है इसलिए वैसे विधायक और वैसे सरकार को उखाड़ फेंके और एनडीए की सरकार बनाने के लिए अत्यधिक मतदान करे और एनडीए के सभी घटक दलों से संपर्क कर समन्वय स्थापित करे और जुगसलाई सीट को जिताने के लिए पूर्ण रूप से लग जाए आपलोग अपने अपने क्षेत्र में नई सरकार बनाने के लिए एकजुट हो और नई सरकार बनेगी तो नई ऊर्जा के साथ इस क्षेत्र का समुचित विकास होगा जो जुगसलाई विधानसभा में नया इतिहास लिखने का कार्य करे।

### स्वीप गतिविधियों में शामिल हुए कमिश्नर-डीआइजी, मोबाइल व वाहन स्टीकर लॉन्च



**जमशेदपुर।** कमिश्नर, कोल्हान श्री हरि कुमार केशरी, डीआईजी, कोल्हान श्री चौथे मनोज रतन एवं डीआईजी सीआरपीएफ श्री पुरन सिंह ने पूर्वी सिंहभूम जिले में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत की। समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग द्वारा कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता वोट डालने बूथों में जाएं, लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कार्यक्रम में पड़ोसी राज्यों ओड़िशा के सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर जिला, पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### मानगो संतकुटिया गुरूद्वारा साहिब में मनाया गया गुरू रामदास महाराज जी का प्रकाश पर्व



**जमशेदपुर।** मानगो स्थित संत कुटिया गुरूद्वारा साहिब में सेंट्रल सिख नौजवान सभा के खजनाची सरदार मलविंदर सिंह एवं परिवार की तरफ से गुरु राम दास जी महाराज जी का प्रकाश पर्व मनाया गया,सर्वप्रथम 18 अक्टूबर को रखे अखंड पाठ की समाप्ति हुई,उसके उपरांत जमशेदपुर के कीर्तनीय भाई गुरदीप सिंह निक्कू ने अपने कीर्तन से संगत को निहाल किया उपरांत अरदास हुई और संगत के बीच अटूट लंगर बरताया गया,कीर्तन दरबार में मुख्य रूप से एन डी ए के प्रत्याशी श्री सरयू राय जी ने भी माथा टेक गुरु घर का आशिर्वाद लिया, उनके साथ युवा सिख नेता सतवीर सिंह सोमू,चंचल भाटिया,सेंट्रल सिख नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह, आगाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह इंदर,सेंट्रल गुरूद्वारा कमिटी के सलाहकार सुरेंद्र सिंह शिंदे ने भी कीर्तन दरबार मे हाजिरी भरी, आयोजित कार्यक्रम में गुरूद्वारा कमिटी के प्रधान जसबीर संधू,गुरुचरण सिंह, हरजिंदर सिंह, हरकल्याण सिंह, राजा भाटिया, अनूप सिंह नौजवान के प्रधान जगप्रीत सिंह, मलविंदर सिंह, नवजोत सिंह, संदीप सिंह, बलबीर सिंह, गुरजीत सिंह, चरणदीप सिंह का सहयोग रहा।

### जमशेदपुर में आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2024 में 4881 छात्रों की जबरदस्त भागीदारी



**जमशेदपुर।** मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए अग्रणी मंच, आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर ने आज शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2024 का सफल आयोजन किया। इस परीक्षा में जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जिसमें 4881 छात्रों ने भाग लिया, जो इस प्रतिष्ठित परीक्षा के प्रति छात्रों के बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। यह एक वार्षिक राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा है, जो छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी भविष्य की शैक्षिक योजनाओं के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। इस वर्ष जमशेदपुर के छात्रों ने बहुत उत्साह दिखाया, और पिछले वर्षों की तुलना में भागीदारी में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गयी। यह परीक्षा मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवा उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें अपनी तैयारी का आकलन करने और आकाश इंस्टीट्यूट के कोर्सेज में 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका मिलता है साथ ही साथ नगद राशी पुरस्कार भी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

### काली पूजा कमेटी न्यू यूथ क्लब का भूमि पूजन



**गम्हरिया।** काली पूजा कमेटी न्यू यूथ क्लब का रविवार को काली पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर पंडित श्यामापद बनर्जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारन के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात, ध्वजारोहण कर पंडाल निर्माण की नींव रखी गई। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष बाप्पा पात्रो, लालबाबू महतो, अशोक सिंह, अजीत सेन, मनीष प्रसाद, वीरू घटवारी, सन्नी सिंह, राजू सेनापती, गौरी रजक, रंजीत सेन, श्याम, गंगा, मनोज प्रसाद, गौरांग नायक, अमर गुप्ता, अमरदीप नंदी, विकास रजक, राहुल रजक, अमर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### डॉ शशिभूषण के नामांकन में शामिल होंगे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ



**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विस क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता सोमवार को नामांकन करेंगे। उनके नामांकन में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। श्री सेठ का नीलांबर पीतांबरपुर में भव्य स्वागत किया जायेगा। इसके बाद बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी डॉ मेहता नामांकन के लिए निकलेंगे।

### भाजपा विधायक पुष्पा को दूसरी बार टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा से भाजपा नेतृत्व के विधायक पुष्पा देवी को दोबारा टिकट देने पर पाटन भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जतायी है। साथ ही भाजपा के शीर्ष नेताओं का अभार व्यक्त किया है। विधायक पुष्पा देवी के टिकट मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी किया तथा एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाया। वहीं टिकट मिलने पर विधायक पुष्पा देवी को पाटन भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इधर, पुष्पा ने भी पाटन छतरपुर के लोगों का आभार व्यक्त किया तथा इसका श्रेय जनता को दिया है।

### कार्यकर्ता आज करेंगे पुष्पा का स्वागत

**पाटन पलामू।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी का 21 अक्टूबर को पार्टी का सिंबल लेकर रांची से पलामू आगमन होने जा रहा है। भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने वाहन से सतबरवा पेट्रोल पंप के पास उपस्थित रहेंगे। वहीं जोरदार स्वागत अभिनंदन के साथ विधायक को कार्यकर्ता लायेंगे।

### झारखंड प्रदेश युवा जदयू के प्रदेश सचिव रविंद्रदेव ने दिया त्याग पत्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश युवा जदयू के प्रदेश सचिव सह गढ़वा चतरा के प्रभारी रविंद्र देव चरण ने प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजकर पार्टी से त्याग पत्र देने की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि संगठन में युवाओं को उचित भागीदारी नहीं मिलने से मैं व्यक्तिगत रूप से आहत हूं, इसलिए मैं पार्टी के पद और सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

### जांच अभियान में कई वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर पुलिस ने रविवार को छह मुहान व कचहरी चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान चार एवं दोपहिया वाहन तथा टेंपो की तलाशी ली। कुछ बाइक चालक बिना हेलमेट, लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। साथ ही कुछ लोग बाइक पर ट्रिपल लोड थे उनके वाहन को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। जिसमें 13 बाइक और 01 टेंपू शामिल है।

### रांची टीम ने जानी केंद्र की हकीकत



**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी रांची की जांच टीम ने शनिवार को क्रिएटिव एकेडमी चंदवा में अध्ययन केंद्र खोलने को लेकर निरीक्षण किया। जरूरी मापदंड सही पाया गया। रामचंद्र सरस्वती मानव कल्याण फाउंडेशन के सचिव दीपक कुमार, सुमित्रा इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के समन्वयक अमन कुमार एवं स्कूल के निदेशक मनु गुप्ता ने यूनिवर्सिटी के समन्वयक डॉ प्रेम सागर केशरी तथा विकास कुमार मौर्य को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर खुशी कुमारी, चंदा प्रसाद, अर्चना रानी, संजना श्रीवास्तव, खुशबू लकड़ा, पवन कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार भी थे।

### प्रकाश चंद जैन सेवा सदन ने कंकारी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया



**मेदिनीनगर।** प्रकाश चंद जैन सेवा सदन ने चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी के प्रकाश चंद जैन सेवा सदन में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें करीब 248 मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवा दी गयी। शिविर में मेदिनीनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक, डा विकास चंद्र अग्रवाल, डा अजय पाठक, डा. जॉन एफ कैनेडी, डा सुरेंद्र सिंह, डा. गरीमा प्रकाश, डॉ अमरजीत गारी, डॉ. अंजलि बाला ने मरीजों का जांच व उपचार किया। इसे सफल बनाने में सचिव सुरेश जैन, डा. श्याम विहारी महतो, निर्मल तुलस्यान, सुरेश उदयपुरी, जमुना प्रसाद, गोविंद सावरिया, प्रभात अग्रवाल, नवल तुलस्यान, सुमित्रो भट्टाचार्य, प्रदीप केजरीवाल, ब्रजेश तिवारी, संजय तुलस्यान, प्रकाश चंद जैन सेवा सदन कंकारी के संयोजक काशी प्रसाद लगे हुए थे।

### चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए की जा रही जांच : थाना प्रभारी



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव पलामू जिला में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन विभिन्न बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक कार्य कर रही है। एक ओर नक्सली, अपराधी एवं असमाजिक तत्वों पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। वहीं दूसरी ओर होटल , रेस्टूरेंट, ढाबा, सरायखाना, धर्मशाला समेत अन्य स्थानों पर छापेमारी कर सघन जांच अभियान चलाया गया। एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटलों की जांच हुई। टीम ने होटलों के रजिस्टरों की जांच की और ठहरे हुए लोगों से पूछताछ की। हर होटल के कमरों की बारीकी से जांच कर ठहरे हुए व्यक्तियों के पहचान पत्रों को सत्यापित किया गया। इसके साथ ही होटल संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने होटलों में आने वाले सभी मेहमानों की जानकारी और पहचान की उचित व्यवस्था करें। यह सर्च अभियान विधानसभा चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाया गया। छापेमारी अभियान में शहर थाना प्रभारी के अलावे पुअनि सोनू कुमार चौधरी, पुअनि अनिल सिंह, सअनि इंद्रदेव पासवान, सअनि भूपेंद्र सिंह टाइगर जवान राकेश सिंह, रोहित कुमार, सूर्यनाथ सिंह, मुकेश सिंह, श्रवण यादव, शाहीन परवेज शामिल थे।

# सतबरवा मलय डैम में लहराया स्वीप का झंडा, डैम से गुब्बारे उड़ाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

- डीसी ने डैम परिसर में किया पौधारोपण युवाओं व छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता आधारित पेंटिंग व रंगोली बनाकर लोगों से 13 नवंबर को वोट डालने की अपील की
- पदाधिकारियों व आमजनों ने मतदान करने को लेकर किया हस्ताक्षर





बोटिंग करते कर्मी और डैम परिसर में पौधरोपण करते उपायुक्त।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** विधानसभा चुनाव में जिले के सभी मतदाता अपने बूथ पर जाकर मतदान करें, इसके लिये स्वीप के तहत कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में अनोखी पहल करते हुए सतबरवा के मलय डैम में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा किया गया। इस दौरान डीईओ ने डैम के बीच से स्वीप का झण्डा को बुलंद किया। वहीं गुब्बारे उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त शशिरंजन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, छत्तरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, सदर एसडीएम सुलोचना मीना ने कयाकिंग का भी लुत्फ उठाया। इसके पूर्व सभी अधिकारियों ने मलय डैम परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत मलय परिसर में योगासन से की गई। वन विभाग के द्वारा करीब 100 नारियल तथा आम का पौधा डैम परिसर में लगाया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आलावे एसपी रिष्मा रमेशन, डीडीसी, आईएएस सह एसडीएम सदर हुसैनाबाद, छतरपुर के एसडीएम तथा एलआरडीसी कुंदन कुमार, डीएफओ सत्यम कुमार, एलआरडीसी कुंदन कुमार, सीओ सह बीडीओ सतबरवा कृष्ण मुरारी तिर्की शामिल थे। उपायुक्त के साथ जिले भर के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव : सतबरवा थाना क्षेत्र में डीसी-एसपी ने किया चेकपोस्ट का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन और वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार द्वारा सतबरवा थाना के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने वहां के रजिस्टरों की जांच की और चेक पोस्ट की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उपस्थित अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को सतर्कता बनाये रखने और सुरक्षा संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है। चेक पोस्ट पर सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है और अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।



इस दौरान सुरक्षा बलों को नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जनता से भी अपील की गई है कि वे चुनाव के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाये रखने में सहयोग करें।

# भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद चंद्रवंशी पहुंचे बिश्रामपुर

- भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद रामचंद्र चंद्रवंशी पहुंचे बिश्रामपुर, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत
- फोड़े बम पटाखे, किया आतिशबाजी, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का किया इजहार



रामचंद्र चंद्रवंशी का स्वागत करते भाजपाई।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद रविवार को विश्रामपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रेहला बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी को फूल मालाओं से लाद दिया। बिश्रामपुर बस स्टैंड के पास कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़े और जमकर आतिशबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के समर्थन से बिश्रामपुर में एक बार फिर कमल खिलायेंगे। इस बार बड़े अंतर से जीत होगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बननी तय है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह,डॉ बीपी शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, मनीष कुमार, सत्यनारायण सोनी, पांडू मंडल अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता, अवधेश सिंह, जनक शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, इदरीश हवारी, आलोक सिंह, विकास चौबे मिंटू, नरसिंह चौबे, शिवबंश मिश्रा, संतोष केशरी, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र केशरी, मनोज शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, राहुल चौबे, सुशील शुक्ला, धीरन तिवारी, रजनीश चंद्रवंशी, उखमजी यादव, संजय ठाकुर भी थे।

# पांकी पंहुचने पर डॉ शशिभूषण मेहता का भाजपाइयों ने जगह-जगह किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को एक बार फिर भाजपा से टिकट मिलने पर पांकी विस क्षेत्र के भाजपाइयों में जश्न का माहौल है। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी। टिकट मिलने के बाद विधायक डॉ मेहता को पांकी पंहुचने पर भाजपाइयों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पांकी के जांजो, पोरसम, ताल, सोरठ, मंगलपुर, पांकी, तेतराई, कोनवाई, सगालीम, कुंदरी, लेस्लीगंज समेत कई जगहों पर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को स्वागत किया गया। भाजपा के विधायक डॉ शशिभूषण को फिर से टिकट देने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है।



**खास बातें :** विधायक पांकी के राम जानकी मंदिर समेत कई मंदिरों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इसके अलावा वे पांकी में भीमराव अंबेडकर, शहीद भगत सिंह, कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। विधायक के सगालीम और लेस्लीगंज स्थित मौर्य फार्म हाउस में जश्न का माहौल दिखा। बता दें कि डॉ शशिभूषण मेहता पर विश्वास जताते हुए भाजपा एक बार फिर उन्हें टिकट देने का काम किया है। इसके लिए विधायक डॉ. मेहता ने भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के सभी पदाधिकारी के प्रति आभार जताया है। टिकट मिलने के बाद विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा समेत पूरे राज्य में भाजपा की लहर है। इस बार पांकी विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन उन्हें मिल रहा है। एक बार फिर कमल खिलाने के लिए यहां की जनता तैयार हैं। विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि बीजेपी सरकार के नेतृत्व में पांकी विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास की जाएगी। एक सवाल का जवाब में विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि उनके टक्कर में कोई नहीं है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की लहर है और जनता एक बार फिर मतदान कर जितायेगी मुझे पूर्ण विश्वास हैं। इधर भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि पूरे दमखम के साथ भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को भारी मतों से जीता कर विधानसभा भेजने काम करेंगे। मौके पर हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### कार्य में रुचि नहीं लेने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** जिले में आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव से जुड़े कर्मियों को विभिन्न स्तर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है,लेकिन ऐसा देखा जा रहा है कि कई कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण में भाग नहीं लिया जा रहा है। ऐसे सभी कर्मियों को 21 अक्टूबर तक कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता के कार्यालय में अपना पक्ष रखने को कहा गया है ऐसा नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा आदर्श आचार संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा के टिकट व जनता के आशीर्वाद से हैट्रिक लगायेंगे आलोक चौरसिया

- टिकट मिलने की जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** डालटनगंज विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है और इस बार एक बार फिर भाजपा ने अपने भरोसेमंद नेता आलोक चौरसिया को डालटनगंज भंडरिया विस क्षेत्र से टिकट दिया है। यह खबर मिलते ही उनके समर्थकों व आमलोगों में भारी उत्साह की लहर दौड़ पड़ी है। जगह-जगह जश्न का माहौल है, आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों की आवाज से सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गयी है। दो बार विधायक रह चुके आलोक चौरसिया के तीसरी बार मैदान में उतरने की घोषणा ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। आलोक ने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐसे काम किये हैं इस कारण वे जनता के दिलों में बस चुके हैं। शिक्षा से लेकर सड़क निर्माण, बिजली-पानी की आपूर्ति और गरीबों के हक के लिए लड़ी गई लड़ाइयों ने उनकी छवि को और मजबूत किया है। उनके कामों की वजह से ही उन्हें जनता का अपार समर्थन मिलता रहा है।

# गंभीर बीमारी से सीआरपीएफ एसआई की मौत, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

- शव के पैतृक गांव पहुंचते ही मचा कोहराम, पूरा गांव में पसरा मातम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बसंत राम की मौत कैंसर से हो गयी। वह पाटन थाना क्षेत्र के नान्ही झरिया के रहनेवाले थे, चाईबासा में कार्यरत थे। उनका शव पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। एक झलक देखनेवालों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस प्रशासन ने शव को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। वे अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र, दो पुत्री के अलावे परिजन को छोड़ गये हैं। इनके मौत की जानकारी मिलने पर लोजपा पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, रिटायरमेंट मेजर सह समाजसेवी बृजबिहारी सिंह, भाजपा नेता आनन्द सिंह, मुखिया जयशंकर प्रसाद, पंचायत समिति पति कमलेश पासवान, पंचायत समिति उपेन्द्र पासवान, सतेन्द्र कुमार पासवान ने दाह संस्कार में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ ही इस घटना पर शोक व्यक्त किया है।

### पांडू पुलिस ने किया अवैध पशु लदा पिकअप जब्त



**पांडू पलामू।** थाना क्षेत्र के दारुआ तीसरीबार में शनिवार को रात भैंसों का परिवहन करते एक पिकअप वैन को पांडू पुलिस ने जब्त किया है। पिकअप में नौ भैंस थे। चार अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गयी। अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कहा कि किसी भी हालत में क्षेत्र से पशुओं की अवैध तस्करी नहीं करने दी जायेगी। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### छतरपुर में वृद्धाश्रम की स्थापना के लिए देशाटन पर निकला छतरपुर का श्रवण कुमार



**छतरपुर पलामू।** दिल मे कुछ करने का जुनून हो तो कोई भी लक्ष्य मुश्किल नहीं होता है और यह कर दिखाया है छतरपुर के बारा निवासी श्रवण राम ने जो छतरपुर में वृद्धाश्रम के लिए देशाटन का संकल्प लेकर यात्रा पर निकले हैं, उनका लक्ष्य है छतरपुर में गरीब लोगों के लिए वृद्धाश्रम खोलना है। श्रवण अपनी इस यात्रा की शुरूआत छतरपुर के ठाकुरबाड़ी मंदिर में आशीर्वाद लेकर की जहां सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून, वार्ड पार्षद रजनीश और प्रेस क्लब द्वारा उन्हें अंगवस्त्र और आर्थिक मदद दे कर विदा किया। वहीं छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, एसआई राहुल कुमार, पूर्व मुखिया पुखराज सिंह ने थाना परिसर में माला पहना कर, प्रमाण पत्र और कुछ सहायता राशी और शुभकामनाएं दे कर विदा किया। मौके पर इलाके के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। साथ ही श्रवण कुमार को उनके उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि श्रवण ने नेक कार्यों हेतु यह यात्रा शुरू किया है जो काबिले तारीफ है। श्रवण ने कहा कि उनका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर वृद्धाश्रमों की आवश्यकता को समझना अध्ययन करना और उसे बनाने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना है।

# कार्यकर्ताओं और हुसैनाबाद की जनता के सम्मान में लड़ूंगा चुनाव : विनोद सिंह

- भाजपा नेता ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रदेश नेतृत्व के निर्णय से आहत हुसैनाबाद के कार्यकर्ताओं की भड़ास सड़क तक आ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद सिंह को पार्टी से टिकट नहीं मिलने से वे अपना नामांकन 24 को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में करेंगे। उन्होंने अपने आवासीय परिसर में एक बैठक कर हुसैनाबाद विस से निर्दलीय नामांकन का निर्णय लिया। कहा कि पार्टी द्वारा जारी लिस्ट में कमलेश सिंह का नाम है और सभी कार्यकर्ता के कहने पर मैं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में हुसैनाबाद से चुनाव लड़ूंगा। मेरा नामांकन 24 को होगा। सब के सब भाजपा कार्यकर्ता अपने साथ हैं। यह लड़ाई असली भाजपा और नकली भाजपा की होगी। भाजपा किसी कार्यकर्ता को टिकट देती तो हमें कहीं कोई आपत्ति नहीं थी। हम सभी भाजपाई एकजुटता के साथ यहां से प्रत्याशी को जिताकर विधानसभा भेजते। उन्होंने विस वासियों से 24 अक्तूबर को अपने नॉमिनेशन में शामिल होने की अपील की है।

# आंखों की रोशनी लौटाना पुण्य का कार्य है : सिविल सर्जन

>> मोतियाबिंद शिविर का हुआ उद्घाटन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट ने रविवार को हुसैनाबाद अर्बन अस्पताल में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार गुप्ता पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व फीताकाट कर किया। मौके पर पलामू सीएस ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रांशनी लौटाना सबसे सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दिशा में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है।

# सर्वांगीण समरसता का जमीन से जुड़ा खेल है फुटबॉल : अविनाश देव

- वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



कार्यक्रम के दौरान अविनाश देव व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एस एंड टी क्लब सतबरवा द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हाईस्कूल के मैदान में किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव शामिल हुए। टूर्नामेंट के उद्घाटन कर्ता के रूप में विजेता, उप विजेता दोनों ने मिल कर अतिथियों को 51 किलो का विजय माला पहना कर शानदार स्वागत किया। खेलारी बनाम पलामू के प्लेयर मैदान में उतरे। दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर गेंद को कीक मार खेल की शुरुआत की गई। एस एंड टी क्लब सतबरवा के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ और फूलमाला देकर स्वागत किया । दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया ,अंततः बराबरी पर रहे। पेनाल्टी कीक के बाद विजेता का खिताब पलामू टाइगर्स ने प्राप्त किया। मौके पर दोनों टीमों व दर्शकों को संबोधित करते अविनाश देव ने कहा कि एक दौर में लोग जमीन पर खेलते थे किंतु पूंजी का प्रवाह नौजवानों को स्क्रीन पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया। जिससे शारीरिक मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जरूरत है जमीन पर खेलने का और परचम एवरेस्ट पर लहराने का। सरकार ने अब खेल में भी कैरियर प्रावधान लाया है,जरूरत है मजबूती से खेलने की।

**ये भी रहे उपस्थित :** मौके पर मुकेश मिश्रा, शंकर पासवान, मोहम्मद असगर, दीपक मिश्रा, मो नदीम, सगीर, विश्वनाथ मिश्रा असलम अंसारी, जैदुल्लाह अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढाढ़स



परिजनों को सहायता राशि देते पूर्व स्पीकर व उपस्थित अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** प्रथम विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सांसद इंदर सिंह नामधारी चैनपुर प्रखंड के ग्राम महुगावां विगत दो दिन पहले महुगावा निवासी स्व मुनारिक राम के छोटे पुत्र अशोक राम के एलएनटी कंपनी में आकस्मिक मृत्यु की खबर सुन कर घर पहुंचे। श्री नामधारी अशोक राम के आवास पर जाकर अशोक राम के धर्मपत्नी को अपना गुरु चरण सिंह नामधारी ट्रस्ट से पांच हजार का चेक दिया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि कंपनी से बात कर ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाने में मदद करेंगे। साथ ही साथ दो बच्ची को अपने स्कूल में पढ़ाई की पूरा खर्चा उठाएंगे एवं अशोक राम के पुत्र को काम दिलाने में काफी मदद करेंगे। साथ ही साथ बच्ची के शादी में भी मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर ब्रजेश कुमार पांडे उर्फ मुना पाण्डेय ने श्री नामधारी के घोषणाओं व परिजन के प्रति सहानुभूति की सराहना की। संजय शर्मा ने कहा कि इंदर सिंह नामधारी ग्रामीणों के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होते आ रहे हैं। दामोदर राम ने श्री नामधारी के कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर लल्लू/राजू राम , मनोज राम, भरदुल साव, बाबूलाल चौरसिया, जंगालि बैठा, अवधेश राम,अजित शर्मा , अजय शर्मा, अंकुश शर्मा, भीम राम, नीतीश राम, बैजनाथ राम भी थे।

# प्रधानमंत्री ने दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का किया शिलान्यास, सीएम हुए शामिल

एजेंसी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 6,700 करोड़ रुपये से अधिक की 7 एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के विकास के तहत दरभंगा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का वाराणसी के सिगरा स्टेडियम से रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दरभंगा, वाराणसी, आगरा एवं बागडोगरा हवाई अड्डा का शिलान्यास किया गया, जिसमें 912 करोड़ रुपये की लागत की दरभंगा के टर्मिनल भवन एवं सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास कार्य शामिल है। इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। शिलान्यास करने के पश्चात कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नए टर्मिनल का शिलान्यास करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुये कहा कि इस एयरपोर्ट के विकास से मिथिला क्षेत्र के साथ उत्तर बिहार के जिलों का भी विकास होगा। नये टर्मिनल के लिये राज्य सरकार ने 76.65 एकड़ भूमि भारत सरकार को उपलब्ध करा दी है। इस एयरपोर्ट के निर्माण कार्य में और जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, राज्य सरकार करेगी। उल्लेखनीय है कि दरभंगा हवाई अड्डा के निर्माण के लिए बिहार सरकार द्वारा कुल 76.85 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित किया गया है। वर्तमान में इस हवाई अड्डा के भवन से प्रत्येक दिन 1500 यात्री जाते हैं एवं 10 विमान की सेवा संचालित है। नवंबर 2020 में नागर उड़ानों की शुरूआत के बाद से दरभंगा में हवाई यातायात 21,66,567 यात्रियों को पार कर गया है। दरभंगा हवाई अड्डा भारतीय वायुसेना के अधीन है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारतीय वायुसेना द्वारा पट्टे पर ली गई 4.72 एकड़ भूमि पर एक अंतरिम सिविल एन्क्लेव कार्यरत है। यहां 2.27 करोड़ रुपये की लागत से व्यू कटर एवं रन-वे फेंसिंग का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। वर्तमान में संचालित इस एयरपोर्ट से प्रतिदिन 1,500 यात्री जाते हैं, जिसे बढ़ाकर 8,000 किया जाना है। वर्तमान में 10 विमानों की सेवा प्रतिदिन संचालित है, जिसे बढ़ाकर 50 किया जाना है। वर्तमान में रनवे 9,000 फीट है, जिसे बढ़ाकर 12000 फीट करना है। वर्तमान 1,400 वर्गमीटर टर्मिनल भवन का विस्तार 51800 वर्गमीटर में किया जाना है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक पूर्वी क्षेत्र निवेदिता दूबे ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।



## स्पीड न्यूज

### एक नोट एक वोट मुहिम की शुरुआत

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने अपने आवास से एक नोट एक वोट मुहिम की शुरुआत की। जो कलश लेकर गिरिनाथ के समर्पित कार्यकर्ता 3 लाख जनता के बीच में जाएंगे। साथ ही आगामी विाानसभा चुनाव को लेकर अपने पक्ष में जनता को गोलबंद करेंगे। पूर्व मंत्री पिछले कई महीनो से भ्रष्टाचार के खिलाफ परिवर्तन यात्रा निकाल कर गांव गांव तक पहुंच रहे हैं।

### छठ पूजा समिति की बैठक आयोजित

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के मूर्ति टोला बगौना स्थित श्री हनुमान मंदिर गंगा तालाब छठ पूजा घाट परिसर में छठ पूजा को लेकर समिति एवं ग्रामीणों की बैठक सुदर्शन बियार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में महापर्व छठ पूजा में विधि व्यवस्था बनाने और श्री हनुमान मंदिर के गुंबद प्लास्टर कार्य पर चर्चा कर सर्वसम्मति से विगत वर्षों की भांति सूर्य भगवान की छठ पूजा घाट पर प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने, छठ घाट और मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाने, टेंट रौशनी साउंड का व्यवस्था करने, मंदिर के प्लास्टर कार्य को जारी रखने, चबूतरा के लिए लोहा का सीढ़ी बनवाने, सूर्य भगवान प्रतिमा चबूतरा पर स्टील का टेंट लगाने का निर्णय लिया गया।

### कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव में रविवार को झामुमो प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में कार्यकर्ता मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो नेता ताहिर अंसारी एवं दीपक प्रताप देव की उपस्थिति में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा छोड़कर 300 लोगों ने झाममो का दामन थामा। ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव ने सभी को पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

### गढ़वा विस सीट से सत्येंद्र को मिला टिकट

**गढ़वा।** भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस सूची में गढ़वा विधानसभा सीट से सत्येंद्र नाथ तिवारी को टिकट मिला है। इसके अलावा, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही और विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी को भी उम्मीदवार घोषित किया गया है। भाजपा की यह सूची चुनावी तैयारियों के तहत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें कई रणनीतिक पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। गढ़वा विधानसभा सीट पर भाजपा के कई प्रत्याशी टिकट की दौड़ में थे, जिससे यह सीट हट सीट मानी जा रही थी।

### 20वीं प्रतिभा खोज परीक्षा में 3000 प्रतिभागी सम्मिलित

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा आयोजित 20वीं प्रतिभा खोज परीक्षा में विभिन्न परीक्षा केंदों पर 3000 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। पूरे जिले में मात्र 21 परीक्षार्थी ही अनुपस्थित रहे। परीक्षा की खास बात यह रही की सभी समूहों के लिए एक साथ परीक्षा का आयोजन जिले के गढ़वा, रंका, चिनिया, बिशुनपुरा, नगर उंटारी, मझिआंव और मेराल के परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक किया गया। कुल 112 शिक्षकों ने वीक्षण कार्य कर इस परीक्षा को सफल बनाया।

### मवेशी तस्करी के आरोप में 6 गिरफ्तार

**कटिहार।** कटिहार यातायात डीएसपी सद्दाम हुसैन ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई में मवेशी तस्करी के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया और 33 जिंदा और 3 मृत मवेशी जब्त किए। पुलिस ने बताया कि दो मिनी ट्रक, जिनमें मवेशी लदे हुए थे, को लाभा चेक पोस्ट के समीप एनएच 81 मुख्य सड़क पर रोका गया। ट्रकों में लदे मवेशी सेमापुर से पश्चिम बंगाल की ओर जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए लोगों में सोयबूर रहमान, राजुल हक, सरुख खान, मो यूनुस, मो अशरफुल और मोहम्मद करीम शामिल हैं।

## 16वें शहादत दिवस पर याद किये गये शहीद अभिषेक

**अररिया।** छत्तीसगढ़ में 20 अक्टूबर 2008 को शहीद हुए अभिषेक कुमार सिंह की 16वीं शहादत दिवस पर रविवार को उनके पैतृक गांव शंकरपुर स्थित स्मारक स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साह,एसएसबी 56वीं बटालियन के उप कमांडेड पूर्णेन्दु प्रभाकर,आरक्षी हिमांशु कुमार,संतोष कुमार,अमिचंद्र कुमार,सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र मुजफ्फरपुर के एसआई जीडी हरिशंकर प्रसाद सिंह, कांस्टेबल अंकुर कुमार,प्रेम कुमार, अनिल कुमार, भरगामा थानाध्यक्ष राकेश कुमार, एसआई दीपक कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रिंस विक्टर यादव सहित उनके परिजनों एवं ग्रामीणों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद की मां विभा देवी, छोटे भाई रौशन कुमार सिंह ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके शहादत को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साह ने कहा कि शहीद अभिषेक सिंह की शहादत युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं एसएसबी 56वीं बटालियन के उप कमांडेट पूर्णेन्दु प्रभाकर ने कहा कि अभिषेक सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# आखिरी सांस तक नहीं रुकेगी हिंदू स्वाभिमान यात्रा : गिरिराज



एजेंसी

**पूर्णिया।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पूर्णिया में हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पॉलिटेक्निक चौक स्थित मनसिद्धि नाथ मंदिर से निकली यात्रा में उन्होंने कहा कि जब तक उनके शरीर में एक बूंद भी खून बाकी है, यात्रा जारी रहेगी। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का बिना नाम लिए उन्होंने कटाक्ष करते हुए गिरिराज ने कहा, यात्रा रोकने के लिए कुछ लोग अपनी लाश बिछाने की बात कर रहे थे।

वही लोग लॉरेंस बिश्नोई को दो घंटे में खत्म करने की बात करते थे, आज कहां हैं? राहुल-प्रियंका पर तीखा प्रहार करते हुए मंत्री ने कहा, कांग्रेस-राजद देश में गृह युद्ध चाहते हैं। उन्हें क्या फर्क पड़ता है, वो तो भागकर इटली चले जाएंगे। हमें यहीं जीना-मरना है। ओवैसी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जब भाईजान मुस्लिम को इकट्ठा करने आते हैं, तब किसी के पेट में दर्द नहीं होता। कोई लाश नहीं गिराता।

सीमांचल में एनआरसी और जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग करते हुए गिरिराज ने कहा कि क्षेत्र में लव जिहाद और लैंड जिहाद चल रहा है।

बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा भी उठाया। यात्रा में योगी आदित्यनाथ का विशेष रथ शामिल रहा। विश्व हिंदू युवा वाहिनी की बहनें पारंपरिक वेश में नजर आईं। करीब 5 हजार लोगों ने यात्रा में हिस्सा लिया। उन्होंने बनमनखी विधायक कृष्ण कुमार ऋषि एवं पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका से भरे मंच पर कहा कि आप हिन्दू हैं। आप स्टेज से कहें कि मुझे मुसलमानों का वोट नहीं चाहिए। दोनो विधायकों ने खड़े होकर अपने अपने दोनो हाथ खड़े किए और सहमति जताते हुए जय श्री राम का नारा लगाया।

शनिवार शाम से ही पूर्णिया में सक्रिय गिरिराज ने दिवानगंज में भव्य स्वागत के बाद मनसिद्धिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाड़ीहाट में लक्ष्मी पूजा उत्सव में शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में यह यात्रा निकाली गई, जिसे सभी हिंदू संगठनों का समर्थन मिला।

## विधायक आलोक रंजन ने सड़क निर्माण का शिलान्यास किया

**सहरसा।** मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विधायक आलोक रंजन द्वारा रविवार को विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया गया। बीते दिनों विधायक आलोक रंजन द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत उन सभी सड़क मार्गों की सूची सौंपी गई थी। आमजन के लिए आवागमन में सुविधा की दृष्टि से जिनका निर्माण अति आवश्यक है। विधायक डा रंजन ने बताया कि आज उन्हीं सड़क मार्गों में से कुछ मार्गों का शिलान्यास किया और इन सड़कों के निर्माण कार्य के पूरा होने से जल्द ही ग्रामवासियों को आवागमन में जितनी भी बाधाओं का सामना करना पड़ा रहा था, वे सारी मिट जाएंगी।इन सड़क मार्गों में एस एच से परसाहा, कहरा घनश्याम झा के घर से सियाराम महतो के घर होते बाबा बुल्केश्वर मंदिर, बनगाँव मंजूरी खा ए आर से मोहन ठाकुर के घर भाया सीता देवी पोखर से लक्ष्मीनिया घाट, फुनगी बांध से मिसिंग लिंक, एसएच 22 से मुरली ठाकुरबाड़ी, सहरसा सोनवर्षा रोड से धकजरी गाँव से भरौली, पटुआहा एन एच 107 तिलावे पेट्रोल पम्प से पटुआहा पीएमजीएसवाय तक कुल सात पथ शामिल हैं।

# शराब लोड ट्रक पलटा, 450 पेटी शराब जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में उत्तर प्रदेश नम्बर की ट्रक में लोड शराब पुलिस को देख भागने के क्रम में पलट गया। ट्रक पर करीब 40 लाख का 700 पेटी शराब लोड था। इसमें से 250 पेटी नष्ट हो गया।

रविवार को घटना की जानकारी देते हुए गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे ने बताया कि सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आगामी विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए उत्तर प्रदेश की तरफ से अवैध विदेशी शराब की एक बड़ी खेप आने वाली है। प्राप्त सूचना पर गढ़वा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल लातदाग पेट्रोल पंप के पास नाका लगाकर वाहनों की चेकिंग करने लगी। इसी क्रम में एक ट्रक (यूपी 22 एटी 9180) को रुकने का इशारा किया। लेकिन पुलिस को देखते ही ट्रक चालक गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा। पुलिस एवं उत्पाद विभाग के टीम उक्त ट्रक का पीछा किया। इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर गोंदा के पास पलट गया।

पुलिस एवं उत्पाद विभाग की टीम घटनास्थल पर जबतक पहुंची तबतक ट्रक चालक फरार हो गया। ट्रक पलटने के कारण 250 पेटी विदेशी शराब नष्ट हो गया जबकि 450 पेटी शराब को जब्त किया गया।

# नितीश एवं अर्चिता डे स्टेट चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित बांन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खेले गये मैचों में अंडर 17 बालक वर्ग में गढ़वा के नितीश कुमार मेहता ने गढ़वा के हीं अनिमेश कुमार पाण्डेय को 4-1 से, पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे ने गढ़वा के अंजली कुमारी को 4-1 से जबकि अन्डर 15 बालक वर्ग के मुकाबले में रांची के आलिशाद खान ने रांची के ही अर्थ घोष को 3-2 से हराकर चैंपियन बना। जूनियर अंडर 17 बालक वर्ग के सेमीफाइनल में गढ़वा के अनिमेश कुमार पाण्डेय ने गढ़वा के ही अभिजीत यादव को 4-0 से दूसरे सेमीफाइनल में गढ़वा के नितीश कुमार मेहता ने पूर्वी सिंहभूम के सोमिल महतो को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एवं महिला वर्ग के टीम चैंपियनशिप का एवं डबल्स मुकाबले के विजेता खिलाड़ी को पुरस्कार गढ़वा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कुमार निशांत सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद जितेंद्र कुमार सिन्हा, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय सहित सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रदान किया। मौके पर झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, सचिव समरजीत सिंह, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, संजय सोनी, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, अरविंद तिवारी, गुड्डू तिवारी, सिस्टर रौशमा, चंद्रभूषण सिन्हा, रविंद्र जायसवाल, प्रिंस सोनी, नंदकुमार गुप्ता, अजय ठाकुर, संजय सिंह, अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, मोजीबुद्दीन खान, अयोध्या ठाकुर, अमोद कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित थे।



पुरस्कार के साथ विजेता खिलाड़ी, अतिथि और संघ के पदाधिकारी

# स्वयंभू अध्यक्ष व अन्य कर्ताधर्ता का सतबहिनी झरना तीर्थ में पूजा पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड अंतर्गत शिवपुर पंचायत में एक तथाकथित संस्था व उसके स्वयंभू अध्यक्ष व अन्य कर्ताधर्ता का सतबहिनी झरना तीर्थ में पूजा पर रोक अपने आप में राजनीति से प्रेरित आरोप है। जो एक नेता विशेष के पक्ष में दिया गया बयान के अलावे कुछ नहीं।

इस तरह का आरोप आचार संहिता का उल्लंघन है। जिससे संबंधित कार्रवाई संभावित है। जब वहां पूजा पर रोक है तो प्रतिदिन स्थानीय व 5-7 गाड़ियों में बाहर से आकर जो लोग सभी मंदिरों में पूजा अर्चना किया करते हैं वह क्या है? लोक आस्था के महापर्व छठ में करीब एक लाख निराहार व्रति जो यहां सामुहिक महा अनुष्ठान करने आ रहे हैं उसे पूजा नहीं कहते हैं क्या? इन बोलते तथ्यों के आलोक में नाम मात्र की सेना का आरोप समझ से परे है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के रहते आपने एक बार भी आपकी गंगा आरती व भक्ति जागरण करने की जुर्रत नहीं की है। जिस महाव्रत में स्वयं माता बहनों की गूंज रहे छठ गीतों से भक्ति की धारा प्रवाहित हो रही हो वहां उन्हें डिस्टर्ब करने के लिए आपके जागरण नामक भोंडा प्रदर्शन करने की क्या जरूरत है। यह आपके शागिर्दो को स्वीकार हो सकता है समिति को नहीं। आपको बहुत पहले समिति का संकल्प बता दिया गया है कि अन्य तरह का हित साधने के लिए यहां किसी का झंडा बैनर लगाकर कुछ नहीं कर सकते तो फिर बार बार ओर करने की क्या जरूरत है। रह गई किसी के पृष्ठ पोषण के लिए राजनीति करने की बात तो टांगे उपर करके उड़ने से उसपर आसमान नहीं रूका करता। यह तो आलाकमान ने भी बखूबी देख समझ लिया है। रह गई समिति के सम्मानित अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह पर कटाक्ष करने की बात तो जो सतबहिनी में उनके जैसा निजी संपति के 30 लाख रुपए खर्च करके यहा का विकास करके बोलता तो शोभा देता। उार का बयान काहे का बेहतर होता समिति का विरोध करनेवाले आईना देखकर बात करते। सतबहिनी झरना तीर्थ में बैठक करके उक्त बयान देनेवालों में अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं. मुरलीधर मिश्र, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, जयकिशुन राम, प्रियरंजन सिन्हा, गोरखनाथ सिंह, आतिश कुमार सिंह, सुदर्शन तिवारी, हरिनाथ चंद्रवंशी, करंजू पाल, देवीदयाल राम सहित कई लोगों का नाम शामिल है।



## खबर एक नजर में

### कार ने सात को रौंदा, पांच गंभीर

**पटना।** पटना के वीरचंद पटेल पथ पर एक तेज रफ्तार कार ने रविवार को कई ई-रिक्शा और रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में करीब सात लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालात गंभीर है। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। ड्राइवर मौके से फरार हो गया। कार में बैठे अन्य लोगों पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। कोतवाली थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। ड्राइवर मौके से फरार हो गया। कार में बैठे अन्य लोगों पर स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। कोतवाली थाने के पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है।

### उत्तर बिहार के लिए गेम चेंजर साबित होगा दरभंगा एयरपोर्ट : संजय कुमार झा

**पटना।** दरभंगा एयरपोर्ट पर बनने वाले नये सिविल एन्क्लेव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को काशी में सिगरा स्टेडियम से वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट का विकसित स्वरूप आने वाले समय में मिथिला सहित संपूर्ण उत्तर बिहार के लिए गेम चेंजर साबित होगा। संजय झा ने कहा कि आज का दिन मिथिला सहित संपूर्ण उत्तर बिहार के लोगों के लिए बेहद खुशी का दिन है। दरभंगा एयरपोर्ट के नये टर्मिनल बिल्डिंग के शिलान्यास के लिए हम सभी मिथिलावासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी के प्रति कोटि-कोटि आभार व्यक्त करते हैं। संजय कुमार झा ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट के विकास के प्रति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की शुरू से ही व्यक्तिगत अभिरुचि रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू 'उड़ान योजना' के तहत बिहार को दो एयरपोर्ट मिले थे। इसके लिए जमीन एवं कई अन्य सुविधाएं राज्य सरकार को उपलब्ध करानी थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने ही तय किया कि इनमें से एक एयरपोर्ट मिथिला के केंद्र दरभंगा में बनेगा।

### राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता संवाद सह सम्मान समारोह

**अररिया।** रानीगंज के कलावती गर्ल्स हाई स्कूल परिसर में राष्ट्रीय जनता दल व्यवसायिक प्रकोष्ठ की ओर से रविवार को प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता संवाद सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार की अध्यक्षता एवं कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष कुंदन मेहता के नेतृत्व में हुआ। मौके पर प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पूर्वे ने कहा कि व्यवसायियों को जोखिम सहने की अपार साहस होती है। बीस वर्षों से काबिज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व्यवसयियों के साथ षड्यंत्र के तहत उनकी मूल पहचान व्यापार को समाप्त करने की कोशिश में लगी है। जहां बिहार में उद्योग धंधा लगाना था,वहीं छोटे से छोटे शहरों में बड़े-बड़े पूंजीपतियों का मॉल खड़ा करके छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों और दुकानदारों की हकमारी की जा रही है। खुलेआम व्यापारियों को दुकान पर जाकर गोली मार दिया जाता है और धमकी दी जाती है। रंगदारी मांगा जाता है और चलते रोड पर भी छिनतई की जाती है। व्यावसायिक समाज बिहार में असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ व्यवसायियों के साथ मजबूती से खड़ी है। कार्यक्रम में राजद प्रदेश सचिव मेदिनी कृष्णा उर्फ टीपू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रति पिछड़ा प्रकोष्ठ अविनाश आनंद ने व्यवसायियों से एकजुटता की अपील की।

### टीम सेवक बंधु का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**अररिया।** नरपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को टीम सेवक बंधु की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मनोज यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर टीम सेवक बंधु के अध्यक्ष नीरज भगत ने बताया कि यह एक सामाजिक संस्था है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता के कार्य के साथ जरूरतमंदों के लिए हमेशा रक्तदान कर रक्त आपूर्ति करने का काम करती है।साथ ही आर्थिक रूप से लाचार लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा और स्वरोजगार के लिए भी नित कार्य करती रहती है। उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से दो महीने में तीसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।वहीं टीम सेवक बंधु के सचिव निशांत झा ने बताया कि इस शिविर मे पूर्णिया सदर ब्लड बैंक को 30 यूनिट रक्त का संग्रह कर दिया गया। कोषाध्यक्ष राहुल यादव के अनुसार सीमांचल में सबसे ज्यादा रक्त की जरूरत पूर्णिया में ही पड़ती है और टीम के सभी सदस्य मिलकर इस प्रयास में रहते है की पूर्णिया में टीम का पुरा पुरा स्टॉक रहे, जिससे टीम द्वारा उन सभी की मदद की जा सके जो सेवक बंधु को आशा भरी नजरों से देखते हैं।संस्था टीम सेवक बंधु का हर एक सदस्य ग्रामीण क्षेत्र में हर घर रक्तदाता तैयार करने के लिए अनवरत संघर्ष करती रहेगी।

### सीमांचल अधिकार मंच का शिष्टमंडल एसडीएम और एसडीपीओ से की मुलाकात

**अररिया।** सीमांचल अधिकार मंच का एक शिष्टमंडल फारबिसगंज एसडीएम एवं एसडीपीओ से मिलकर 26 अक्टूबर को निकलने वाले जुलूस व सभा की जानकारी दी। मंच के सदस्यों ने कहा कि यति नरसिंहानंद एवं उनके चेलों के द्वारा पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे पैगम्बर मुहम्मद के मानने वाले करोड़ों लोगो की भावना आहत हुई है। और अब तक गिरफ्तारी नही हुई है। जिससे आहत होकर सीमांचल अधिकार मंच 26 अक्टूबर को सुबह 08 बजे स्थानीय कर्बला मैदान से जुम्मन चौक,सुभाष चौक,पोस्ट ऑफिस चौक, सदर रोड होते हुए मौन जुलूस गाँधी फील्ड द्विजदेनी हाई स्कूल मैदान पहुंचकर सभा मे तबदील होगी। जहाँ सभा मे गुस्ताख ए रसुल की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। वही मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद ने बताया कि जुलूस में किसी भी प्रकार की कोई नारेबाजी नही की जाएगी। जुलूस बिलकुल शांतिपूर्ण एवं संवेधानिक तरीके से निकलेगा और सभी के हाथों में तख़्ती एवं तिरंगा झंडा होगा। वही मौके पर मंच के अध्यक्ष शाहजहां शाद सचिव एकराम अंसारी, राशिद जुनैद, मौलाना आस मोहम्मद, खत्ताब अंसारी, अफजल अंसारी, मौजूद थे।

### मेडिस्टार में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवादा।** नवादा बाईपास में अवस्थित मेड़ीस्टार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में रविवार को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 500 रोगियों का मुफ्त इलाज किया गया । मुफ्त चिकित्सा शिविर में पटना तथा कई मेडिकल कॉलेज के कई विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए ।अस्पताल के निदेशक डॉक्टर कुणाल कुमार तथा ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉक्टर प्रहलाद कुमार ने बताया कि जनता की जरूरत को देखते हुए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अस्पताल प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार उर्फ निक्कू सिंह ने बताया कि डॉ प्रहलाद कुमार, डॉक्टर कुणाल कुमार, डॉक्टर निहारिका राय,डॉ आशा कुमारी, डॉ खुशबू कुमारी, डॉक्टर पुष्कर चंद्र, डॉ विपुल कुमार, डॉ सोनम गुप्ता, डॉ कुमार गौरव, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ रवि कुमार, डॉ अभिषेक आनंद ने हिस्सा लिया। सभी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नवादा जिले तथा बाहर से आए हुए 500 रोगियों का मुफ्त इलाज कर उनके बीच मुफ्त दवाओं का भी वितरण किया।इस कार्य में निक्कू सिंह के साथही प्रिंस राज सहित अस्पताल के कर्मचारी सक्रिय दिखे। डॉ कुणाल ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में भी मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। ताकि जिले के गरीब रोगियों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करा रोग मुक्त समाज बनाया जा सके। प्रसिद्ध ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉक्टर प्रहलाद कुमार ने ऑर्थो से संबंधित रोगों की जानकारी देते हुए बचाव के भी रास्ते बताए।

स्पीड न्यूज

## राजस्थान में बस ने टेंपो में मारी टक्कर, आठ बच्चे समेच 12 की मौत

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बस ने टेम्पो में टक्कर मार दी जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में टेम्पो चालक घायल है, उसे धौलपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में शादी समारोह में गए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे शामिल थे। देर रात सभी टेम्पो में सवार होकर बाड़ी लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास धौलपुर से जयपुर जा रही तेज रफ्तार बस ने टेम्पो को टक्कर मार दी।

## हिंदी में डब होगी तमन्ना भाटिया की फिल्म ओडेला 2



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2, हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म ओडेला 2 को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आयेंगी।

## बाबा सिद्दीकी हत्या में दसवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के बहुचर्चित पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले के दसवें आरोपी को पुलिस ने रविवार को बेलापुर से गिरफ्तार किया है। इसके बाद मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आरोपित भागवत ओमसिंह (32) को 26 अक्टूबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। भागवत ओमसिंह पर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हथियार सप्लाई करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार भागवत ओमसिंह उदयपुर का मूल निवासी और मुंबई के बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में रहता था। हाल ही में भागवत ओमसिंह ने बेलापुर में रहना शुरू किया था। इस मामले में पुलिस अब तक गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद आज भागवत सिंह को नवी मुंबई के बेलापुर से गिरफ्तार किया है।

## इपीएफओ ने 18.53 लाख सदस्य जोड़े

**नयी दिल्ली ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अगस्त 2024 में 18.53 लाख अंशधारक जोड़े हैं जो अगस्त 2023 की तुलना में 9.07 प्रतिशत अधिक हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने रविवार को बताया कि अगस्त 2024 में ईपीएफओ ने लगभग 9.30 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया है जो अगस्त 2023 की तुलना में 0.48 प्रतिशत ज्यादा है।

## अजय यादव ने कांग्रेस से इस्तीफा वापस लिया

**चंडीगढ़।** तीन दिन पूर्व कांग्रेस से इस्तीफा देने की घोषणा करने वाले हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने अपना इस्तीफा वापस लेते हुए कहा कि वह जन्म से कांग्रेसी हैं और अंतिम सांस तक कांग्रेसी रहेंगे। कांग्रेस के अन्य ओबीसी मोर्चा नेता के बेटे चिरंजीव ने हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में कॉंग्रेस के टिकट पर रेवाड़ी से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे।

# भाजपा के टिकट पर चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के रिश्तेदार लड़ेंगे चुनाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

- दो पूर्व सीएम खुद लड़ रहे हैं चुनाव
- दो पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नियों को मिला टिकट
- चंपई सोरेन के बेटे और रघुवर दास की बहु को भाजपा ने बनाया प्रत्याशी
- बीमार विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी को सिंदरी से लड़ेंगी




**रांची।** भाजपा की सात महिला उम्मीदवार परिवार की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगी। झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सूबे के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों के परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। दो पूर्व मुख्यमंत्री खुद चुनाव लड़ रहे हैं। दो पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नियों को भाजपा का टिकट मिला है, तो एक पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री की बहू को विधानसभा चुनाव लड़ने का मौका मिला है। एक बीमार विधायक की पत्नी और एक पूर्व विधायक के बड़े भाई को भी टिकट मिल गया है। भाजपा ने तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को इस बार पोटका विधानसभा सीट से टिकट दिया है। मेनका सरदार का टिकट काटकर उनको पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। निर्दलीय चुनाव जीतकर कांग्रेस के सहयोग से मुख्यमंत्री बने मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने जगन्नाथपुर सीट से टिकट दिया है। गीता कोड़ा ने सिंहभूम लोकसभा सीट से संसदीय चुनाव भी लड़ा था। जोबा माझी ने उन्हें पराजित कर दिया था।

पहली बार झारखंड में पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की पुत्रवधू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। झारखंड के एक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से टिकट दिया है। बीमार विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी को सिंदरी विधानसभा से चुनाव लड़ने का मौका भाजपा ने दिया है। बाघमारा विधानसभा सीट से लगातार तीन बार जीतने वाले ढुलू महतो अब धनबाद के सांसद बन चुके हैं। उनकी जगह भाजपा ने उनके बड़े भाई शत्रुघ्न महतो को बाघमारा से अपना उम्मीदवार बनाया है। ढुलू महतो ने बाघमारा विधानसभा सीट पर जलेश्वर महतो को पराजित किया था। जामताड़ा से भाजपा ने सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले सीता सोरेन दुमका से लोकसभा चुनाव लड़ चुकी हैं। वे झामुमो के टिकट पर जामा से विधायक भी रह चुकी हैं। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू भी हैं। इस हिसाब से राजनतिक विरासत को भी संभालने की जिम्मेदारी उन पर है।

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस किया है। 66 प्रत्याशियों की सूची में भाजपा ने 12 महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा कुल 68 सीटों पर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है। इसमें अभी 66 प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। सूची में कोडरमा से नीरा यादव, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह, जमुआ से मंजू देवी, गांडेय से मुनिया देवी, सिंदरी से तारा देवी, पोटका से मीरा मुंडा के नाम शामिल हैं। इसके अलावा जमशेदपुर पूर्वी से पुर्णिमा दास साहू, चाईबासा से गीता बलमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, जामताड़ा से सीता सोरेन, छतरपुर से पुष्पा देवी को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को भी टिकट दिया है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को भी पार्टी ने टिकट दिया है।

## भाजपा की पहली सूची में आधी आबादी पर विशेष फोकस



चाईबासा से गीता बालमुचू, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, मझगांव से बड़कुंवर गागराई, चक्रधरपुर से शशी भूषण सामड को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। मनोहरपुर सीट आजसू के खाते में गयी है। आजसू भी सोमवार तक अपना प्रत्याशी घोषित कर देगी। भाजपा ने जिन चार प्रत्याशियों पर दांव खेला है उनमें गीता बालमुचू को छोड़कर अन्य तीनों प्रत्याशी पहले भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। गीता कोड़ा जगन्नाथपुर विधानसभा से और बड़कुंवर गागराई मझगांव विधानसभा से दो-दो बार विधानसभा चुनाव जीते हैं जबकि शशी भूषण सामड चक्रधरपुर से एक बार विधायक बन चुके हैं।

# हिजबुल्लाह को चुकानी होगी कीमत

एजेंसी

## घर पर ड्रोन हमले से भड़के नेतन्याहू ने दी खुली चेतावनी



**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह द्वारा उनकी और उनकी पत्नी को मारने की कथित कोशिश को एक गंभीर गलती बताया। शनिवार को लेबनान की तरफ से आए एक ड्रोन ने कथित तौर पर उत्तरी तटीय शहर कैसरिया में नेतन्याहू के घर को निशाना बनाया। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा हमले के समय घर पर नहीं थे और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कोई भी इजरायल के नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। नेतन्याहू ने कहा कि हम आतंकवादियों और उन्हें भेजने वालों का सफाया करना जारी रखेंगे। हम गाजा से अपने बंधकों को वापस लाएंगे। और हम उत्तरी सीमा पर रहने वाले अपने नागरिकों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापस लाएंगे। नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल हमारे सभी युद्ध उद्देश्यों को प्राप्त करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे क्षेत्र में सुरक्षा वास्तविकता को बदलने के लिए दृढ़ संकल्प है। इजरायली पीएम पर यह हमला ऐसे समय में हुआ जब हाल ही में इजरायली सेना ने हमास लीडर याह्या सिनवार को बुधवार (16 अक्टूबर) को मार गिराया। इजरायल के मुताबिक सिनवार पिछले साल के 7 अक्टूबर अटैक का मुख्य रणनीतिकार था।

## उत्तरी गाजा में इजरायल की एयर स्ट्राइक, 73 की मौत

उत्तरी गाजा के एक शहर बेत लाहिया पर इजरायली हमले में शनिवार शाम को कम से कम 73 फिलिस्तीनी मारे गए, यह जानकारी एन्क्लेव के सरकारी मीडिया कार्यालय ने दी। हमले में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए और कई लोग लापता हैं। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी के डॉक्टर्स ने बताया कि इजरायली एयर स्ट्राइक ने एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनाया और आस-पास के कई घरों को नुकसान पहुंचाया। सरकारी मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने बेत लाहिया में भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों पर बमबारी की, साथ ही कहा कि हताहतों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मिडिल ईस्ट आई ने अल जजीरा की रिपोर्ट के हवाले से जानकारी दी कि इस हमले ने शहर के पूरे पश्चिमी हिस्से को हिलाकर रख दिया और लोग जब अंदर थे, तब इमारतें ढह गईं। निवासियों को अपने घर छोड़ने की कोई चेतावनी नहीं दी गई। कई लोग मलबे के नीचे फंस गए, बेत लाहिया में कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू साफिया ने कहा कि हमले में घायल हुए कई लोग संसाधनों, चिकित्सा आपूर्ति और विशेष कर्मियों की भारी कमी के कारण नहीं बच पाए।

# भाजपा ने महाराष्ट्र की 99 सीटों पर घोषित किये प्रत्याशी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। बीजेपी ने पहली सूची में कुल 99 सीटों के प्रत्याशी तय कर दिए हैं। पहली सूची में राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंगल प्रभात लोढ़ा और राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, सुनील मुनगंटीवार के साथ विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार का नाम शामिल है। बीजेपी ने 99 उम्मीदवारों में कुल 13 महिलाओं को टिकट दिया है। बीजेपी ने महाराष्ट्र के साथ-साथ पहली सूची में मुंबई की 14 सीटों के लिए उम्मीदवार तय कर दिए हैं। मुंबई में कुल सीटों की संख्या 36 है। बीजेपी ने थाने के अंदर गोली चलाने वाले विधायक गनपत गायकवाड़ का टिकट काट दिया है। बीजेपी ने कल्याण पूर्व सीट से सुलभा कालू गायकवाड़ को उम्मीदवार बनाया है। वह गायकवाड़ गणपत गायकवाड़ की पत्नी हैं। फरवरी 2024 में बीजेपी के विधायक गणपत गायकवाड़ ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता महेश गायकवाड़ को गोली मारी थी। अशोक चव्हाण की बेटी को टिकट : महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की बेटी को बीजेपी भोकर सीट से टिकट दिया है। बीजेपी ने चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को मैदान में उतारा है। अशोक चव्हाण लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। वह अभी बीजेपी के राज्यसभा सदस्य हैं। 2019 में अशोक चव्हाण भोकर से सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। बीजेपी में शामिल होने से पहले उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस सीट से उनकी पत्नी अनीता चव्हाण भी विधायक रह चुकी हैं। बीजेपी ने 99 कैंडिडेट की सूची में कुल 13 महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें श्वेता महाले, श्रीजया अशोक चव्हाण, मेघना बोर्डिकर, अनुराधा चव्हाण, सीमाताई हिरे, सुलभा गायकवाड़, मंदा म्हात्रे, मनीषा चौधरी, विद्या ठाकुर, माधुरी मिसाल, मोनिका राजले, प्रतिभा पचपुले, नमिता मूंदड़ा का नाम शामिल है। बीजेपी के राज्य में 150 से अधिक सीटों पर लड़ने की उम्मीद की जा रही है। पिछली बार बीजेपी ने 105 सीटें जीती थीं। बीजेपी ने पहली सूची में मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार की सीट घोषित कर दी है। पार्टी ने उन्हें एक बार फिर से वांद्रे पश्चिम से ही उम्मीदवार बनाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के बेटे और पिछले काफी समय से अपने बयानों को लेकर एआईएमआईएम के निशाने पर चल रहे नितेश राणे को फिर से कंकावली से पार्टी ने टिकट दिया है। पिछली बार बीजेपी ने बावनकुले को टिकट नहीं दिया था। इस बार उन्हें कामठी सीट कैंडिडेट बनाया है। बीजेपी नेता और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के बेहद करीबी मंत्री गिरीश महाजन को बीजेपी ने फिर जामनेर से उतारा है।

**13 महिलाओं को मिला टिकट**
**नागपुर दक्षिण-पश्चिम से लड़ेंगे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस**



## बहराइच में बुलडोजर कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**बहराइच।** महाराजगंज बाजार में हुई हिंसा के बाद पीडब्ल्यूडी की ओर से मुख्य आरोपी समेत 23 लोगों के घरों को नोटिस जारी किया गया है। इस मामले में दिल्ली की एक संस्था ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मुख्य अभियुक्त की बेटी की ओर से वाद दायर किया है। रविवार शाम को सुनवाई करते हुए लखनऊ हाईकोर्ट ने सरकार से तीन दिन में पक्ष रखने का निर्देश दिया है। वहीं बुलडोजर की कार्रवाई पर 15 दिन के लिए रोक लगा दी है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान जमकर हिंसा हुई थी। जिसमें रामगोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके भड़की हिंसा में कई लोगों के दुकान और मकान जद में आए थे। इसके बाद पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की ओर से महराजगंज के 23 ग्रामीणों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया था। नोटिस का जवाब न मिलने पर सभी के मकान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। इसको देखते हुए दिल्ली की एपीसीआर संस्था के मुख्य कार्यकारी सैयद महफूजुर रहमान ने लखनऊ हाई कोर्ट में अधिवक्ता सौरभ शंकर श्रीवास्तव की ओर से वाद दायर करवाया था।

## भारत और ओमान की नौसेना ने किया समुद्री युद्धाभ्यास



**नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना के समुद्री जहाज आईएनएस त्रिकंद और डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान ने ओमान की रॉयल नेवी के साथ द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास किया है। भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास का नाम नसीम-अल-बह है।**

# मुकेश अंबानी ने केदारनाथ व बद्रीविशाल के किए दर्शन

एजेंसी

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने 5.02 करोड़ रुपये दिया दान



**गोपेश्वर।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक व प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर दर्शन किये। इस वर्ष बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम के लिए अंबानी ने पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है। रविवार को प्रातः नौ बजे मुकेश अंबानी बद्रीनाथ धाम पहुंचकर सीधे मंदिर में दर्शन किये। उन्होंने वेदपाठ पूजा संपन्न की। उसके पश्चात मंदिर परिसर स्थित माता लक्ष्मी मंदिर में भी दर्शन किये। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार तथा मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। बद्रीनीथ के दर्शन के बाद उद्योगपति मुकेश अंबानी दोपहर पौने ग्यारह बजे केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंचे। केदारनाथ धाम में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी का स्वागत किया।अंबानी ने केदारनाथ मंदिर में रूद्राभिषेक पूजा की और देश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। पुजारी शिवशंकर लिंग, केदारनाथ मंदिर प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, धर्माधिकारी औंकार शुक्ला, अरविंद शुक्ला, कुलदीप धर्म्वाण सहित तीर्थ पुरोहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि उद्योगपति मुकेश अंबानी प्रत्येक यात्रा वर्ष पारिवारिक सदस्यों के साथ बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम दर्शन करने आते हैं। उन्होंने बताया कि अंबानी ने इस वर्ष बद्रीनाथ धाम तथा केदारनाथ धाम के लिए पांच करोड़ दो लाख रुपये की धनराशि का चेक मंदिर समिति को दानस्वरूप भेंट किया है।

## अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं हैरिसः ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने उन्हें गलत तरीके से नामित किया है।

ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में कहा कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। जिस तरह से उन्होंने उम्मीदवारी हासिल की। वे मुझे लोकतंत्र के लिए खतरा कहते हैं, है न वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। क्योंकि उन्हें उम्मीदवार भी नहीं होना चाहिए था, उन्हें उम्मीदवार को निष्पक्ष रूप से चुनना चाहिए था, न कि उन्हें सिर्फ इसलिए देना चाहिए था, क्योंकि वे राजनीतिक रूप से सही होना चाहते थे।उन्होंने हैरिस को इतिहास की सबसे खराब उपराष्ट्रपति बताते हुए कहा कि दुनिया उनका ठीक वैसे ही मजाक उड़ा रही है, जैसे वह वर्तमान अमेरिकी नेता जो बाइडेन पर हंसती है। बाइडेन की विफलता के बाद हैरिस राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बन गयीं।

